





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 328

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 14 सितंबर, 2024

# अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत, 103 दिन बाद जेल से बाहर आएंगे
- सुप्रीम कोर्ट बोला, पिंजरे के तोते वाली छवि से बाहर आए सीबीआई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दो याचिकाओं पर फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को नियमित जमानत देने का फैसला सुनाया। इस संबंध में न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने उनके फैसले पर सहमति जताई। कोर्ट ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के मुचलके और दो जमानत राशियों पर जमानत दी। सीबीआई की गिरफ्तारी से जुड़ी याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अपीलकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं थी। ईडी मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। ऐसे में अब उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने 103 दिन पहले यानी 2 जून को अंतरिम जमानत की मियाद पूरी होने के बाद सरेंडर किया था। माना जा रहा है कि वे आज ही जेल से बाहर आ सकते हैं। दरअसल, केजरीवाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी और जमानत से दिल्ली हाईकोर्ट के इनकार को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। पीठ ने पांच सितंबर को केजरीवाल की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख को 26 जून को गिरफ्तार किया था।



### 'असहयोग का मतलब आत्म-दोषी होना नहीं'

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने कहा कि जब केजरीवाल को पीएमएलए कानून के कठोर प्रावधानों के तहत जमानत मिल चुकी है तो उसी अपराध के संबंध में सीबीआई द्वारा उन्हें हिरासत में लेना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। सीबीआई ने 22 महीनों तक अपीलकर्ता (केजरीवाल) को गिरफ्तार करने की जरूरत महसूस नहीं की, लेकिन जब वह ईडी मामले में रिहाई के कगार पर थे, तो तब सीबीआई द्वारा जल्दबाजी में अपीलकर्ता की गिरफ्तारी समझ से परे है। जस्टिस भुइंया ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का सीबीआई द्वारा विरोध किए जाने पर कहा कि केजरीवाल द्वारा टालमटोल वाले जवाबों का हवाला देकर गिरफ्तारी और हिरासत को सही नहीं ठहराया जा सकता।

### 'जो बात कल तक आप कह रही थी, आज कोर्ट ने कह दी'

**आप नेता आतिशी ने कहा,** पिछले दो सालों में तमाम कोशिशों के बावजूद सीबीआई और सीबीआई इस कथित घोटाले में एक पैसा भी बरामद नहीं कर सकी। कोई सबूत नहीं थे फिर भी आप के सभी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। कल तक जो बात केवल आप कह रही थी, वही बात अब सुप्रीम कोर्ट ने कह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से कहा कि वह निष्पक्ष और तटस्थ रहे।

### '6 महीने संघर्ष वाले रहे, अब न्याय की जीत हुई'

आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, यह बहुत बड़ा फैसला है। 6 महीने के लंबे संघर्ष के बाद अरविंद केजरीवाल वापस लौट रहे हैं। पिछले 6 महीने आप परिवार, केजरीवाल परिवार और पूरे इंडिया के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं। आखिरकार न्याय की जीत हुई और सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के पक्ष में फैसला सुनाया है। उनकी रिहाई से आप मजबूत होगी। वह हरियाणा में चुनाव अभियान का नेतृत्व करेंगे।

### 'आज फिर सत्य की जीत'

मनीष सिसोदिया ने कहा कि झूठ और साजिशों के खिलाफ लड़ाई में आज पुनः सत्य की जीत हुई है। सिसोदिया ने आगे कहा, एक बार पुनः नमन करता हूं बाबा साहेब अंबेडकर जी की सोच और दूरदर्शिता को, जिन्होंने 75 साल पहले ही आम आदमी को किसी भावी तानाशाह के मुकाबले मजबूत कर दिया था। सिसोदिया ने कहा कि ये एक बार फिर साबित हो गया है कि अरविंद केजरीवाल जैसा सच्चा, ईमानदार, देशभक्त नेता इस देश में नहीं है। जिनको गिरफ्तार करने के लिए भाजपा ने हज़ारों तरह की साजिश रची। उन्हें जेल में डाला। आज सुप्रीम कोर्ट का हम धन्यवाद करते हैं जिनके कारण आज सच्चाई की जीत हुई है और झूठ का पर्दाफाश हुआ है।

### पहले जानते हैं आखिर क्या है शराब नीति घोटाला?

कोरोना काल के बीच दिल्ली सरकार ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया।

### जस्टिस कांत ने गिरफ्तारी को वैध माना

जस्टिस कांत ने कहा कि तर्कों के आधार पर हमने 3 प्रश्न तैयार किए हैं। क्या गिरफ्तारी अवैधता थी? क्या अपीलकर्ता को नियमित जमानत दी जानी चाहिए? क्या आरोप पत्र दाखिल करना परिस्थितियों में इतना बदलाव है कि उसे ट्रायल कोर्ट में भेजा जा सके? उन्होंने आगे कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करना कोई गलत बात नहीं है। हमने पाया है कि सीबीआई ने अपने आवेदन में उन कारणों को बताया है कि उन्हें क्यों ये जरूरी लगा। धारा 41ए का कोई उल्लंघन नहीं है। हमें इस तर्क में कोई दम नहीं लगता कि सीबीआई ने धारा 41ए सीआरपीसी का अनुपालन नहीं किया।

### जमानत देने का फैसला सुनाया

उन्होंने कहा कि जमानत पर हमने विचार किया है। मुद्दा स्वतंत्रता का है। लंबे समय तक कारावास आजादी से अन्याय के बराबर है। फिलहाल हमे लगता है कि केस का नतीजा जल्द निकलने की संभावना नहीं है। सबूतों और गवाहों से छेड़छाड़ को लेकर अभियोजन पक्ष की आशंकाओं पर विचार किया गया। उन्हें खारिज करते हुए हमने निष्कर्ष निकाला है कि अपीलकर्ता को जमानत दी जानी चाहिए।

### कोर्ट ने कुछ शर्तें भी लगाईं

कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता मामले के बारे में सार्वजनिक रूप से कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करेगा। ईडी मामले में लगाई गई शर्तें इस मामले में भी लागू होंगी। वह ट्रायल कोर्ट के साथ पूरा सहयोग करेगा।

### जांच कैसी शुरू हुई?

सीबीआई ने अगस्त 2022 में इस मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ नियमों के कथित उल्लंघन और नई शराब नीति में प्रक्रियागत गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की। बाद में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के संबंध में ईडी ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच शुरू कर दी।

### जस्टिस भुइयां ने सीबीआई की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए

जस्टिस भुइयां ने कहा कि गिरफ्तारी की आवश्यकता और समय पर मेरा एक निश्चित दृष्टिकोण है। इसलिए मैं इस दृष्टिकोण से सहमत हूं कि अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि ईडी मामले में अपीलकर्ता को नियमित जमानत दिए जाने के बाद ही सीबीआई सक्रिय हुई और हिरासत की मांग की। ईडी मामले में रिहाई के समय केजरीवाल को गिरफ्तार करने की सीबीआई की जल्दबाजी समझ से परे है, जबकि 22 महीने तक उसने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया। इस तरह की कार्रवाई गिरफ्तारी पर गंभीर प्रश्न उठाती है। न्यायमूर्ति भुइयां ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के समय पर सवाल उठाया और कहा कि एजेंसी का उद्देश्य ईडी मामले में उन्हें जमानत दिए जाने में बाधा डालना था। उन्होंने कहा कि सहयोग न करने का मतलब आत्म-दोषारोपण नहीं हो सकता। सीबीआई को ऐसी धारणा दूर करनी चाहिए कि वह पिंजरे में बंद तोता है,उसे दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद तोता नहीं है। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि केजरीवाल के गोलमोल जवाबों का हवाला देकर सीबीआई गिरफ्तारी को उचित नहीं ठहरा सकती और हिरासत में रखे नहीं रह सकती। जब केजरीवाल को ईडी मामले में जमानत मिल गई है तो उन्हें हिरासत में रखना न्याय की दृष्टि से ठीक नहीं होगा। जहां तक गिरफ्तारी के आधारों का सवाल है तो ये गिरफ्तारी की आवश्यकता को पूरा नहीं करते हैं। सीबीआई गिरफ्तारी को उचित नहीं ठहरा सकती है और टालमटोल वाले जवाबों का हवाला देते हुए हिरासत जारी रख सकती है। आरोपी को दोषपूर्ण बयान देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इन आधारों पर अपीलकर्ता को हिरासत में रखना न्याय का उपहास है, खासकर तब जब उसे अधिक कठोर पीएमएलए में जमानत दी गई है।

# दृढ़ इच्छाशक्ति, आपसी समन्वय और संवाद से महज दो वर्ष में इंसेफेलाइटिस पर पाया काबूः सीएम योगी

- डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- बोले, वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा प्रदेश
- पहली बार पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण करा रही केंद्र और राज्य सरकारः मुख्यमंत्री
- सीएम योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल-सर्टिफिकेट से किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें होती थीं। यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना-देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। यह सिस्टम की नाकामी थी। मैंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाया, जिसके बाद काम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफेसेलाइटिस पर लगाम लगाने के लिए गोरखपुर को एम्स दिया। वहीं 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर इसे खत्म करने की जिम्मेदारी मेरी हो गयी। इस पर काम शुरू किया गया और वर्ष 2019 में इस पर नियंत्रण पा लिया गया। उसी का परिणाम है कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ है। आज यहां पर मौत जीरो हो गयी हैं। यह दृढ़ संकल्प और आप सभी के सहयोग से हो पाया है, जबकि इसके खात्मे के बारे में पहले कोई सोच नहीं सकता था। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। सीएम योगी ने वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल-सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।




### अगले पांच वर्ष में खत्म हो जाएगी डॉक्टरों की कमी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश खुशहाल है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है। वहीं वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी आई तो टीम 11 का गठन कर काबू पाया गया। यह हमें इंसेफेलाइटिस के सफलतापूर्वक समाधान के बाद प्राप्त हुए अनुभव से संभव हुआ। कोविड-19 पर काबू पाने में इसी अनुभव का लाभ प्राप्त हुआ। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा है। पहली बार केंद्र और राज्य सरकार पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को बढ़ा रही है। आने वाले अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हम एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की तरफ बढ़ चुके हैं। प्रदेश के सभी पीएचसी, सीएचसी को डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही आरएमएल, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत अन्य संस्थानों को अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक मिलेंगे। इसके लिए हमें टीमवर्क के साथ काम करना होगा। आरएमएल उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत का गेटवे है। यह उपलब्धि ऐसे ही नहीं मिली है। इसके पीछे सकारात्मक सोच और टीमवर्क है।

### 'हमारी संस्कृति ही जीवन के विकास का आधार है'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि परंपरा में बीज का वृक्ष बन जाना संस्कृति कहलाता है, जबकि बीज का सड़कर नष्ट हो जाता विकृति कहलाता है। हमारी संस्कृति ही जीवन के विकास का आधार है। ऋषि परंपरा के अनुरूप ही डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल से इंस्टीट्यूट बनकर सबके सामने है। संस्थान उत्तर भारत में चिकित्सा स्वास्थ्य का बेहतरीन केंद्र बनकर उभर रहा है। यह संस्थान की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने पर परिणाम भी अच्छे आते हैं। एक संस्थान बना देना समस्या का समाधान नहीं होता, यह किन हाथों में है, यह महत्वपूर्ण होता है। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ी सिटी है। यहां लगभग 70 लाख की आबादी निवास करती है। आरएमएल की पहचान पूर्वी उत्तर प्रदेश के गेटवे के रूप में होती है। यह अस्पताल से बढ़ करके 1300 बेड के बड़े संस्थान के रूप में विकसित हो करके सबके सामने है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है, जहां 5 करोड़ 11 लाख से अधिक आयुष्मान भारत के गोल्डन कार्ड जारी किये जा चुके हैं। यूनियन कैबिनेट ने 70 वर्ष से ऊपर के हर एक व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष से 7 वर्ष पहले इसके बारे में कोई सोच नहीं सकता था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से बिना भेदभाव के इलाज के लिए पैसे दिये जा रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, प्रो. अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि फिर बढ़ी, अब 20 सितंबर तक भरे जा सकेंगे फॉर्म




**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। अब 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 20 सितंबर तक चालान जमा करना होगा। उसके बाद 25 सितंबर तक वेबसाइट पर विद्यार्थियों के विवरण अपलोड करने होंगे। प्रधानाचार्यों की मांग पर यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने तिथि बढ़ाई है। इससे यूपी बोर्ड में फॉर्म भरने से वंचित रह गए विद्यार्थियों को राहत मिली है। यूपी बोर्ड परीक्षा के फॉर्म भरने की प्रक्रिया पहली जुलाई से शुरू हो गई थी। पांच अगस्त तक निर्धारित शुल्क के साथ फॉर्म भरे गए थे। उसके बाद 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 16 अगस्त तक परीक्षा शुल्क जमा कराया गया। उसके 20 अगस्त तक वेबसाइट पर विवरण अपलोड किए गए। इस बीच कुछ विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पाए थे। इसलिए शिक्षक नेताओं की मांग यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने 31 अगस्त तक परीक्षा शुल्क का चालान जमा करने और पांच सितंबर तक विद्यार्थियों का विवरण वेबसाइट पर अपलोड करने का मौका दिया था। इसके बाद फिर से तिथि बढ़ाने की मांग की गई। इसलिए अब 20 सितंबर तक फीस का चालान जमा होगा। 25 सितंबर तक वेबसाइट पर डाटा अपलोड करना होगा। 26 से 30 सितंबर तक वेबसाइट पर अपलोड विद्यार्थियों के विवरण को चेक करना होगा। उसमें गलतियां होने पर एक से पांच अक्टूबर तक संशोधन करना होगा। फिर 10 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों की फोटो युक्त नामावली डीआईओएस कार्यालय में जमा करवानी होगी। ऐसे ही नौवीं और 11वीं के विद्यार्थियों का पंजीकरण 20 सितंबर तक होगा। 21 से 23 अपलोड डाटा चेक किया जाएगा। 24 से 26 सितंबर तक डाटा संशोधित किया जाएगा। इस प्रक्रिया के पूरी होने के बाद पांच अक्टूबर तक फोटोयुक्त नामावली डीआईओएस कार्यालय में जमा करनी होगी।

# यूपी सबसे ज्यादा वंदे भारत ट्रेनों वाला राज्य बन जाएगा

## 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से झारखंड के देवघर के लिए नई वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे

- दो ट्रेनों को जल्द हरी झंडी दिखाई जानी है, प्रदेश में अभी 8 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं
- आगरा, इटावा, गोरखपुर, टुंडला, मुरादाबाद, अलीगढ़, वाराणसी, कानपुर से लेकर यूपी के करीब 20 बड़े शहर वंदे भारत से जुड़ जाएंगे
- वंदे भारत ट्रेन प्रदेशवासियों को सुविधाओं के साथ ही रोजगार, कारोबार और पर्यटन समेत अन्य आवश्यक कार्यों में सहायक साबित होंगी

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** देशभर में वंदे भारत ट्रेनों का सबसे बड़ा नेटवर्क यूपी में बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश से देश के प्रमुख शहरों को बेहतर कनेक्टिविटी देने वाली वंदे भारत ट्रेन प्रदेशवासियों को सुविधाओं के साथ ही रोजगार, कारोबार और पर्यटन समेत अन्य आवश्यक कार्यों में सहायक साबित होंगी। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से झारखंड के देवघर के लिए नई वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे। उत्तर प्रदेश में अभी 8 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 15 सितंबर को प्रदेश को एक और वंदे भारत की सौगात मिलने जा रही है जबकि दो ट्रेनों को जल्द हरी झंडी दिखाई जानी है, ऐसा होते ही यूपी सबसे ज्यादा वंदे भारत ट्रेनों वाला राज्य बन जाएगा। आगरा, इटावा, गोरखपुर, टुंडला, मुरादाबाद, अलीगढ़, वाराणसी, कानपुर से लेकर यूपी के करीब 20 बड़े शहर वंदे भारत से जुड़ जाएंगे।



### लखनऊ से भोपाल और आगरा से वाराणसी के बीच दो वंदे भारत चलाने की तैयारी

अभी देश में सबसे ज्यादा वंदे भारत ट्रेन दिल्ली से चलाई जा रही हैं। जबकि तमिलनाडु और कर्नाटक भी दो ऐसे राज्य हैं, जहां से 8 वंदे भारत ट्रेन चलती हैं। लेकिन आने वाले कुछ समय में दिल्ली को पछाड़कर उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा वंदे भारत ट्रेन वाला राज्य बन जाएगा। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से झारखंड के देवघर के लिए नई वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे। जबकि लखनऊ से भोपाल और आगरा से वाराणसी के बीच दो वंदे भारत चलाने की तैयारी चल रही है।

### 15 सितंबर से वाराणसी से देवघर के बीच चलेगी वंदे भारत ( ट्रेन नंबर 22500/22499)

पीएम मोदी इस वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे। वाराणसी कैंट से यह शाम 6.20 पर रवाना होगी और रात 1.30 बजे देवघर पहुंचेगी। वहीं देवघर से वापस दोपहर 3.15 बजे छूटेगी और रात 10.20 पर वाराणसी पहुंचेगी।

### ये वंदे भारत ट्रेनें हैं प्रस्तावित

लखनऊ से भोपाल के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को अक्टूबर में शुरू हो सकती है। अभी इसका टाइम टेबल जारी नहीं किया गया है। वहीं, आगरा से वाराणसी के बीच वंदे भारत ट्रेन चलेगी। इसका भी विस्तृत शेड्यूल आना बाकी है।

### यूपी के किन रूट पर अभी चलती हैं वंदे भारत

**वाराणसी से नई दिल्ली (ट्रेन नंबर - 22435/22436)**
- पहली वंदे भारत ट्रेन 18 फरवरी 2019 को लॉन्च की गई थी, जो वाराणसी से नई दिल्ली के बीच चलती है। यह ट्रेन वाराणसी से 3 बजे छूटती है और रात 11 बजे नई दिल्ली पहुंचती है। चेयरकार का किराया 1750 रुपये और एग्जीक्यूटिव कार का 3305 रुपये है।

**प्रयागराज से गोरखपुर (ट्रेन नंबर - 22549/22550)**
- गोरखपुर से प्रयागराज के बीच भी वंदे भारत ट्रेन चल रही है। जिसमें 530 सीटें हैं और यह करीब 5 सौ किलोमीटर की दूरी तय करती है। वंदे भारत गोरखपुर से सुबह 6.05 पर प्रस्थान करती है और दोपहर 1 बजकर 35 मिनट पर प्रयागराज पहुंचती है। किराए की बात करें तो चेयरकार का किराया 1390 रुपये और एग्जीक्यूटिव कार का किराया 2500 रुपये है।

**अयोध्या कैंट-आनंदबिहार (दिल्ली) -(ट्रेन नंबर - 22425/22426)**
- रामनगरी अयोध्या से आनंद बिहार के लिए वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो करीब 629 किलोमीटर का सफर करती है। इस ट्रेन में 1128 सीटें है। यह ट्रेन अयोध्या से दोपहर 3.20 पर छूटती है और 23.40 पर आनंदबिहार टर्मिनल पहुंचती है। इसमें चेयरकार का किराया 1625 रुपये और एग्जीक्यूटिव कार का किराया 2915 रुपये है।

**वाराणसी से रांची (ट्रेन नंबर - 22887/20888)**
- वाराणसी से रांची के बीच भी वंदेभारत ट्रेन चल रही है। 530 सीटों वाली यह ट्रेन 571 किलोमीटर की दूरी के सफर को करीब 7.50 घंटे में पूरा करती है। चेयरकार का किराया 1390 रुपये और एग्जीक्यूटिव कार का किराया 2600 रुपये है।

**लखनऊ से पटना**
- लखनऊ से पटना (बिहार) जाने वाली वंदे भारत की चेयरकार का किराया 1540 रुपये और एग्जीक्यूटिव कार का किराया 2765 रुपये है। करीब 511 किलोमीटर की दूरी को यह वंदे भारत 8 घंटे 25 मिनट में पूरा कर लेती है।

**लखनऊ से देहरादून वंदे भारत**
ट्रेन नंबर- (22545/22546)
कितनी दूरी- 545 किलोमीटर
कितना टाइम - 8 घंटे 20 मिनट
सीटें - 1128
किराया - चेयरकार - 1540, एग्जीक्यूटिव कार - 2764

**मेरठ से लखनऊ**
ट्रेन नंबर- (22490/22489)
कितनी दूरी- 459 किलोमीटर
कितना टाइम - 7 घंटे 10 मिनट
सीटें - 1128
किराया - चेयरकार - 1300, एग्जीक्यूटिव कार - 2365

**आगरा-उदयपुर**
ट्रेन नंबर- (20982/20981)
कितनी दूरी- 610 किलोमीटर
कितना टाइम - 8 घंटे 45 मिनट
सीटें - 858
किराया - चेयरकार - 1615, एग्जीक्यूटिव कार - 2945

# डीएम ने ली जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति एवं जिला पौधरोपण समिति की बैठक कलेक्टरेट के सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने नदी में गिरने वाले टैप्ड और अनटैप्ड नालों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि इसकी साफ सफाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रामघाट में किनारे बनी दुकानों में प्लास्टिक थैला न बिकने पाए। कहा कि इसमें अभियान चलाकर जांच कर जुर्माना लगाए।

कहा कि मंदाकिनी नदी की सफाई के लिए नाविको की टीम बनाकर सफाई कराए। उन्होंने कहा कि गंगा पोर्टल पर जो सूचनाएं जानी है, समय से सम्बन्धित विभाग व गंगा समिति के सदस्य भेजें। प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभाग से दूरभाष पर वार्ता कर समय से रिपोर्ट मंगाकर भेजें। कहा कि मंदाकिनी नदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायत में जन चैपाल लगाकर जागरुक करें। कहा कि जो श्रद्धालु बाहर से आते हैं, उनको भी गंगा सफाई के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि हमारे पास जो दोना पत्तल है, उसका प्रयोग करें। कहा कि आश्रम से भी बात कर बताएं। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि मंदाकिनी नदी के किनारे भी पौधरोपण कराएं।

जिलाधिकारी ने पौधरोपण के सम्बन्ध में विभागवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो पौधरोपण हो गया है, उसका जिओ ट्रैकिंग समय से कराए। इसकी सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। इसमें बैरिकेडिंग, ट्री गार्ड व बाड बनाकर सुरक्षा करें। साथ ही साथ पौधों की निराई गुडाई समय से करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं व चरागाह में पौधारोपण कराएं। जिलाधिकारी ने पर्यावरण के सम्बन्ध में कहा कि मिशन लाइफ के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त अभियान, पार्कों की साफ सफाई व कूडा कचरा के निस्तारण से सम्बन्धित जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होना चाहिए। कहा कि जनपद में स्थित निजी स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा उत्पन्न जैविक चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबंधन की भी मानिटरिंग की जानी चाहिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उपनिदेशक रानीपुर वन्य जीव विहार प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास के कार्यों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल द्वारा तुलसी स्मारक सभा स्थल राजापुर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में लाइब्रेरी निर्माण, मल्टी पर्पज हाल, डारमेट्री, शौचालय, फाउंटेन, पाथवे, पार्किंग, बाउंड्री वॉल आदि के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता यूपीपीसीएल अमर सिंह राठौर को निर्देश दिए कि तुलसी स्मारक सभा स्थल राजापुर में जो भी पर्यटन विकास के कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी है, श्रम शक्ति बढाकर निर्माण कार्य कराए। इसके बाद जिलाधिकारी ने पुराना गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया।

इस मौके पर तहसीलदार राजापुर राम सुधार सिंह, सहायक अभियंता सुनील कुमार कनौजिया, अवर अभियंता अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनकर दिए निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकासखंड पहाडी के ग्राम पंचायत कलवलिया में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत भवन प्रांगण में जन चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से कहा कि गांव में जन चौपाल लगाकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जो समस्याएं हैं, उनको सुनकर निस्तारण गांव में ही कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन की सडक जो गांव की कटी है, उसका निरीक्षण करके निर्माण कराया जाएगा। प्रभारी चिकित्साधिकारी से कहा कि इस गांव में कैंप लगाकर शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। बाल विकास परियोजना अधिकारी पहाडी महेन्द्र कुमार से कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से देखें कि यहां पर जो योजना संचालित है, उसका लाभ मिल रहा है कि नहीं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि वह शत प्रतिशत गोवंशों का संरक्षण कराए ताकि किसानों की फसलों को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि जो प्रधानमंत्री आवास योजना में पैसा लेने की शिकायत ग्रामवासियों ने की है, परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में टीम बनाकर जांच कराई जाएगी, अगर मामला सही पाया गया तो सम्बन्धित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए भारत सरकार द्वारा नया सर्वे कराए जाने का शासनादेश हुआ है। जिसका प्रधानमंत्री द्वारा 15 सितंबर को शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें सर्वेक्षण करके पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराया जाएगा। साथ ही जो नए पुल बनाए जाने के लिए ग्राम वासियों ने बताया है, उसके लिए भी शासन स्तर पर वार्ता करके प्रस्ताव भेजा जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि पेंशन योजनाओं के लिए इस गांव में शिविर लगाकर पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि जन चैपाल कार्यक्रम का जो औचित्य है कि गांव की समस्याओं को सुनकर यहीं पर ही सम्बन्धित विभागों द्वारा निस्तारण कराया जाए। डीसी एनआर एलएम से कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जानकारी दें ताकि महिलाएं बचत करें तो उनकी पूंजी बढेगी। उन्होंने कहा कि शासन से जन्म से लेकर मृत्यु तक के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही है, उनका लाभ लें। उन्होंने महिलाओं से कहा कि अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लें। प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे कराकर पात्र लोगों का चयन करें, किसी भी अपात्र व्यक्ति का चयन कतई न किया जाए अगर ऐसा प्रकरण पाया जाएगा तो सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, बीडीओ पहाड़ी संजय कुमार पांडेय, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कमल सिंह, ग्राम प्रधान सावित्री देवी, सचिव अलकनंदा आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने सूने घर के चटकाए ताले, सोने चांदी के आभूषण व नगदी समेटकर फरार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जालौन कोतवाली के मुहल्ला घनुताल में चोरों ने सूने घर के ताले चटका दिए और घर में रखें सोने चांदी के आभूषण सहित नगदी समेटकर फरार हो गए। पीडित गृहस्वामी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।पुलिस ने मामला पंजीकृत कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी।

मुहल्ला घनुताल निवासी गिरिजा वर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसका बेटा दिल्ली में रहकर काम करता है, और वह घर में अकेली थी। बीती 16 जुलाई को वह अपने बेटे और पुत्र वधू से मिलने के लिए घर में ताला डालकर दिल्ली गई थी। कुछ दिनों तक उन्हें वहीं रुकना पड़ा और बीती 11 अगस्त को वह दिल्ली से वापस लौट आई। घर पहुंचकर देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा था। देखने पर पता चला कि चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी तीन सोने की अंगूठी, दो चांदी की पायल कीमत 60 हजार रुपये और 15 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। मुहल्ले के लोगों से पता लगाने की कोशिश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पीड़ित महिला ने चोरी गए सामान को बरामद कराने की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरी का राजफाश किया जाएगा।

# 9 से 11 नवंबर तक चित्रकूट में होगा अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का तीन दिवसीय दशम प्रादेशिक अधिवेशन जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आगामी 9 से 11 नवंबर को आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें प्रदेश भर के लगभग 300 बुजुर्ग शिक्षक एवं शिक्षाविद माध्यमिक शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए विचार मंथन कर अपने अनुभव साझा करेंगे। शिक्षाविद के रूप में दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय व महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ भरत मिश्रा भी रहेंगे। अधिवेशन का उद्घाटन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार एवं कथा लेखिका डॉ नीरजा माधव करेंगी, जबकि समापन समारोह में उत्तर प्रदेश कोषागार के निदेशक एवं विशेष सचिव वित्त विभाग उत्तर प्रदेश शासन नीलरतन होंगे। यह अधिवेशन पद्म विभूषण जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य के संरक्षण में आयोजित होगा। अधिवेशन में 65 से 90 वर्ष तक के अवकाश प्राप्त 300 गुरुजन प्रदेश भर से चित्रकूट आएंगे। संगठन के प्रदेश महामंत्री राजकुमार बाजपेई व अधिवेशन के प्रधान संयोजक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि यह सम्मेलन स्मृति शेष संगठन के संरक्षक हरिनारायण सिंह आजमगढ, रामतीर्थ उपाध्याय आजमगढ, राजाराम पांडेय चित्रकूट, अवधेश सिंह गौर फर्रुखाबाद, करुणा शंकर शुक्ला पीलीभीत, शिव शंकर लाल शर्मा, तेज नारायण पांडेय लखनऊ को समर्पित है।

इस अवसर पर इन सभी दिव्य आत्माओं के परिजनों को इन्हीं के नाम से स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मेलन में एक स्मृति पुंज स्मारिका का विमोचन भी होगा। इसके अलावा ऐसे छह शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। जिनकी रचनाएं प्रकाशित हुई है। इनमें फर्रुखाबाद के ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, कन्नौज के कौशल किशोर त्रिपाठी, रायबरेली के शत्रुघ्न सिंह, बांदा के डॉक्टर हरिओम शुक्ला, आजमगढ़ के राम जपित सिंह, औरैया के रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर शामिल हैं। सम्मेलन के संयोजक केशव कुमार माथुर व सह संयोजक प्रताप नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि 9 नवंबर को प्रांतीय अधिवेशन में संगठन की परिचर्चा होगी और माध्यमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए भी विचार मंथन किया जाएगा। 10 नवंबर को सम्मेलन में आए हुए सभी अवकाश प्राप्त गुरुजनों को चित्रकूट धार्मिक व प्राकृतिक स्थलों का अवलोकन कराया जाएगा।

10 नवंबर को ही शाम 7से 9 बजे तक कभी सम्मेलन होगा। इसके बाद 11 नवंबर को तीन दिवसीय अधिवेशन का विधवत समापन होगा? इसके पहले सुबह 10 बजे से 1 बजे तक संगठन की महामंत्री का प्रतिवेदन पढा जाएगा और 2 बजे समापन सत्र होगा। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के पिता स्मृति शेष हरि नारायण सिंह की पुण्य स्मृति में यह प्रादेशिक तीन दिवसीय अधिवेशन चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है।

## पैर फिसलने से मलंगा नाले में गिरा युवक डूबकर हुआ लापता

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनई-परवई में भैंस चराने गया युवक मलंग नाले में गिर गया और तेज बहाओ के चलते डूबकर लापता हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से उसकी खोज शुरू कर दी। देर शाम समाचार लिखे जाने तक मलंगा नाला खंगालने में लगे रहे गोताखोर लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनई-परवई निवासी रूप सिंह दोहरे 50 वर्ष शुक्रवार की सुबह रोज की तरह खाना खाकर भैंस चराने गया था। भैंसों को मलंगा नाले के आसपास चराने लगा और वह पगडंडी पर खड़े होकर उनकी निगरानी करता रहा। इसी दौरान रपटा क्रास करते समय उसका पैर फिसल गया और वह मलंगा नाले में गिर गया।

तेज बहाव होने व तैरना न आने के कारण वह गहराई में जाने से उसी में डूब गया। इस दौरान साथियों ने उसके डूबने की सूचना गांव में व पुलिस को दी। मामले की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी है। करीब पांच घंटे की तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला है।

# बालक वर्ग में ओम और ज्योतिकान्त ने कराटे में हासिल किया अव्वल स्थान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिला मुख्यालय स्थित ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज में शुक्रवार को मण्डलीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बांदा और महोबा के प्रतिभागी बच्चों ने अपना दम दिखाया। मण्डलीय कराटे प्रतियोगिता के संयोजक ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य छोटेलाल सिंह ने बताया कि बालक वर्ग में प्रथम श्रेणी में महोबा के ओम और ज्योतिकान्त को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। इसी प्रकार बांदा के आशुतोष व महोबा के अजय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। बालक संवर्ग में ही द्वितीय श्रेणी में बांदा के गुलाम ने पहला, महोबा के उदय ने दूसरा, बांदा के हर्ष ने तीसरा और महोबा के चन्द्रशेखर ने चैथा स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में बालिका संवर्ग में अण्डर 17 श्रेणी में महोबा की आयुषी ने पहला व देवांशी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग अण्डर 14 श्रेणी में आराध्या ने पहला स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिताएं कराटे कोच निर्णायक पवन आर्या महोबा द्वारा सम्पन्न कराई गईं। संस्था के प्रबंधक शिवलाल सिंह राजपूत ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर शिक्षक राजेश सिंह, स्वदेश सिंह, निर्णायक मण्डल के सदस्य श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज के शैलेन्द्र कुमार व भागवत प्रसाद ममोरियल इण्टर कॉलिज बांदा के दीपक सिंह मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पक्षी कुएं में गिरा टीम ने किया रेस्क्यू

**जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन**

उड़ता हुआ राष्ट्रीय पक्षी अचानक से गांव में बने कुएं में जा गिरा। वन विभाग व 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर को बाहर निकाला और उसका इलाज कराया। तहसील क्षेत्र के ग्राम गोरा राठौर में शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर उड़ रहा था। उड़ते हुए उसका अचानक से संतुलन बिगड़ गया और वह गांव में बने कुंए में गिरकर चिल्लाने लगा। ग्रामीणों ने जब कुएं में मोर की आवाज सुनी तो उसे निकालने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण काफी प्रयास के बाद भी मोर को बाहर निकाल नहीं सके। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 व वन क्षेत्राधिकारी हरी किशोर शुक्ला को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम के साथ वन दरोगा महेश कुमार, दैनिक वाचर परशुराम माली मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद उन्होंने मोर को कुएं से बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। घायल मोर के इलाज के बाद उसे गांव के बाहर छोड़ दिया गया।

# सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में नेत्रदाता परिजन सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




परमहंस संत रणछोड दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 39 वें नेत्र दान पखवाडे का जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बृहद रूप से मनाया गया। नेत्रदान पखवाडा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलता है।

इस बीच जन जागरुकता रैली, सेल्फी प्वाइंट, नुक्कड नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान आदि के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने का काम सदगुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा पूरे पखवाडा में किया गया। शुक्रवार को सदगुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा नेत्रदाता परिजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बी के जैन, डॉ कुलदीप श्रीवास्तव, डॉ गौतम सिंह परमार, डॉ राजेश जोशी, डॉ प्रधन्या सेन, एबीएस राजपूत ने गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। समाज में फैली नेत्रदान की तमाम गलत भ्रतियों को दूर करते हुए अपने नेत्रदान से समाज के किन्हीं दो अंधे व्यक्तियों को रोशनी देने का महान पुण्य काम किया है, उनके परिजनों का इस महादान में बखूबी सहयोग करने के लिए यह नेत्र परिजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में आए समस्त नेत्रदाता परिजनों को साल, स्मृति चिन्ह एवं एक पेड दानदाता के नाम देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्टी डॉ बी के जैन ने कहा कि समाज में नेत्रदान को लेकर तमाम गलत भ्रांतियां फैली हुई है। इन भ्रांतियों को दूर करके लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करें और अपने घर से शुरू कर मुहल्ले और गांव तक यह महादान कराएं।

कार्निया विभाग के मुख्य डॉ गौतम सिंह परमार ने कहा कि यह पुण्य काम है। इसमें बढकर सबको हिस्सा लेना चाहिए, ज्यादा से ज्यादा इस मिशन को बढाए, जिससे नेत्रहीन लोगों को रोशनी मिल सके। यह लगभग सन् 2007 से जब से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में आई बैंक बना है तब से नेत्र दान कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। अभी तक लगभग 7 हजार नेत्र दान हो चुके है और इतने ही लोगों को पुतली लगाकर रोशनी प्रदान की गई है। धीरेंद्र सिंह और जितेंद्र गोयल गोयल ने कहा कि इस पुनीत कार्य में सबको आगे आना चाहिए। हमारे लोग शरीर से तो चले जाते है, मगर नेत्रदान से हम अपने लोगों की आंखों को जिंदा रख सकते है। साथ ही उनकी आंखों से अन्य नेत्रहीन व्यक्तियों को रोशनी मिल जाती है। इस मौके पर पंकज अग्रवाल, डॉ ब्रजेश सिंह, अमित सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, राधेश्याम परिहार, सतेंद्र सिंह, कमल कुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रमोद द्विवेदी, राजीव शुक्ला, आनंद बाजपेई, सुभाष सिंह, मनोज अग्रवाल, शिव नायक सिंह, दिलीप जैन, कृष्णा निगम आदि मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के मामले में दोषसिद्ध होने पर हत्यारोपी सिपाही पति को 20 वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने मृतका के सिपाही पति को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मृतका के सास, ससुर को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि वादी मुकदमा कृष्णा ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में कृष्णा ने बताया था कि वह एक साधारण किसान है और अपनी बेटी गुडिया की शादी बीती 29 नवम्बर 2017 को महोबा जिले के खरेला थाने के पुनिया गांव के निवासी योगेन्द्र कुमार के साथ की थी। शादी में यथा शक्ति दान दहेज भी दिया था। इसके बावजूद योगेन्द्र कुमार के उत्तर प्रदेश पुलिस ने सेवारत होने के कारण ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे। पहली बार ससुराल जाने के बाद मायके आने पर पुत्री गुडिया ने बताया था कि ससुरालीजन चार पहिया गाडी की मांग कर रहे हैं। ससुरालीजनों द्वारा की गयी मांग पर अस्मर्थता जाहिर करते हुए उसने पुत्री को ससुराल भेज दिया था। इसके बाद योगेन्द्र कुमार उसकी पुत्री गुडिया को लेकर पुलिस लाइन चित्रकूट के सरकारी कमरे में रहने लगा। चार पहिया गाडी मी मांग को लेकर 26 सितम्बर 2019 को योगेन्द्र कुमार, गुडिया के ससुर सीताराम और सास शील आदि ने उसकी बेटी को मारकर कमरे के पंखे में लटका दिया। जिसकी सूचना उन लोगों को दूसरे दिन 27 सितम्बर को दी गयी।

### नाले के पानी में डूब कर सात वर्षीय बालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/रामपुरा।** थाना अंतर्गत ग्राम मडैया अंगदेला निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामरतन का सात वर्षीय पुत्र संस्कार खेलते खेलते गांव के पास के खेतों पर चला गया। खेतों के पास एक गहरा नाला जिसमें गहराई तक बर्षा का पानी भरा था। दोपहर लगभग दो बजे जब संस्कार नाले के पास खेल रहा था कि अचानक पैर फिसलने से वह नाले के पानी में गिर गया। आसपास खेतों पर पशु चला रहे लोगों ने जब बालक संस्कार को पानी में गिरते देखा तो उसे बचाने का प्रयास किया एवं आनन फानन घटना की सूचना गांव भेजी। सूचना पाकर परिजन एवं काफी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर एकत्रित हो गए। काफी प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकल गया व समीप चिकित्सालय ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना रामपुरा थाना पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## यमुना का बढ़ा जलस्तर, कोटा बैराज से पानी छोड़ने से यमुना के जलस्तर में 15 सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से हो रही वृद्धि

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

यमुना के जलस्तर में 15 सेमी की रफ्तार से लगातार वृद्धि हो रही है। तटवर्ती ग्रामों में संभावित बाढ़ की संभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों को लगातार आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं व सम्भावित बाढ़ को लेकर समूचा प्रशासन अलर्ट मोड पर है। केन्द्रीय जल आयोग केंद्र कालपी के प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम 4 बजे यमुना नदी का कालपी में जल स्तर 106.66 मीटर दर्ज किया गया है। जलस्तर में 15 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही है जबकि चेतावनी का निशान 107 मीटर व खतरे का लाल निशान 108 मीटर पर अंकित है। इस दृष्टिकोण से खतरे के निशान से महज कुछ ही नीचे यमुना नदी कालपी में बह रही है। केंद्रीय जल आयोग केंद्र प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि कालपी में यमुना नदी का खतरे का निशान 108 मीटर है। मालूम हो कि कोटा बैराज से पानी छोड़ने के बाद यमुना नदी के उफनाने तथा बाढ़ की संभावना बढ़ गई है। वहीं सम्भावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन तथा राजस्व विभाग के द्वारा यमुना नदी के तटवर्ती अलग-अलग ग्रामों में बाढ़ राहत चौकियां स्थापित कराई जा चुकी हैं। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत के साथ यमुना नदी के तटवर्ती इलाकों मदारपुर, हीरापुर, शेखपुर गुढ़ा, कीरतपुर में घूम-घूम कर निरीक्षण तथा ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने में जुटे हुए हैं।

## डीआईजी ने अन्तर्जनपदीय पुलिस एलार्म इफीसिएंसी रेस एवं रायफल, रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस लाइन चित्रकूट में पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में 27वीं अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन, प्रयागराज पुलिस एलार्म इफीशियन्सी रेस एवं रायफल, रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता वर्ष 2024 का फीता काटकर शुभारम्भ किया। सर्वप्रथम सभी टीमों के खिलाडियों द्वारा बेहतरीन मार्च पास्ट करते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक को सलामी दी। प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के सभी जनपदों की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उन्होंने जनपदों से आयी टीमों के कैप्टन से परिचय लिया। यह प्रतियोगिता 15 सितम्बर तक चलेगी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। | लखनऊ । शनिवार । 14 सितंबर 2024



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |
| कानपुर | 30°C | 26°C |
| देहरादून | 29°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 32°C | 26°C |

# मंगेश यादव के परिजनों से मिले अखिलेश, बहन ने बताया कि कैसे पुलिस मंगेश को उठाकर ले गई

*** मंगेश यादव के परिजन आज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले। परिजनों ने अखिलेश से अपनी पीड़ा बताई। अखिलेश यादव पहले से ही इस एनकाउंटर को हत्या बता रहे हैं।**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को मंगेश यादव के परिजनों से मिले। मालूम हो कि मंगेश सुल्तानपुर लूट का आरोपी था जिसकी पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई थी। अखिलेश यादव लगातार ही इस एनकाउंटर को हत्या बता रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि कि मंगेश को उसके घर से उठाकर उसकी हत्या करी गई है। दूसरी तरफ गुरुवार को यूपी डीजीपी ने पत्रकार वार्ता करके मंगेश के एनकाउंटर में शामिल होने के तथ्य दिए। साथ ही बताया कि उसका कैसे एनकाउंटर हुआ। इधर अखिलेश यादव का कहना है कि मंगेश यादव को पुलिस ने घर से उठाकर फर्जी एनकाउण्टर में हत्या कर दी। शुक्रवार को मंगेश के शोकाकुल पिता, मां और बहन ने अखिलेश



यादव को पुलिस द्वारा उत्पीड़न किए जाने की भी जानकारी दी। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। जौनपुर के गांव अगरौरा थाना बक्सा से आए मंगेश यादव के पिता राकेश यादव, मां शीला देवी और बहन प्रिंसी यादव ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। सुल्तानपुर के सर्राफ की दुकान पर 28 अगस्त 2024 को लूट हुई थी। 2 सितम्बर 2024 की रात दो बजे पुलिस मंगेश को घर से उठाकर ले गई। 3-4 सितम्बर 2024 को दिन में पुलिस घर आई और कहा कि पूछताछ हो रही है। तुम्हारा लड़का छोड़ दिया जाएगा। 5 सितम्बर 2024 को उसकी पुलिस अभिरक्षा में फर्जी एनकाउण्टर में हत्या कर दी गई। पुलिस वालों ने कहा जाओ सुल्तानपुर के पोस्टमार्टम हाउस से लाश ले आओ। पीड़ित परिवारीजनों ने बताया कि पुलिस ने जबर्दस्ती दबाव डालकर वीडियो बनाया है जिसमें झूठ के सिवा कुछ नहीं है। जो वीडियो पुलिस प्रसारित कर रही है उसमें दबाव में उनसे मनमाफिक बयान दिलवाया गया है। पूरा गांव सच्चाई बता रहा है। मंगेश को जबरदस्ती अपराधी बताकर पुलिस एनकाउण्टर कर वाहवाही लूट रही है।

# शाइन सिटी घोटाले में हिमांशु की 29 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां जब्त, मास्टरमाइंड का है करीबी

*** प्रवर्तन निदेशालय शाइन सिटी घोटाले में अब तक करीब 190 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुका है**




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

शाइन सिटी घोटाले में ईडी ने शुक्रवार को 29 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया। प्रयागराज स्थित ये संपत्तियां घोटाले के मास्टरमाइंड राशिद नसीम के करीबी हिमांशु कुमार की हैं। हिमांशु ने प्रयागराज के मशहूर बिल्डर संजीव मिश्रा के साथ प्रोजेक्ट में निवेशकों की रकम को निवेश किया था। बता दें कि ईडी इस मामले में अब तक करीब 190 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुका है। हालांकि इनका बाजार मूल्य कई गुना ज्यादा है। ईडी ने राशिद नसीम के करीबी प्रयागराज निवासी हिमांशु कुमार को बीती 23 जुलाई को गिरफ्तार किया था। हिमांशु से पूछताछ में पता चला कि उसने राशिद के इशारे पर कई शेल कंपनियां खोली थीं। इसमें राशिद ने निवेशकों से जुटाई रकम को ट्रांसफर किया था। बाद में इसे चल-अचल संपत्तियों में निवेश किया गया। ईडी ने बिल्डर संजीव मिश्रा को भी तलब कर पूछताछ की।

इसमें भी निवेश के आरोप सही पाए जाने पर हिमांशु की संपत्तियों को जब्त करने का निर्णय किया गया। ईडी ने जांच के बाद हिमांशु द्वारा नारायण इन्फ्राहाइट्स में निवेश की गई 26 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों के साथ 2.10 करोड़ रुपये की व्यवसायिक संपत्ति (कार्यालय) और एक करोड़ रुपये कीमत की कृषि योग्य भूमि को जब्त किया है। मामले में अब तक 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ईडी की जांच में सामने आया है कि हिमांशु ने बिल्डर संजीव मिश्रा के प्रोजेक्ट में करीब 40 करोड़ रुपये निवेश किए थे। उसने अधिकारियों को बताया था कि वह वर्ष 2013 से राशिद के साथ जुड़ा था। उसके इशारे पर कई फर्जी कंपनियों को खोलकर निवेशकों द्वारा जमा रकम को इनमें डायवर्ट करता था। निवेशकों को इसकी वजह जमीन खरीदने के लिए अग्रिम भुगतान बताई जाती थी। हिमांशु ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज एसएन शुक्ला की ट्रस्ट की भूमि को शाइन सिटी को बिकवाने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी ईडी जांच कर रहा है। जल्द ही हिमांशु से जुड़ी कंपनियों की बाकी चल-अचल संपत्तियों को भी जब्त किया जाएगा।

# बारावफात व गणेश चतुर्थी को लेकर पीस कमेटी की बैठक इटौंजा थाना में संपन्न



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन अंतर्गत इटौंजा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बता दे कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की। इस बैठक में इटौंजा, महोना, अमानीगंज क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधि व धर्म गुरु अन्य इटौंजा नगर पंचायत से अरूण अवस्थी, महोना चेयरमैन जिया मौजूद रहे। इस बैठक में गणेश चतुर्थी तथा ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र में होने वाले त्योहारों के कार्यक्रम को लेकर सभी से अपील की है कि सभी अपना त्यौहार शांतिपूर्वक एवं सही तरीके से मनाये और किसी प्रकार की अगर कोई हुड़दंग करते या अन्य किसी प्रकार की सूचना मिलते तो तुरंत इटौंजा पुलिस को सूचना दें। पुलिस के जवान इटौंजा, महोना व अमानीगंज में त्योंहार के दिन तैनात व सतर्क रहेंगे। वहीं अमानीगंज में 15 तारीख को बारह वफात का जुलूस निकाला जायेगा तो वही महोना व इटौंजा में 16 तारीख को जूलूस निकाला जायेगा और गणेश चतुर्थी के कार्यक्रम को लेकर इटौंजा पुलिस चाक-चौबंद व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था इटौंजा पुलिस की रहेगीं। महोना निवासी मतलूब रजा के नेतृत्व में अंजूमन जूलूस मोहम्मदी महोना में 16 को निकाला जायेगा वहीं अमानीगंज में 15 को जुलूस निकाला जायेगा। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने कहा कि आयोजित कार्यक्रमों में त्योहार को सौन्दर्यपूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है और जो भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करते व हुड़दंग करते पाया गया तो उसके खिलाफ़ कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## अरविंद केजरीवाल की जमानत पर बोले अखिलेश यादव
# केजरीवाल को जमानत मिलना संविधान की जीत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने को संविधान की जीत बताया है। यादव ने एक्स पर लिखा, दिल्ली के लोकप्रिय व जन कल्याणकारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत 'संविधान की जीत है। उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी ही संविधान का दुरुपयोग करते हैं और न्याय के दरवाजे पर दी गयी दस्तक हमेशा सुनी जाती है। दुनिया अब तक इसी परंपरा पर आगे बढ़ी है और भविष्य में भी बढ़ती रहेगी। बता दें कि उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाले के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी और कहा कि लंबे समय तक जेल में रखना स्वतंत्रता से अन्यायपूर्ण तरीके से वंचित करने के समान है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के मुचलके और दो जमानत राशियों पर जमानत दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को आबकारी नीति मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी और दो जून को आत्मसमर्पण करने के बाद से वह जेल में हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को मामले के बारे में कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया और कहा कि ईडी मामले में लागू नियम व शर्तें इस मामले में भी लागू रहेंगी। शीर्ष अदालत ने ईडी मामले में उन्हें जमानत देते हुए कहा था कि केजरीवाल अपने कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते और जब किसी बहुत जरूरी मामले में ऐसा करना हो तो उन्हें उपराज्यपाल से मंजूरी लेनी होगी। अदालत ने कहा कि निकट भविष्य में मुकदमा पूरा होने का अनुमान नहीं है और अदालत ने केजरीवाल द्वारा जांच को प्रभावित किए जाने की आशंका खारिज कर दी। अलग से निर्णय लिखने वाले न्यायमूर्ति भुइयां ने जमानत देने को लेकर न्यायमूर्ति कांत से सहमति व्यक्त की।

# प्रमोद तिवारी ने केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दिये जाने के निर्णय को स्वागत योग्य कहा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दिये जाने के निर्णय को स्वागत योग्य कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इसके पहले इण्डिया गठबंधन के झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जमानत प्रदान की। वही सर्वोच्च न्यायालय ने सभी तथ्यों के मद्देनजर यह माना है कि अरविन्द केजरीवाल की याचिका जमानत योग्य है।

# ट्रांसपोर्ट नगर हादसे का सबक, 15 मीटर से ऊंची इमारतों का एलडीए कराएगा सेफ्टी ऑडिट, बोर्ड ने दी मंजूरी




*** लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में बीते दिनों एक बहुमंजिला इमारत गिर गई थी। अब इस मामले को लेकर एलडीए सजग हो गया है। अब 15 मीटर से ऊंची इमारत के लिए नियम बदलने जा रहे हैं।**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ट्रांसपोर्ट नगर हादसे के बाद अब एलडीए शहर में पांच साल तक पुरानी 15 मीटर से ऊंची सभी बहुमंजिला इमारतों की सेफ्टी ऑडिट कराएगा। इसको लेकर प्रस्ताव भी शुक्रवार को एलडीए बोर्ड में पास कर दिया गया। बोर्ड ने वेलनेस सिटी में आ रही निजी बिल्डरों की 296 एकड़ जमीन छोड़ने का प्रस्ताव भी पास कर दिया है। इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की संपत्तियों का की साल से बंद नामांतरण भी शुरू करने की मंजूरी बोर्ड ने दी है। मंडलायुक्त रोशन जैकब की अध्यक्षता और एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव बोर्ड में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी दी। बताया कि सेफ्टी ऑडिट कराए जाने का पैसा बिल्डिंग मालिक से लिया जाएगा। आवासीय बिल्डिंग में इसका पैसा स्थानीय रेजीडेंट वेलफेयर सोसाइटी देगी। यदि कोई पैसा नहीं देगा तो उसका भुगतान एलडीए खुद करेगा और उसके बाद संबंधित बिल्डर या आरडब्लयू से पैसे की वसूली आरसी जारी करके की जाएगी। कितना पास सेफ्टी ऑडिट का लिया जाएगा यह कंपनीं तय करने के बाद साफ होगा। कंपनी तय करने के लिए जल्द ही टेंडर जारी होगा। तब तक एलडीए आने स्तर पर सेफ्टी ऑडिट का पैनल बनाकर जांच कराएगा। 15 मीटर के नियम से बच जाएंगी ट्रांसपोर्ट नगर की ज्यादातर इमारतें सेफ्टी ऑडिट को लेकर एलडीए बोर्ड ने जो प्रस्ताव पास किया है उसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर की ज्यादातर बहुमंजिला इमारतें सेफ्टी जांच से बच जाएंगी क्योंकि वहां पर ज्यादातर इमारतें 15 मीटर से कम ऊंचाई की हैं। जो इमारत ढही थी उसका भी मानचित्र महज सात मीटर ऊंचाई का पास था। इसके अलावा हजरतगंज , अमीनाबाद, यहियागंज, नाका, भूतनाथ, पत्रकापुरम, महानगर सहित अन्य इलाकों की करीब एक लाख इमारतें सेफ्टी ऑडिट से बच जाएंगी। ऐसे में प्रस्ताव को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

# मूल विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने नहीं पहुंचे शिक्षक

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** शहर के सरकारी विद्यालयों में नियम विरुद्ध संबंध शिक्षकों की संबद्धता समाप्त होने के बाद दूसरे दिन भी शिक्षक अपने मूल विद्यालय में कार्यभार संभालने नहीं पहुंचे। इनमें से कुछ बेसिक शिक्षा निदेशालय तो कुछ विभाग में अपना पक्ष रखने के लिए पहुंचे। हालांकि शिक्षकों के पास तैनाती का कोई आदेश नहीं था ऐसे में उनको निराशा ही हाथ लगी। अधिकारियों ने साफ लहजे में कह दिया कि उन्हें मूल विद्यालय में ही शिक्षण कार्य करना होगा। इस सबंध में बीएसए राम प्रवेश ने कहा कि जो शिक्षक आदेश की अवहेलना करेंगे उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। इस संबंध में कई शिक्षकों को चेतावनी दी गई है। वहीं शिक्षकों का कहना है 13 साल बाद उन्हें हटाया जाना उचित नहीं है। विभाग को हटाना था तो उसी समय हटा दिया जाता। संबद्ध शिक्षकों की वास्तविक संख्या कितनी है इसकी अभी जांच चल रही है। नाम सामने आते आएंगे उन सभी को मूल विद्यालय में भेजे जाने का आदेश क्रमवार जारी होते रहेंगे। शिक्षकों का समायोजन होना है। ऐसे में संबद्ध शिक्षकों की वजह से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। नियम विरुद्ध संबद्ध शिक्षकों को मूल विद्यालय में भेजा जाना आवश्यक है, जो शिक्षक मनमानी करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ यूनिवर्सिटी के पास धंसी 10 फीट सड़क, हो सकता था बड़ा हादसा

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी के पास शुक्रवार सुबह को एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। बता दें कि एलयू के पास अचानक से करीब 10 फीट सड़क धंस गई। रोजाना यहां से हैवी ट्राफिक होकर गुजरता है, लेकिन सड़क के अचानक धंसने लोगों में भय व्याप्त हो गए। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क के नीचे से पानी का रिसाव हो रहा था, जिसकी वजह से सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। इस हादसे के बाद रास्ते को डायवर्ट किया गया। गनीमत रही कि सड़क धंसने के समय वहां पर कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। शहर में पिछले काफी समय से लगातार भारी बारिश हो रही है। बारिश की वजह से कई जगहों पर जलभराव जैसी स्थिति पैदा हो गई है। इस बीच लखनऊ यूनिवर्सिटी से आईटी मार्ग पर नीचे से पानी का रिसाव हो रहा था। लगातार पानी का रिसाव होने के कारण सड़क धंस गई। सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया। यह गड्ढा इतना बडा है कि इसमें एक कार आराम से फिट हो सकती है। सड़क धंसने के बाद लोक निर्माण विभाग ने इलाके में बैरिकेडिंग करा दी है। साथ ही ट्रैफिक डायवर्जन भी किया गया है। वाहनों को दूसरी तरफ से निकालने की व्यवस्था की गई है। सड़क धंसने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें गड्ढे के अंदर से पानी का रिसाव होते हुए साफ दिखाई दे रहा है।

# बीकेटी इलाके में भेड़िए की दहशत, दलदल में मिला सियार का शव

*** बीकेटी वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

*** वन विभाग अधिकारी बोले, फैलाई जा रही अफवाह भेड़िया नहीं, सियार था**

**जन एक्सप्रेस । बीकेटी/लखनऊ**



लखनऊ जिले की बख्शी तालाब इलाके के गुलालपुर के मजरा सरावां में भेडिया द्वारा भैसों पर हमला किए जाने की अफवाह से ग्रामीणों में शुक्रवार को दहशत देखने को मिली। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि भेड़िए ने पहले बच्चों पर हमला करने की कोशिश की लेकिन जब बच्चे भाग गए तो उसने भैसों पर हमला कर दिया, जिसमें बताया जा रहा है कि छह भैसें घायल हो गये है। बता दें कि गुलालपुर के सरांवा गांव निवासियों ने बताया कि जिस जन्तु ने भैसों पर हमला किया था वह भेड़िया था, वह भैसों पर हमला करने के बाद भाग निकला है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले दो बच्चों की तरफ झपटा,फिर जाकर भैंसों को निशाना बनाया, वहीं ग्रामीणों को अपनी तरफ आता देख भेड़िया वहां से भाग गया।

वहीं एक व्यक्ति का कहना है कि अभी और भेड़िए होने की आशंका है जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है, गांव की महिला राबिया का कहना है कि उसने यह सारा माजरा अपनी आंखों से देखा जो कि यह खूंखार भेड़िए का बच्चा भैंसों के ऊपर झपट रहा था। जब उसने शोर मचाया और ग्रामीणों ने अपने हाथों में डंडा लाठी लेकर भेड़िए की तरफ भागे तब जाकर वह भागा। वहीं ग्रामीणों की भीड़ अपने तरफ आता देखकर वह भागा और जाकर दलदल में फंस गया। जिससे उसकी उसी में डूबकर मौत हो गई?। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की तरफ से प्राइवेट चौकीदार को मौके पर भेजा गया। जिसने दलदल से फंसे शव का को बाहर खींचकर बाहर निकाला। वहीं वन विभाग के दरोगा अर्जुन सिंह ने बताया कि यहां सियार का बच्चा था जो कि पागल हो गया था। जिसकी दलदल में फंसने से मौत हो गई है और भेंडिया की केवल अफवाह फैलायी जा रही है।

## अरविंद केजरीवाल की जमानत पर लखनऊ में जश्न, ढ़ोल बजाकर खुशी मनाई

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** अरविंद केजरीवाल की रिहाई के बाद लखनऊ में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। ढ़ोल नगाड़े बजाए, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने कहा कि यह फैसला आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ी राहत है और पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा। केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से बाहर आएंगे। अदालत ने जमानत के लिए वही शर्तें लगाई हैं, जो ईडी केस में बेल देते वक्त लगाई गई थीं। केजरीवाल के खिलाफ 2 जांच एजेंसी (ईडी और सीबीआई) ने केस दर्ज किया है। म्क् मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी।

## अब इतने साल बाद सफाई देना कितना उचित व विश्वसनीय, अखिलेश की सफाई पर मायावती का जवाब

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने एक पुस्तिका में खुलासा किया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में सीटें कम होने के बाद समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया था। इस पर अखिलेश यादव ने सफाई देते हुए कहा था कि जिस समय गठबंधन टूटा, उस समय मैं आजमगढ़ में एक सभा में मंच पर था। अखिलेश की सफाई पर अब मायावती ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि इतने साल बाद सफाई देना कितना उचित है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि लोकसभा चुनाव-2019 में यूपी में बीएसपी के 10 व सपा के 5 सीटों पर जीत के बाद गठबंधन टूटने के बारे में मैंने सार्वजनिक तौर पर भी यही कहा कि सपा प्रमुख ने मेरे फोन का भी जवाब देना बंद कर दिया था ।

# नवयुग में मनाया गया हिंदी दिवस

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेन्द्र नगर के हिंदी विभाग की नवज्योतिका संस्था द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का विषय था राष्ट्रीय एकता और हिंदी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रोफेसर पवन अग्रवाल लखनऊ विश्वविद्यालय, डा श्याम नंदन, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी पूर्वी चंपारण बिहार, डा रमेश प्रताप सिंह, श्री जयनारायण मिश्र पी .जी .कालेज, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो मंजुला यादव, प्रो अमिता रानी सिंह, डा अपूर्वा अवस्थी, श्रीमती अंकिता पांडे सुश्री मेघना यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती वन्दना से हुआ। अतिथियों का स्वागत पुष्प पौध और स्मृति चिन्ह से किया गया। विशिष्ट वक्ता डा श्याम नंदन ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनता की चित्तवृत्ति सामाजिक राजनीतिक और धार्मिक होती है ,ये प्रवृत्तियां परिलक्षित होती हैं। भारतेंदु जी ने देश वत्सलता प्रदान की। आवौ भारत दुर्दशा देखहु आई कहते हुए पूरे देश के दुख को लिखा। द्विवेदी युग के पूरे साहित्य में राष्ट्रीयता मुखरित हुई। निराला ने राष्ट्रीय एकता का स्वर गूंजा। माखनलाल चतुर्वेदी ने पुष्प की अभिलाषा लिखी। डा रमेश प्रताप सिंह ने कहा कि हमें किसी भाषा से डरने की आवश्यकता नहीं है। विश्व में सबसे ज्यादा लोग हिंदी बोलते और पढ़ते हैं। आज हर व्यक्ति को काम की आवश्यकता है और आज हिंदी रोजगार की भाषा बन गई है। वैज्ञानिक क्षेत्र में भी हिंदी को बढ़ावा मिल रहा है। हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा बनेगी हमारी वर्तमान सरकार इस ओर प्रयासरत है। द्विवेदी युग से लेकर आज तक सभी साहित्यकारों ने राष्ट्रीय एकता में अपनी रचनाओं द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी ने सभी भाषाओं को अपनाया है। हमें प्रांतीयता, जातिवाद, भाषावाद को छोड़कर केवल हिन्दी को आगे बढ़ाना चाहिए। आज पर्यटन में भी हिंदी ने अपना स्थान बना लिया है। मुख्य वक्ता प्रो पवन अग्रवाल ने कहा कि हिंदी 17 बोलियों का समुच्चय है। नयी शिक्षा नीति में मातृभाषा पर अधिक ध्यान दिया गया है हिंदी शब्द या संज्ञा का प्रयोग नहीं हुआ है। 1968 मे जब त्रिभाषा फार्मूला आया था तब तीन भाषाओं को सीखने की बात कही गई थी।

# रायबरेली : कोल्ड ड्रिंक व्यवसायी की दुकान से लूट के बाद कोतवाली जा रहे पीड़ितों पर हमला

*** सड़क पर असलहा लहराकर लुटेरे घंटों करते रहे तांडव**

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली ऊंचाहार**



दिन दहाड़े कोल्ड ड्रिंक की दुकान से लाखों रुपए लूटने के बाद बेखौफ लुटेरों ने बीच सड़क पर जमकर तांडव किया है। लूट की घटना के बाद कोतवाली जा रहे पीड़ितों को सड़क पर घसीटकर हॉकी से पीटा गया और असलहा लहराकर दहशत फैलाई गई। पुलिस घटना के पीछे दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद बता रही है। यह घटना गुरुवार की दोपहर क्षेत्र के जमुनापुर चौराहा और कानपुर ऊंचाहार मार्ग के सवैया क्रासिंग के पास हुई है। क्षेत्र के गांव किशुनदासपुर निवासी मोनू की जमुनापुर चौराहा पर कोल्डिंग की दुकान है मोनू कोल्ड ड्रिंक के थोक व्यवसायी है गुरुवार के दोपहर इनकी दुकान पर चार लोग बाइक सवार पहुंचे और दुकानदार के साथ मारपीट की तथा उसकी दुकान से 2 लाख दस हजार रुपए लूट लिए। उसके बाद लुटेरे वहां से चले गए।

घटना के बाद मोनू अपने भाई अखिलेश कुमार और मां धन्नो देवी के साथ घटना की शिकायत करने ऊंचाहार कोतवाली जा रहे थे। ऊंचाहार कानपुर मार्ग पर सवैया धनी रेलवे फाटक बंद था। दोनों भाई तथा मां स्कॉर्पियो से वहीं पर खड़े हो गए। उनके रुकते ही पीछे से बाइक सवार लुटेरे वहां पहुंचे और मां तथा दोनों बेटों को स्कॉर्पियो से घसीट कर सड़क पर पीटना शुरू कर दिया बताया जाता है कि उनकी हॉकी से जमकर पिटाई की गई। इस दौरान लुटेरे असलहा लहरा कर लोगों में दहशत फैलाई । करीब 1 घंटे तक चारों बाइक सवारों ने बीच सड़क पर जमकर उत्पात मचाया ।उसके बाद धमकी देकर वहां से फरार हो गए। मारपीट के दौरान उन्होंने स्कॉर्पियो में भी तोड़फोड़ की है। इस मारपीट में दोनों भाई तथा उनकी मां घायल हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है ।कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना के पीछे जमीनी विवाद है, जो दो पक्षों के बीच काफी अरसे से चल रहा है। हमला करने वालों की तलाश की जा रही है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सेल्फ केयर टीम ने शिक्षक के परिवार को 101800 रुपए का किया आर्थिक सहयोग

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



एम्पलाई एंड नॉन एम्पलाई सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश का गठन 28फरवरी 2023 को नवनीत कुमार , सुरेंद्र प्रताप सिंह, भास्कर यादव, पवन कुमार , अमित कुमार सिंह आदि सदस्यों के द्वारा किया गया द्य इस टीम से जुड़े सदस्यों का आकस्मिक निधन होने पर टीम के सदस्यों द्वारा उनके नामिनी को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है द्य जिसके क्रम में टीम ने प्रथम आर्थिक सहयोग ग्राम बढ़ई पुर पोस्ट करतोरा जनपद अंबेडकर नगर के सदस्य स्वर्गीय अशोक कुमार के परिवार को 101800 रुपए की सहायता प्रदान की गई द्य स्वर्गीय अशोक कुमार जो कि सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे द्य जिनकी मृत्यु 1 अप्रैल 2024 को सड़क दुर्घटना में हो गई थी द्य एम्पलाई एंड नॉन एम्पलाई सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश द्वारा आर्थिक रूप से सहयोग करते हुए सीधे नामिनी के खाते में किया गया द्य टीम से कोई भी व्यक्ति जो सरकारी विभाग में कार्यरत स्थाई कर्मी या संविदा कर्मी या प्राइवेट कर्मी जो उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो टीम के वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करके टीम का सदस्य बन सकता है द्य एम्पलाई एंड नॉन एम्पलाई सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश टीम के सह संस्थापक पवन कुमार ने बताया कि टीम में 101 रुपया व्यवस्था शुल्क निर्धारित है जो पूर्णतया स्वैच्छिक है द्य किसी सदस्य के साथ दुर्घटना होने पर नियमावली के अनुसार उसे अधिकतम 21000 का वित्तीय सहायता किया जाता है।

# पुराने सरयू पुल से युवक ने लगाई छलांग, जल पुलिस व एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर बचाया





**जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम**

प्रभु श्री राम की पावन नगरी श्री अयोध्या धाम में आज सरयू स्नान घाट पर मन्नू प्रजापति पुत्र राजेश प्रजापति वर्ष 23 निवासी भक्तिन का पुरवा थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या का है, जो पारिवारिक कलह के कारण आत्महत्या करने का किया प्रयास जो गोंडा पुराने पुल से सरयू नदी में कूद गया। जल के तेज बहाव के कारण डूबने लगा। ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य कांस्टेबल नित्यानंद यादव कांस्टेबल लालमणि कांस्टेबल कृष्णा सिंह व एस डी आर एफ के पी0 सी0 नर्वदेश्वर मिश्रा, आरक्षी अक्षय प्रताप यादव, आरक्षी दिलीप चौहान, आरक्षी राजीव कुमार पटेल शामिल रहे। जल पुलिस व एस डी आर एफ की टीम ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए बिना अपनी जान की परवाह किए तत्काल गहरे पानी में रेस्क्यू कर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। उसको नया घाट पुलिस चौकी को सुपुर्द किया। जिसके कार्य को देखकर स्थानीय लोगों ने जल पुलिस व एस डी आर एफ की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया।

अयोध्या में जल पुलिस व एस डी आर एफ की तैनाती से अक्सर डूबते लोगों को बचाने में समर्थ होने के साथ लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिलता है। पुलिस की इस साहसिक कार्य से जनपद अयोध्या ही नहीं आस पास के अन्य जनपदों के साथ जमकर सराहना किया जा रहा है।

## टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हृदय में राम पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हृदय में राम पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अयोध्या के प्रथम नागरिक महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विद्यालय की निर्देशिक बिन्नी सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, मुक्ति श्रीवास्तव इस कार्यक्रम के संयोजक शाश्वत पाठक स्कूल के सभी छात्र - छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा भगवान राम को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं मनमोहक भजन प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के नन्हें मुन्नें छात्रों द्वारा प्रभु श्री राम के जीवन पर आधारित सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों से हर हृदय में बसने वाले राम पर चर्चा की, छात्रों ने भी अपनी जिज्ञासा के अनुसार हृदय में राम पर मुख्य अतिथि से प्रश्न पूछे तथा मुख्य अतिथि द्वारा उन प्रश्नों के समुचित उत्तरों ने छात्रों की जिज्ञासा को शांत किया।

# अयोध्याधाम में 14 व 15 सितंबर को संपन्न होगा सहकार भारती का प्रदेश अधिवेशन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



उत्तर प्रदेश सहकार भारती का 5 वां प्रदेश अधिवेशन अयोध्या के बड़ाभक्त माल की छावनी श्री अयोध्या धाम में आयोजित किया जा रहा है। जिसके संबंध में सहकार भारती द्वारा आज अधिवेशन स्थल पर प्रेस वार्ता आयोजित किया गया।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री डा. उदय जोशी ने कहा कि सहकार भारती का एकमात्र उद्देश्य समाज कल्याण ही है। हम सहकारीजन भारत माता के वैभव के लिए सहकारिता की साधना करते हैं। धर्म और प्रेम के ध्येय को लेकर सहकार भारती समाज में अपना कार्य संपादित करती है। उन्होंने कहा कि सहकार भारती सहकारिता के क्षेत्र में राष्ट्र व्यापी संगठन हो चुका है। वर्तमान समय में सहकारिता ही एक ऐसा मॉडल है जो भारत को सर्वश्रेष्ठ बना सकता है। हम सभी को सहकारिता में सहकारी मूल्यों पर आधारित शुद्धता को बचाते हुए गांव-गांव में नए सहकारी संस्थाओं का निर्माण करना है।

साथ ही उन्होंने कहा कि सहकारिता शक्ति के बिना तो मानवता एक कदम भी आगे बढ़ नहीं सकती है। अगर हम भारत को श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं तो तेरा, मेरा इससे ऊपर उठकर हम की भावना से कार्य करना होगा। साथ ही उन्होंने जानकारी दी की सहकार भारती यूपी के दो दिवसीय प्रदेश अधिवेशन का शुभारंभ 14 सितंबर को सुबह 10.30 बजे प्रदेश के सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर, इफको के प्रबंध निदेशक उदयशंकर अवस्थी व अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। इस दो दिवसीय अधिवेशन में विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठनात्मक चर्चा होगी और प्रदेश अध्यक्ष,महामंत्री व प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन होगा। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन प्रमुख डॉ अरुण सिंह, प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार ओझा, अरविंद दुबे ,प्रदेश संपर्क प्रमुख अशोक शुक्ला, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह व प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक कुमार राय उपस्थित रहे।

## नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

जनपद में पूर्व कप्तान अभिषेक अग्रवाल के स्थानांतरण के बाद सोनभद्र से स्थानान्तरित होकर रायबरेली पहुंचे नवागंतुक कप्तान डॉ. यशवीर सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त पत्रकारों के साथ चर्चा में उन्होंने जनपद की बिगड़ी कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा थाना स्तर पर ही पीड़ितों की समस्या का समाधान, यातायात व्यवस्था में सुधार एवम् सीयूजी नंबर पर फोन न उठाने वाले थानेदारों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दियाहालांकि पूर्व कप्तान के कार्यकाल में बेपटरी हुई कानून व्यवस्था को पटरी पर लाना नए कप्तान के लिए किसी चुनौती से कम नही है। अब देखना है कि नवागंतुक कप्तान अपने वक्तव्यों पर कितने खरे उतरते हैं।

# डी0पी0आर0ओ0 से मिला उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण कराये जाने हेतु संगठन के प्रतिनिधि मण्डल जिला अध्यक्ष शिव जी वर्मा, जिला मंत्री कमला प्रसाद यादव और संगठन के कार्यकर्ता द्विपक्षीय वार्ता कर मांगो के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारियो की समस्याओं में जिला पंचायत राज अधिकारी अयोध्या से भेंट मुलाकात कर अपनी बात रखी द्य जिसमें पंडित दीनदयाल कैशलेश चिकित्सा कार्ड उपलब्ध कराया जाय।

साप्ताहिक अवकाश पर अन्य कार्य न लिया जाय और अगर विषम परिस्थिति में लिया जाता है तो प्रतिकर अवकाश उपलब्ध कराया जाय। उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का ब्लाक स्तर पर महीने के 22 तारीख को बैठक व जिला मुख्यालय पर 28 तारीख को बैठक पूर्व की भांति की जाय।

अपर निदेशक पंचायती राज के स्पष्ट आदेश के बावजूद सफाई कर्मचारियों को रोड पर सांड़ पकड़वाने के लिए ड्यूटी न लगाया जाय। उत्तर प्रदेश पंचायती राजग्रामीण सफाई कर्मचारियों की वार्षिक चरित्र प्रविष्ट कई वर्षो से जिला मुख्यालय पर नहीं भेजा गया है। जबकि जिला पंचायत राजअधिकारी का स्पष्ट आदेश है वार्षिक चरित्र प्रविष्ट जिला मुख्यालय पर भेजा जाय। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाती है तो ग्राम प्रधान को अवगत कराया जाय जिससे पैरोल जैसी समस्या का निराकरण हो। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की जेष्ठता व वरिष्ठता सूची बनायी जाय।

## सहकारी बैंक में सदस्यता अभियान आयोजित हुआ

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

जिला सहकारी बैंक में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में भाजपा का सदस्यताअभियान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड मनीष साहनी रहे। मुख्य अतिथि श्री साहनी ने कहा कि सभी लोग पार्टी की सदस्यता लें जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि जिस तरह बी-पैक्स स्तर पर समितियों की सदस्यता में वृद्धि की गई थी उसी प्रकार पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाने में वृद्धि की जाएगी इसी क्रम में उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने विचार व्यक्त किए जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने भी विचार व्यक्त किए इस अवसर पर तमाम लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत निकाली गई जन जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को सभी परियोजनाओं में पोषण रैली का आयोजन किया गया।सिंहपुर में सीडीपीओ धर्मेंद्र गौतम द्वारा पोषण के विषय पर एक गोष्ठी की गई। जिसमें सभी कार्यकत्रियों को अपने केंद्र पर एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने तथा सैम बच्चे के घर पर भी सहजन का पेड़ लगाने की अपील की गई। गर्भवती महिलाओ के यहां गृह भ्रमण कर प्रसवपूर्व तैयारी करवाने, जन्म से छ माह तक के बच्चो को सिर्फ मां का दूध इसके अलावा कुछ नही का संदेश प्रचारित करने हेतु कहा गया। इसके बाद पोषण रैली निकली गई। रैली में आगनवाड़ी कार्यकत्री यूनिसेफ बीएमसी साधना और बीएमएम ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्य सेविका आदि मौजूद थीं। इसी प्रकार कस्थूनी पश्चिम मुसाफिरखाना में मुख्य सेविका रीता सिंह व निशा सिंह,जायस बहादुरपर में मुख्य सेविका किरण सिंह व शिवकांती और शाहगढ में सीडीपीओ ममता नायक के अगुवाई में पोषण अभियान के तहत पोषणजागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें प्राइमरी पाठशाला के अध्यापक विकास खंड शाहगढ के एडीओ पंचायत,कर्मचारी आगनबाड़ी कार्यकत्री एवम बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवाल की जमानत पर आप कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल



**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं सदर विधान सभा प्रभारी सुरेश सिंह ने दिल्ली सरकार के मुख्यमन्त्री को मान्नीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जमानत प्रदान किये जाने पर न्यायपालिका को धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री सिंह ने कहा कि एक न्यायप्रिय, कर्मठ, ईमानदार, उच्च शिक्षित मुख्यमन्त्री की कार्यशैली से विरोधियों के हौसले पस्त थे और वह आए दिन किसी न किसी रूप से उन्हें परेशान करने की योजना बनाते रहते थे, किन्तु आम जनमानस का सहयोग एवं माननीय न्यायालय द्वारा एक ईमानदार व्यक्तित्व की कार्य क्षमता को पहचानते हुए न्याय संगत कार्यवाही की गयी, न्याय सदैव प्रासंगिक रहा है, न्याय वह तराजू है, जिसके पलड़े पर हर कोई समान रूप से तुलता है। यहाँ किसी का विशेषाधिकार नहीं होता, सच्चा न्याय वही है जो एक मिशाल कायम करे जो कि मान्नीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से स्पष्ट परलक्षित है। श्री सिंह ने शहर के रतापुर में अपने कार्यकर्ताओं के साथ ढोल-नगाड़े एवं मिष्ठान वितरण कर अरविन्द केजरीवाल की जीत का जश्न मनायाइस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष विकास वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्र मोहन सिंह वरिष्ठ नेता राम मोहन श्रीवास्तव रामू पुनीत सिंह जगधारी प्रकाश शर्मा अनूप तिवारी आशु सिंह मो0अय्याज मनीष शर्मा अनूप चौधरी दीपक गुप्ता अग्रजसिंह रवि द्विवेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने रोड ओवर ब्रिज कार्य का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मुंशीगंज में सेतु निगम द्वारा बनाये जा रहे रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता देखी। सेतु निगम विभाग की उप परियोजना प्रबंधक पूजा श्रीवास्तव को निर्देश दिया की कार्य में प्रगति लाई जाए। साथ ही निर्माण कार्य में जो भी व्यावहारिक समस्याएं आ रही हैं उसका शीघ्र निस्तारण कराया जाए। भूमि अधिग्रहण का कार्य आपसी सहमति से जल्द से जल्द पूरा हो जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान यातायात बाधित न हो इसका ध्यान रखा जाए। भारी वाहनों के लिए अलग से डायवर्जन ज़ोन बनाया जाए। जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। ट्रैफिक पुलिस भी हर समय यहां मुस्तैद रहे। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि जिन लोगों ने भी मार्ग के आसपास अतिक्रमण कर रखा है उन्हें शीघ्र हटाया जाए।

# सरकार की नीतियों का आधार स्तम्भ है सबका साथ, सबका विकास : राकेश सचान

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मन्त्री एवं रायबरेली जनपद के प्रभारी मन्त्री राकेश सचान का सारस चौराहा पर प्रयागराज जाते समय वरिष्ठ भाजपा नेता रवि सिंह चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

स्वागत से अभिभूत श्री सचान ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास केवल एक नारा नहीं है बल्कि सरकार की नीतियों का आधार स्तंभ है, यह एक मंत्र है, जिसके आधार पर हम अंत्योदय के सिद्धान्त पर चलते हुए देश के गांव, गरीब किसान के कल्याण के प्रति अहर्निश समर्पित है। भाजपा नेता रवि सिंह चौधरी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी युग में, भाजपा ने हमेशा कार्यकर्ताओं की शक्ति पर विश्वास किया है। देश की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है पूर्व विधान सभा प्रत्याशी संजय पासी ने कहा कि भाजपा सरकार में नामुमकिन अब मुमकिन है श्री सचान जी एक योग्यनिष्ठावान एवं अनुभवी राजनैतिक व्यक्ति हैं निश्चित ही अब रायबरेली विकास के पथ पर अग्रसर होगा इस अवसर पर मुख्य रूप से दीगेन्द्र प्रताप सिंह, रामशंकर यादव, जीतेन्द्र सिंह, वेद प्रकाश पाण्डेय, एल.सी. कनौजिया, विष्णु सिंह, शिवेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, कुलदीप चौधरी, अविनाश शुक्ला, लवलेश चौधरी, शुभम यादव आदि लोगों ने माल्यार्पण एवं कर स्वागत किया।

## इंदिरा गाँधी राजकीय महिला महाविद्यालय रायबरेली में स्वस्थ संसार विषय पर हुई प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय रायबरेली में जिला स्वास्थ्य समिति एवं रासेयो इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दवा खिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गयास्वच्छ वायु स्वस्थ संसार विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता एवं फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत फाइलेरिया से बचाव का कार्यक्रम हुआमहाविद्यालय में स्वस्थ संसार विषय पर हुई प्रतियोगिताइसके बाद निबन्ध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र स्नातक तृतीय सेमेस्टर की शालिनी और पूर्णिमा बाजपेयी तथा स्नातक प्रथम सेमेस्टर की साक्षी पटेल को पुरस्कृत किया गया। हिंदी भाषा कि प्रतियोगिता में कक्षा 12 की अनिमेशिका सिंह और पूर्वांशी सिंह हिंदी भाषा में कक्षा 10 की विधि त्रिपाठी कक्षा नौ की श्रेयसी श्रीवास्तव पंक्ति राज तथा अनुराग शुक्ला को सम्मानित किया गया। अंग्रेजी भाषा की प्रतियोगिता में कक्षा नौ कि अमोल सिन्हा सूर्या यादव वर्तिका रुद्रांश अर्नव श्रीवास्तव तथा कक्षा 12 की प्रेरणा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के बादल छाए रहने के कारण मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# लगातार हो रही बारिश की वजह से मिट्टी से बना मकान भरभरा कर गिरा, गृहस्थी दबी

**✻ कई बार अधिकारियों की चौखट के चक्कर लगाने के बाद भी नहीं मिला प्रधानमंत्री आवास**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

तीन दिन से लगातार हो रही बरसात की वजह से सदर तहसील के मरौंदा मझवारा गांव में एक मिट्टी से बना घर शुक्रवार की सुबह भरभरा कर गिर गया। जिसमें घर का मुखिया बाल बाल बच गया वहीं घर की गृहस्थी का सारा सामान दब गया। लेखपाल शालेंद्र ने नुकसान का आंकलन कर तहसील में रिपोर्ट भेज दी हैं।



मरौंदा मझवारा निवासी दिव्यांग शंकर लाल अवस्थी मिट्टी के घर में छत पर प्लास्टिक की पन्नी डाल कर कई वर्षो से रह रहा हैं। घर गिर जाने व मलबे में सारी गृहस्थी दब जाने से दिव्यांग शंकरलाल अवस्थी के सामने जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई हैं। पीड़ित ने बताया कि ग्राम प्रधान से लेकर संबंधित विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के कई वर्षो से चक्कर लगाने के बाद भी प्रधान मंत्री आवास नही मिला। शायद ब्राम्हण जाति से होने का दंड मुझे और मेरे परिवार को मिल रहा हैं।

**ग्राम प्रधान से लेकर अधिकारियों के दफ्तर के लगाये चक्कर, नहीं मिला प्रधानमंत्री आवास**

दिव्यांग शंकर लाल अवस्थी ने बताया कि एक ओर जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब और लाचार व्यक्तियों के लिए देशभर में विभिन्न योजनाएं लागू कर रहे हैं। वही अधिकारी कुर्सी छोड़कर क्षेत्र में जाना ही नहीं चाहते। मेरा कच्चा मकान था जो लगातार हो रही बारिश के बाद गिर गया जिसमें मेरी सारी गृहस्थी का सामान दब गया। कई बार प्रधान और अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर काटने के बाद भी अभी तक मुझे प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल सका है। अब मेरे पास ना तो पैसा है और ना ही खाने के लिए अनाज, अब मेरे सामने परिवार का पेट पालने की सबसे बड़ी समस्या है।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे नहर के पास मिला सिक्योरिटी गार्ड का शव और जहरीला पदार्थ



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

साढ़ थाना क्षेत्र के दरगाही लाल नहर पुल के पास खाली दुकानों मे एक सिक्योरिटी गार्ड का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे मिला है। शव के पास ही जहरीले पदार्थ की एक शीशी भी बरामद हुई है। जिससे प्रथम दृष्टया आत्महत्या का संदेह जताया जा रहा है। राहगीरों की सूचना पर साढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

मृतक सिक्योरिटी गार्ड की पहचान शिव सागर सिंह 40 वर्ष निवासी राजेपुर गांव साढ़ थाना क्षेत्र के रूप मे हुई है।

वह न्योरी स्थित मां पीतांबरा साइट पर सिक्योरिटी गार्ड के पद मे काम करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शिव सागर सिंह की पत्नी अर्चना सिंह ने बताया कि उनके पति 10 तारीख की देर शाम ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे। लेकिन रास्ते मे कुछ बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया। यह घटना रमईपुर-जहानाबाद मार्ग के पास हुई। जहां बदमाशों ने शिव सागर के हाथ-पैर बांधकर उन्हें सड़क किनारे फेंक दिया और उनकी लाइसेंसी बंदूक, मोबाइल और पैसे लूटकर फरार हो गए। अगली सुबह 11 तारीख को राहगीरों ने सड़क किनारे शिव सागर को बेहोशी की हालत मे पाया और उनके बंधे हाथ-पैर खोले।

घर पहुंचने के बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी अपनी पत्नी और परिजनों को दी। इसके बाद वह बिधनू थाने पहुंचकर पुलिस को लूट की घटना की शिकायत दर्ज कराने गए। लेकिन बिधनू पुलिस ने उन्हें साढ़ थाने भेज दिया। साढ़ थाने मे शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई कार्यवाही नही हुई। शिव सागर ने इसके बाद जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह से संपर्क किया। जिन्होंने थाने मे मामले को लेकर बात कराने की कोशिश की।

**विधनू थाना जा रहे कहकर घर से निकला मृतक**

इसके बाद शिव सागर देर शाम घर से यह कहकर निकले कि वे बिधनू थाने जा रहे हैं। शुक्रवार सुबह उनका शव दरगाही लाल नहर पुल के पास स्थित खाली दुकानों मे मिला। शव के पास जहरीले पदार्थ की एक शीशी भी पाई गई है। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दी होगी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**हत्या या आत्महत्या की जांच मे जुटी पुलिस**

साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शिव सागर की मौत आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई अन्य साजिश है।

# गुरुकुल छात्र की गंगा में डूबने से हुई दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**बिठूर।** आदित्य तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी पहाड़पुर थाना दोष पुर जिला सुल्तानपुर उम्र 13 वर्ष जो पुराने बिठूर स्थित स्वामी महेशा नंद विद्या पीठ गुरुकुल में पढाई करता था। सुंदर घाट जो इस गुरुकुल से सटा हुआ बना है। जहां पर किसी पर्व मेले में कोई बाहरी व्यक्ति नहीं आते है। मात्र पुराने बिठूर के ही पुराने लोग कभी कभार गंगा स्नान करते थे और बीते दिन शुक्रवार को समय करीब 4 बजे गुरुकुल का गंगा स्नान करते समय डूब गया। सूचना पर पीएसी फ्लड की फोर्स के जरिए गंगा नदी में नाव लगाकर उक्त बच्चे की खोज बीन की गई लेकिन बच्चों का कोई पता नहीं चला। गुरुकुल के आचार्य की माने तो डूबा हुआ बच्चा आंशिक रूप से मानसिक विक्षिप्त था। बच्चों को उसके मामा प्रमोद मिश्रा अध्ययन करने के लिए गुरुकुल में छोड़ गए थे।

**27 दिन पहले ही आदित्य तिवारी आया था गुरुकुल**

गुरुकुल के आचार्य अशोक अग्निहोत्री ने बताया कि आदित्य तिवारी 27 दिन पहले ही गुरुकुल आया है। इसके मां और पिता ना होने की वजह आदित्य अपने मामा के यहां रहता था। इसके मामा ने ही इसका प्रवेश गुरुकुल में कराया था। कुछ वर्ष पूर्वी इसकी माता का निधन सर्प के काटने से हो गया था।

# परिवहन विभाग के 62 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रट सभागार में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें परिवहन विभाग के 62 एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलाधिकारी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि कानपुर नगर जनपद में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षायें आयोजित होती है। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया जाता है। विगत दिनों में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 संपन्न हुई, जिसमें उ0प्र परिवहन निगम के अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा बेहतर तरीके से कार्य किया गया उनके द्वारा प्री प्लानिंग कर बस स्टॉप व अन्य स्थान से विभिन्न जनपदों से आने वाले परीक्षार्थियों को सुगमता पूर्वक उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने हेतु परिवहन निगम द्वारा व्यवस्थित तरीके से कुशल संचालन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बीते दिन परिवहन निगम के 62 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जनपद कानपुर नगर में पुलिस आरक्षी भर्ती 2023 की परीक्षा, जो दिनांक 23, 24, 25, 30 एवं 31 अगस्त, 2024 को प्रत्येक दिवस 02 पालियों में आयोजित हुई थी, परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को उ0प्र0 शासन के निर्देशानुपालन में जिलाधिकारी, कानपुर नगर के कुशल मार्गदर्शन में उ0प्र0 परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी। परिवहन निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पूर्ण कर्तव्यनिष्ठता के साथ इस दायित्व का निर्वाहन किया गया। कानपुर क्षेत्र द्वारा कुल 2,35,229 अभ्यर्थियों को उनके गन्तव्य तक निःशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध करायी गयी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबन्धक कानपुर अनिल कुमार, सेवा प्रबन्धक गोकरन सिंह, राकेश कुमार, महेश कुमार, रामलवट, मुहम्मद अशफाक, सुनीत कुमार अग्रवाल, जी.सी. वर्मा सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धको सहित परिवहन निगम के अनेकों उपाधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धान को फायदा, इन फसलों को होगा नुकसान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर देहात के जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि धान की फसल को यह बारिश फायदेमंद है। बीते एक सप्ताह से बारिश न होने के चलते धान की फसल सूख रही थी। गुरुवार की बारिश के बाद खेत पानी से लबालब हो गए है। ऐसे में एक सप्ताह तक बारिश की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। हालांकि अगेती फसलों में तैयार हो रही मक्का, ज्वार, बाजरा के साथ तिलहनी फसलों व सब्जियों के लिए तैयार हो रही पौध को नुकसान हुआ है। मक्का, ज्वार, बाजरा के खेत में पानी ठहरने न दे।

**जंगली जानवर से चार गांवों में दहशत, तीन लोगों पर कर चुका है हमला**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** नरवल तहसील के चार गांवों में जंगली जानवर से ग्रामीण दहशत में हैं। जंगली जानवर ने बुधवार को तीन लोगों को घायल कर दिया था। इसके बाद से सवायजपुर, रोशनपुर, खुजौली, सेमरुआ, खुजकीपुर व बेहटा में ग्रामीण एक साथ खेतों से चारा लेने जा रहे हैं। गुरुवार सुबह भी एक वृद्ध ने जंगली जानवर के दिखाई देने की बात कही है। धारीदार जानवर होने से कुछ ग्रामीण इसके लकड़बग्घा होने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। वहीं, एसडीएम ने ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों और वन विभाग की टीम की तैनाती कर दी है। नरवल थाना के सेमरुआ और बेहटा सकत गांव में मंगलवार रात जंगली जानवर ने हमलाकर तीन लोगों को घायल कर दिया था।

# भारी बारिश के चलते गिरे बिजली के जर्जर खंभे, त्रस्त जनता ने जताई नाराजगी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर मे रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश ने लोगों को काफी परेशानी मे डाल दिया है। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई इलाकों मे जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा बारिश के दौरान कई इलाकों मे चोक सीवर व नाले उफनाकर सड़क व लोगों के घरों मे बहने लगे हैं जिससे लोगों को नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ा है।

बारिश के साथ तेज हवा के चलते कई जगह पेड़ गिर गए और बिजली के खंभे उखड़ गए हैं। जिससे बिजली आपूर्ति मे भी बाधा आई है। इन समस्याओं की वजह से कानपुर के कई क्षेत्रों मे केस्को को बिजली की सप्लाई बंद करनी पड़ी है। जिससे लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**क्षेत्रीय जनता ने केस्को विभाग पर जताई नाराजगी**

बीते दिनों किदवई नगर स्थित संजय वन रोड पर हुई तेज बारिश और हवाओं के कारण सड़क पर लगे पुराने और जर्जर खंभे गिर गए। इन खंभों के गिरने से कई इलाकों मे बिजली सप्लाई प्रभावित हुई और केस्को को मजबूरन आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इस दौरान बिजली की कटौती से परेशान लोगों ने केस्को विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई और उनकी लापरवाही को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

**क्षेत्रीय पार्षद ने केस्को विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप**

क्षेत्रीय पार्षद अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार की रात को तेज हवाओं और बारिश के चलते किदवई नगर मे कई जर्जर लोहे के खंभे गिर गए। उन्होंने केस्को विभाग पर आरोप लगाया कि विभाग को नियमित रूप से खंभों और पेड़ों की स्थिति की निगरानी करनी चाहिए लेकिन ऐसा नही किया जाता। त्रिपाठी ने कहा कि जर्जर खंभों को सुधारने के बजाय नए खंभे लगाए जाने चाहिए ताकि भविष्य मे ऐसी घटनाओं को होने से रोका जा सके। उन्होने केस्को की लापरवाही की आलोचना करते हुए कहा कि अगर कोई सड़कों पर गुजर रहा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## 36 घंटे में 65.2 मिमी बरसात, दो दिन और तेज बारिश के आसार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में विदाई के बेला में मानसून पूरी सक्रियता दिखा रहा है। 36 घंटे में कानपुर परिक्षेत्र में 65.2 मिली बारिश हुई।

अभी दो दिन और तेज बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी बोर्ड के नर्सरी से 12वीं तक के स्कूल शनिवार को बंद रखने के आदेश कर दिए हैं। उधर, मंगलवार रात से लगातार हो रही बारिश की वजह से मौसम भी ठंडा हो गया है।

तीन दिन पहले जो अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री था, वह गुरुवार को 28.2 डिग्री दर्ज किया गया। सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक चल रहा दिन का औसत तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक पहुंच गया। इसी वजह से एसी-कूलर बंद हो गए हैं। मौसम विभाग ने शनिवार तक तेज बारिश के आसार जताए हैं।

वरिष्ठ मौसमी विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि एक और निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है।

# चलती ट्रेन मे किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले रेलकर्मी को यात्रियों ने पीटा, इलाज के दौरान मौत




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीती रात कानपुर सेंट्रल स्टेशन से बड़ी खबर सामने आई है जहां बरौनी से नई दिल्ली जा रही 02563 क्लोन एक्सप्रेस मे यात्रा कर रहे एक परिवार ने रेलवे कर्मचारी पर 11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई कर दी। पिटाई के बाद उन्होंने उसे जीआरपी के हवाले कर दिया। जीआरपी की हिरासत मे घायल आरोपी को के.पी.एम. अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

बता दें कि सरमस्तपुर मुजफ्फरपुर बिहार निवासी प्रशांत कुमार मंगलवार को सीवान से नई दिल्ली जाने के लिए 02563 बरौनी नई दिल्ली क्लोन एक्सप्रेस मे सवार हुआ था। जी.आर.पी. की जांच के मुताबिक बुधवार की रात 11:30 बजे उसने सीट नंबर एम 1 12-15 पर यात्रा कर रहे एक परिवार की किशोरी को पहले बहला फुसलाकर अपनी सीट पर बैठाया। रात मे जब मां वॉशरूम गई तो उसने मौका पाकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। जिससे वह रोने लगी। जिसके बाद आरोपी ने उसे डरा दिया। तो वह सहम गई थी। जैसे ही मां वॉशरूम से वापस लौटी तो किशोरी ने मां को पूरी घटना बताई। मां ने घटना अपने पति और ससुर को बताई और कोच के यात्रियों को भी इसकी जानकारी दी।

लखनऊ से कानपुर तक पीटते रहे परिजनों ने आरोपी को गैलरी मे ले जाकर पीटा और उसे लखनऊ से पीटते हुए कानपुर ले आए। परिजनों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। बुधवार सुबह 4:35 बजे जैसे ही ट्रेन कानपुर सेंट्रल के प्लेटफार्म नंबर 7 पर पहुंची। पुलिस ने उसे हिरासत मे ले लिया और थाने ले आई। बाद मे किशोरी की मां और परिवार के लोग थाने पहुंचे। मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच लखनऊ ट्रांसफर कर दी। इस दौरान आरोपी प्रशांत की तबीयत खराब होने पर पुलिस ने उसे के.पी.एम. भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पोक्सो एक्ट मे मामला दर्ज**

जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि गोपालगंज की एक महिला ने अपनी 11 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट और 74 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। चूंकि कथित घटना ऐशबाग के पास हुई थी इसलिए मामले को वहां स्थानांतरित कर दिया गया है। ट्रेन मे आरोपी की पिटाई की गई थी। के.पी.एम. मे भर्ती आरोपी की मौत की सूचना कलेक्टर गंज पुलिस को दी गई। जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी। प्रशांत के चाचा आर सिंह गुरुवार सुबह कानपुर आए। इसके बाद पंचनामा की कार्यवाही पूरी कराई गई। देर शाम पोस्टमार्टम भी कर दिया गया।

**ग्रुप डी मे कार्यरत था आरोपी**

जीआरपी की शुरुआती जांच मे यह भी पता चला है कि किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी प्रशांत अपने पिता एस.कुमार की सेवा के दौरान मौत के बाद मृतक आश्रित के तौर पर ग्रुप डी मे कार्यरत था। वह मूल रूप से सरमस्तपुर मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला था। वह किसी निजी काम से सीवान बिहार से नई दिल्ली जाने के लिए क्लोन एक्सप्रेस मे सवार हुआ था।

# 22वां बाबा रामदेव महोत्सव रविवार को अत्यन्त धूमधाम से मनाया जायेगा




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बाइसवां बाबा रामदेव महोत्सव रविवार 15 सितम्बर 2024 बाबा रामदेव सेवा समिति ट्रस्ट (पंजी0) द्वारा बाइसवां बाबा रामदेव महोत्सव रामदेवरा धाग, बाबा रामदेव (रामसापीर) मन्दिर मैनावती मार्ग सिंहपुर चौराहा, बिठूर, कानपुर में दिनांक 15 सितम्बर 2024 दिन रविवार को सुबह 11 बजे से अत्यन्त धूमधाम से मनाने जा रहा है। रामदेवरा धाम में बाबा का भव्य दरबार सजाया जायेगा। दरबार में ऐसा प्रतीत होगा जैसे हम साक्षात बाबा के धाम रामदेवरा में उपस्थित हैं। बाइसवां महोत्सव में बाबा का साक्षात दरबार अखण्ड ज्योति 56 भोग के साथ बाबा का जम्मा जागरण होगा तथा बाबा रामदेव जी रामसापीर के अवतरण तथा बाबा द्वारा भक्तों को दिखाये गये चमत्कारों का वर्णन किया जायेगा। इसी कड़ी में भजनों की प्रस्तुति मयंक भयूर जिन्दल (छत्तीसगढ़) एवं सुश्री चांदनी लाहौटी (जयपुर), कुमार सन्दीप एण्ड पार्टी (कानपुर) द्वारा की जायेगी। बाबा रामदेव (रामसापीर) के भव्य मन्दिर का निर्माण सिंहपुर मैनावती मार्ग, बिठूर पर प्रगति पर है। भव्य मन्दिर के साथ चिकित्सालय एवं जनोपयोगी भवन के अद्वितीय संगम का स्वप्न साकार होने में अब अधिक विलम्ब नही है। इस अमूल्य धरोहर की परिणति होते ही महानगर एवं देहात के जनमानस के लिए धर्म चिकित्सा एवं सेवा का स्वप्न एकसाथ एक छत के नीचे साकार हो उठेगा। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से सेवा समिति के अध्यक्ष टीकम चन्द सेठिया, महामंत्री किशन लखोटिया, कोषाध्यक्ष पारस जैन, उत्सव संयोजक विष्णु अग्रवाल, सुभाष लखोटिया, आनन्द मोदी, करन समपुरिया, विनोद बेरीवाल, नरेन्द्र भमत्त, राकेश लूखोटिया, देवराज शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# अब 500 वर्गमीटर में होटल 400 में खोल सकेंगे पेट्रोल पंप

**✻ केडीए बैठक में इन प्रस्तावों पर लगेगी मुहर**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




कानपुर में 500 वर्गमीटर के प्लॉट पर भी होटल बन सकेंगे। पहले इसके लिए न्यूनतम क्षेत्रफल 1000 वर्गमीटर तय था। 1080 वर्गमीटर के प्लॉट के स्थान पर 400 वर्गमीटर के प्लॉट पर सीएनजी फिलिंग स्टेशन और 500 वर्गमीटर के प्लॉट के स्थान पर न्यूनतम 400 वर्गमीटर के प्लॉट पर पेट्रोल पंप खुल सकेंगे। इस संबंध में शुक्रवार को होने वाली केडीए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाए जाएंगे। चूंकि शासन ने इन प्रस्तावों को अंगीकृत करने को कहा है। इसलिए इन पर मुहर लगना लगभग तय है। बैठक के एजेंडे में सात प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। केडीए बोर्ड की 141वीं बैठक के एजेंडे में नियोजन अनुभाग की तरफ से शामिल कराए गए प्रस्ताव संख्या-2 के तहत भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 (यथा संशोधन-2023) में होटल निर्माण के लिए अपेक्षाओं से संबंधित अध्याय-5 में संशोधन किए जाने के संबंध में शामिल किया गया है। इसी अनुभाग की तरफ से शामिल कराए गए प्रस्ताव संख्या-3 के तहत उक्त उपविधि में नगरीय क्षेत्र में पेट्रोल पंप, फ्यूल स्टेशन स्थापित करने के लिए भूखंड का क्षेत्रफल कम करने के संबंध में है। अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की तरफ से सभी विकास प्राधिकरणों के अध्यक्षों और उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषदों के आवास आयुक्त को जारी आदेश में संशोधन की जानकारी दी है। इसे अपने-अपने बोर्ड से अनुमोदन से तत्काल अंगीकृत करते हुए अनुपालन करने का आदेश दिया है।

**पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

जानकारों के अनुसार कम जगह में होटल बनने से इस उद्योग के के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों को तुलनात्मक कम शुल्क पर होटलों में कमरे उपलब्ध हो सकेंगे। इसी तरह फिलिंग स्टेशन ज्यादा खुलेंगे। ऐसा होने पर सीएनजी के लिए फिलिंग स्टेशनों में लाइन लगाने से निजात मिलेगी। इसके अलावा एजेंडे में 14 जून को हुई बोर्ड की 140वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि, जैनपुर (कानपुर देहात) की एक इंडस्ट्री के लिए कृषि योग्य जमीन का उपयोग बदलकर वृहद उद्योग करने, चालू वित्तीय वर्ष के बजट की बैलेंस शीट का अनुमोदन आदि प्रस्ताव भी शामिल किए गए हैं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अमित शाह के आश्वासन को भाजपा ने क्यों किया दरकिनार?

**भाजपा सूत्रों का कहना है कि कश्मीर घाटी में इस बार कई स्वतंत्र उम्मीदवार जीतने की हैसियत रखते हैं इसलिए उनकी राह में बाधा बनना सही नहीं है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह स्वतंत्र उम्मीदवार जीत हासिल करते हैं तो सरकार बनने की स्थिति में पार्टी की मदद कर सकते हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला इसलिए भी लिया गया है ताकि वंशवादी राजनीति करने वाले नेताओं को हराने में अन्य प्रबल उम्मीदवारों की मदद की जा सके।**

*जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर और अपने दम पर सरकार बनाने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरी भाजपा इस केंद्र शासित प्रदेश में बिल्कुल नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत तो चाह रही है मगर उसने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार ही नहीं उतारे हैं इसलिए सवाल उठ रहा है कि जब सभी सीटों पर वह लड़ ही नहीं रही है तो सरकार कैसे बना लेगी? हम आपको बता दें कि भाजपा घाटी की सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। देखा जाये तो कश्मीर घाटी में 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का भाजपा का फैसला हैरानी भरा है क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि पार्टी जम्मू-कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। गत सप्ताह भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर आये अमित शाह ने दावा किया था कि भाजपा ही केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाएगी। इसलिए सवाल उठता है कि भाजपा सरकार बनाने लायक नंबर कहां से लायेगी? हम आपको बता दें कि कश्मीर घाटी में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में कड़ी मेहनत कर अपना पार्टी संगठन खड़ा किया था और विभिन्न क्षेत्रों में उसके पास समर्थकों की अच्छी खासी तादाद भी है लेकिन इसके बावजूद पार्टी ने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे जिससे पार्टी के तमाम कार्यकर्ता नाराज बताये जा रहे हैं। हालांकि भाजपा इस नाराजगी को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही और उसका कहना है कि कश्मीरी जनता हमें उन 19 सीटों पर भारी बहुमत देगी जहां हमने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मगर कश्मीर घाटी में भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है। श्रीनगर में एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि हमने वर्षों से विपरीत माहौल में पार्टी को खड़ा करने के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन जब हमें पुरस्कृत करने का समय आया, तो पार्टी ने हम पर भरोसा नहीं किया। उन्होंने या तो सीटें छोड़ दीं या ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जो पार्टी में नए हैं। कश्मीर घाटी के भाजपा नेता और कार्यकर्ता अमित शाह के वादे पर भी सवाल उठा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि इसी साल मई में घाटी की अपनी यात्रा के दौरान, भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करते हुए अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के दौरान कश्मीर घाटी की सभी तीन सीटों को छोड़ने के फैसले पर खेद व्यक्त किया था। हम आपको याद दिला दें कि लोकसभा चुनावों में जम्मू में आने वाली दो सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी और उसने कश्मीर की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। अमित शाह ने उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं से जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा था कि भाजपा इस बार सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसलिए सवाल उठ रहा है नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिये गये आश्वासन के बावजूद भाजपा ने अपना मन क्यों बदला? हम आपको बता दें कि कश्मीर में पार्टी के 19 उम्मीदवारों में दक्षिण कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से आठ, मध्य कश्मीर की 15 में से छह और उत्तरी कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से पांच शामिल हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि वह घाटी में किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं कर रहे हैं और केवल 19 उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का निर्णय एक सोचा समझा फैसला है ताकि कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को जीत हासिल करने में मदद मिल सके। भाजपा सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनावों में भी कश्मीर घाटी की तीनों लोकसभा सीटें इसलिए छोड़ी गयीं थीं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारतीय वायुसेना के ही सभी वायुसेना स्टेशन शामिल हुए थे जबकि 'तरंग शक्ति' में दुनिया के कुछ प्रमुख देश भारतीय वायुसेना के साथ हिस्सा ले रहे हैं। बहरहाल, 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास की मेजबानी करके भारत का लक्ष्य रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाना और अंतर्राष्ट्रीय रक्षा में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तरंग शक्ति वायु अभ्यास के साथ भारत की रक्षा कूटनीति में उल्लेखनीय प्रगति होगी। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास के आयोजन का सबसे बड़ा लाभ यही है कि यह अभ्यास इसमें शामिल रहे देशों की वायु सेनाओं के बीच न केवल व्यावसायिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा।**

# 'तरंग शक्ति' : गरज रहा भारत का आसमान



योगेश कुमार गोयल

**'गगन शक्ति-2024' में चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयारी का परीक्षण भी किया गया था। उस हवाई सैन्य अभ्यास में तेजस, राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिराज 2000, चिनूक, अपाचे, प्रचंड, ट्रांसपोर्ट विमान ग्लोबमास्टर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलस, सी-295 ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था।**

भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है, जो भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस 'वॉर एक्सरसाइज' में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में 'तिरंगा' बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये उसे निहारता ही रह गया। 'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को तो जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। 'तरंग शक्ति' के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रायल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा. जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। 'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले सभी देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना, उन्हें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और परिचालन समन्वय में सुधार करने में सक्षम बनाना है। 'तरंग शक्ति' में उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के अलावा रक्षा प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं और वायु अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों के रक्षाकर्मी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों का दौरा भी करेंगे। 'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'रेड फ्लैग' अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है। करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास 'रेड फ्लैग 2024' के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था। इन आयोजित मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स एंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज युद्ध अभ्यास शामिल थे। अमेरिका द्वारा 'रेड फ्लैग' अभ्यास वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है और इसके दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना के अलावा सिंगापुर वायुसेना, ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स, रॉयल नीदरलैंड्स वायुसेना और जर्मन लूफ्टवाफे ने भी हिस्सा लिया था। भारतीय वायुसेना ने रेड फ्लैग में पहली बार 8 राफेल लड़ाकू विमान तैनात किए थे, जिन्हें ट्रान्साटलांटिक यात्रा के लिए आईएल-78 मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ-साथ सी-17 ग्लोबमास्टर विमान की भी सहायता मिली थी। भारतीय वायुसेना द्वारा इससे पहले 1 से 10 अप्रैल 2024 तक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए 10 दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास 'गगन शक्ति-2024' भी आयोजित किया जा चुका है, जिसमें देश के सभी वायुसेना स्टेशन बारी-बारी से शामिल हुए थे। उस युद्धाभ्यास में करीब 11 हजार वायु सैनिकों ने हिस्सा लिया था।



**'तरंग शक्ति' के आयोजन से भाग लेने वाले देशों के बीच लाभकारी संपर्क और सहयोग को बढ़ावा मिलने से भविष्य के रक्षा गठबंधनों का भी निर्माण होगा। 'तरंग शक्ति' अभ्यास के आयोजन का उद्देश्य उन मित्र देशों को एक साथ लाना है, जिनके साथ भारतीय वायुसेना नियमित रूप से बातचीत करती है और जिनके बीच एक निश्चित सीमा तक अंतर-संचालन क्षमता है।**

## एक्सप्रेस कविता

*नल पर अकाल की व्यतिरेक ग्रस्त जनानाओं की आत्मभू मर्दाना वाच्याएं। एक-दूसरे के वयस की अंतरंग बातों, पहलुओं को सरेआम निर्वस्त्र करती, वात्या सदृश्य क्षणिकाएं, चीरहरण, संवादों से आत्म प्रवंचना, स्व-स्तुति, स्त्रियों के अधोवस्त्रों में झांकती शब्दों की तीक्ष्ण नजरें, निज संबंधों को उघाड़ती शब्दांजलियां, पानी के चंद कतरों को गुण्डियों, जंग लगी छेद वाली बाल्टियों में सहेजती। कभी-कभी असगर और अमर के लहू का लाल रंग इस नल के पानी से कितना मिलता-जुलता दिखता है। पानी शायद रंगहीन न जात, न पात। लहू-लाल, न हिन्दू न मुसलमान, वैसे ही जैसा खुला आसमान? लहू के रंग से कहीं ज्यादा, गहरा, और नल के टीके पर दिखाई देती है, सुबह शाम धर्म निरपेक्षता की जीती-जागती और सच्ची मिसालें।*

-संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**किसी के लिए खुली किताब मत बनो, टाइमपास का दौर है, पढ़कर फेंक दिये जाओगे..!**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 20:41 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढ़ा 20:32 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शोभन, 18:18 तक |
| सूर्योदयः | 05:51 |
| सूर्यास्तः | 18:12 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 08:56-10:29 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:37-12:27 |

# जन एक्सप्रेस

## सेंकते हम रोटी !

*छोटी छोटी घटना पर ।*
*सेंकते हम रोटी ॥*
*करनी राजनीति है ।*
*बात नहीं ये छोटी ॥*
*कोशिश लगातार है ।*
*टूट न जाए क्रम ॥*
*रहना हमको ज़िद ।*
*ना इसमें हो भ्रम ॥*
*होंगे लाख जलील पर ।*
*ना लाना बदलाव ॥*
*जनता ने ठुकरा कर ।*
*दिया बराबर घाव ॥*
*मुद्दों की हम खोज में ।*
*है लाना हर हाल ॥*
*भले लाख हम पर ।*
*उठते हों सवाल ॥*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मांसपेशियों की गांठों को दूर करने में कारगर हैं योग और स्ट्रेचिंग



**मांसपेशियों** में गांठें एक आम समस्या है, जिसके कारण कई लोगों को प्रभावित स्थान पर दर्द की शिकायत रहती है। मांसपेशियों में गांठें किसी भी व्यक्ति को हो सकती हैं, चाहे वह एक्टिव लाइफस्टाइल जी रहे हों या फिर लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठे रहने वाले लोग हों। मांसपेशियों का ज्यादा तनाव, गलत पॉश्चर के अलावा अन्य कारणों से भी मांसपेशियों में गांठ की समस्या हो सकती है। खासकर, गर्दन, कंधे, पीठ और जांघों की मांसपेशियों में गांठें ज्यादा होती हैं। अगर समय पर इनका इलाज नहीं किया जाए, तो ये परेशानी लंबे समय तक बनी रह सकती है और अन्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मांसपेशियों की गांठों को कम करने और दर्द से राहत पाने के लिए योग और स्ट्रेचिंग बेहद प्रभावी माने जाते हैं।

**मांसपेशियों में गांठ की समस्या में योग और स्ट्रेचिंग:** योग और स्ट्रेचिंग मांसपेशियों की गांठों को कम करने और उन्हें दोबारा बनने से रोकने में मददगार साबित होते हैं। योग के आसन और स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज मांसपेशियों में खिंचाव और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाते हैं, जिससे तनाव कम होता है और मांसपेशियों में आराम महसूस होता है। नियमित योग और स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों में जमी हुई गांठें धीरे-धीरे ढीली होती हैं, इसके साथ ही योगासन और स्ट्रेचिंग के जरिए मांसपेशियों में लचीलापन आता है, जिससे मांसपेशियों के तनाव में कमी होती है।

**अधोमुखश्वानासनः** यह योगासन शरीर की मांसपेशियों को खींचने और लचीलापन बढ़ाने के लिए सबसे प्रभावी है। अधोमुखश्वानासन से कंधों, पीठ और पैरों में खिंचाव होता है, जिससे मांसपेशियों में बनी गांठें ढीली होती हैं और दर्द से राहत मिलती है।

**बालासनः** बालासन पीठ, कंधों और गर्दन की मांसपेशियों को आराम देता है। यह मुद्रा मांसपेशियों की गांठों को कम करने में मदद करती है।

**गर्दन की स्ट्रेचिंगः** गर्दन में मांसपेशियों की गांठों को ठीक करने के लिए यह स्ट्रेचिंग प्रभावी है। इससे गर्दन के आसपास की मांसपेशियों में तनाव कम होता है और दर्द में राहत मिलती है।

**कंधे की स्ट्रेचिंगः** कंधों में मांसपेशियों की गांठें अक्सर लंबे समय तक बैठे रहने या कंप्यूटर पर काम करने के कारण होती हैं। कंधे का स्ट्रेच इन गांठों को कम करने में मदद करता है और मांसपेशियों को राहत देता है।

**हैमस्ट्रिंग स्ट्रेचः** यह स्ट्रेचिंग निचली पीठ की मांसपेशियों की गांठों को दूर करने के लिए उपयोगी है। यह स्ट्रेच शरीर में लचीलापन बढ़ाने और मांसपेशियों की जकड़न को कम करने में मदद करता है।

**योग और स्ट्रेचिंग के अन्य फायदेः** योग और स्ट्रेचिंग मानसिक और शारीरिक तनाव को कम करने के लिए सबसे अच्छे उपाय हैं। ये न केवल मांसपेशियों की गांठों को दूर करने में मदद करते हैं, बल्कि मांसपेशियों को मजबूत और लचीला भी बनाते हैं। नियमित योग और स्ट्रेचिंग मांसपेशियों में सही मात्रा में ब्लड सर्कुलेशन बनाए रखते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# अमेरिका में लगातार बिगड़ती आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति



प्रहलाद सबनानी

**जोसेफ शूम्पटर के अनुसार अमेरिका में कार ने घोड़ा गाड़ी को खत्म कर दिया एवं कम्प्यूटर ने टाइपराइटर को खत्म कर दिया। इसे रचनात्मक विनाश (क्रीएटिव डेस्ट्रक्शन) का नाम दिया गया, क्योंकि इससे उत्पादकता का स्तर बढ़ा था, परंतु रोजगार के लाखों अवसर समाप्त हो गए थे।**

**यह भी, इस बीच, अमेरिकी महिलाओं को भारी मात्रा में प्रदान किए गए रोजगार के अवसरों के चलते सम्भव हो पाया है। इस प्रकार, मुद्रा स्फीति के समायोजन के पश्चात, अमेरिका में वर्ष 1973 के पश्चात औसत आय में वृद्धि नगण्य ही रही है। वर्ष 1973 से वर्ष 2007 के बीच अमेरिकी मध्यवर्गीय परिवारों ने उपभोग पर औसत खर्च को दुगने से भी अधिक कर दिया है।**

**विश्व** में कई गतिविधियां एक चक्र के रूप में चलती रहती है। एक कालखंड के पश्चात चक्र कभी नीचे की ओर जाता है एवं एक अन्य कालखंड के पश्चात यह चक्र कभी ऊपर की ओर जाता हुए दिखाई देता है। विदेशी व्यापार के मामले में वर्ष 1750 तक पूरे विश्व में भारत की तूती बोलती रही है, परंतु इसके पश्चात यूरोपीयन देशों ने विस्तारवादी नीतियों के चलते अपने आर्थिक हित साधते हुए विभिन्न देशों पर अपना कब्जा जमा लिया। ब्रिटेन, फ्रांन्स, डच जैसे देशों ने एशियाई देशों एवं कुछ अफ्रीकी भू भाग पर पर अपना कब्जा जमाया तो स्पेन आदि देशों ने अमेरिकी महाद्वीप पर अपना कब्जा जमाया। समय के साथ चक्र कुछ इस प्रकार चला कि वर्ष 1950 आते आते अमेरिका पूरे विश्व में सबसे अमीर देशों की श्रेणी में शामिल हो गया और ब्रिटेन, जिसके बारे में कभी कहा जाता था कि ब्रिटेन की महारानी के राज्यों में सूरज कभी डूबता नहीं है, का आर्थिक दृष्टि से ढलान शुरू हो गया और आज ब्रिटेन के आर्थिक एवं सामाजिक ढांचे की स्थिति हम सभी के सामने है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था हाल ही में पूरे विश्व में छठे स्थान पर पहुंच गई है तथा अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी के पश्चात भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जबकि वर्ष 1750 के पश्चात जब ब्रिटेन ने भारत पर अपना कब्जा स्थापित कर लिया था उसके बाद भारत की स्थिति यहां तक बिगड़ी थी कि पूरी विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत के विदेश व्यापार की हिस्सेदारी वर्ष 1750 के 32 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1947 में 3 प्रतिशत के नीचे आ गई थी। परंतु, एक बार फिर कालचक्र अपना रंग दिखाता हुआ नजर आ रहा है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था के साथ ही वहां का सामाजिक ताना बाना भी छिन्न भिन्न होता हुआ दिखाई दे रहा है। दरअसल, अमेरिका ने पूंजीवादी नीतियों को अपनाकर अपने नागरिकों में केवल आर्थिक उन्नति को ही विकास के एकमात्र मार्ग के रूप में चुना था, इससे वहां के नागरिकों में किसी भी प्रकार से धन अर्जन करने की प्रवृत्ति विकसित हुई एवं सामाजिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ताना बाना छिन्न भिन्न हो गया। परिवार व्यवस्था समाप्त हो गई जिसका परिणाम आज हमारे सामने हैं कि आज अमेरिका में नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना, मेडीकेयर योजना, मेडीकैड योजना, प्रौढ़ नागरिकों को सुविधाएं एवं केंद्र (फेडरल) सरकार के कर्मचारियों को अदा की जा रही पेंशन, आदि योजनाएं सरकार द्वारा नागरिकों के हितार्थ अमेरिका में चलानी पड़ रही हैं। इन योजनाओं पर खर्च किए जा रहे 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि का लाभ करोड़ों अमेरिकी नागरिक प्रतिवर्ष उठा रहे हैं। यह राशि अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है। सुरक्षा की मद पर भी अमेरिका द्वारा 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च प्रतिवर्ष किया जाता है। बेरोजगारी बीमा लाभ योजना पर भी भारी भरकम राशि अमेरिकी सरकार द्वारा प्रतिवर्ष खर्च की जाती है। अमेरिका में सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसके कारण इस मद पर व्यय की जाने वाली राशि में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है, साथ ही लगातार बढ़ रहा सुरक्षा खर्च, स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय की लगातार बढ़ रही राशि के बीच वर्तमान में कर की दरों में वृद्धि नहीं करने के कारण बजटीय घाटे पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इकोनोमिक रिपोर्ट आफ द प्रेजीडेंट के अनुसार अमेरिका में वर्ष 2000 में 23,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बजट आधिक्य था जो वर्ष 2001 में घटकर 12,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया। परंतु, वर्ष 2002 में एक बार जो 15,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बजट घाटा प्रारम्भ हुआ तो इसके बाद से वह बढ़ता ही गया है। वर्ष 2009 में तो बजट घाटा बढ़कर 141,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया, वर्ष 2010 में 129,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2011 में 130,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2012 में 108,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं वर्ष 2020 में 313,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2021 में 277,000 करोड़ अमेरिको डॉलर एवं वर्ष 2022 में 188,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है। अमेरिका में प्रति परिवार वास्तविक औसत आय वर्ष 1973 में (वर्ष 2015 में डॉलर की कीमत पर) 50,000 अमेरिकी डॉलर थी। अमेरिका के लगभग आधे परिवारों की वास्तविक औसत आय 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक थी एवं शेष आधे परिवारों की 50,000 अमेरिकी डॉलर से कम थी, जिससे आय की असमानता आज की तुलना में कम दिखाई देती थी। वर्ष 1973 से वर्ष 2015 तक अमेरिका में उत्पादकता में 115 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

# पलिया-भीरा मार्ग पर पानी का तेज बहाव रोडवेज बस पलटने से बची, मची चीख-पुकार

**प्रशासन ने पलिया-भीरा मार्ग पर आवागमन भी बंद करा दिया है। इसके अलावा गोविंदनगर, भानपुरी खजुरिया में बाढ़ की आशंका के चलते लोगों को ऊंचे स्थान पर जाने के लिए कहा**



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** जिले में तेज बारिश और बैराज से शारदा नदी में छोड़ा गया पानी एक बार फिर पलिया-भीरा मार्ग पर पहुंच गया। शुक्रवार सुबह भीरा मार्ग पर रोडवेज बस पानी के तेज बहाव में बहकर सड़क किनारे पहुंच गई, जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आधी बस सड़क और आधी नीचे लटक गई। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं। आनन-फानन सभी यात्री नीचे उतरे। जिला प्रशासन ने इस मार्ग से आवागमन रोक दिया है। पहाड़ों पर और तराई क्षेत्र में भारी बारिश के बाद बनबसा बैराज से सुबह 10 बजे तक करीब दो लाख 58 हजार क्यूसेक पानी शारदा नदी में रिलीज किया जा चुका है। जिसके चलते पलिया-भीरा मार्ग पर पानी बहने लगा है। सड़क पर करीब डेढ़ फुट से अधिक पानी बह रहा है। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे सवारियों को लेकर पलिया आ रही रोडवेज बस पानी से गुजरते समय अनियंत्रित हो गई।

गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, केवल सड़क के किनारे लटक गई थी।प्रशासन ने पलिया भीरा मार्ग पर आवागमन भी बंद करा दिया है। इसके अलावा गोविंदनगर, भानपुरी खजुरिया में बाढ़ की आशंका के चलते लोगों को ऊंचे स्थान पर जाने के लिए कहा है।

एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि वह लगातार बनबसा बैराज के संपर्क में हैं और 2.58 लाख क्यूसेक पानी रिलीज होने के बाद दोपहर बाद तक इसके आने की संभावना है। जिसके चलते गोविंदनगर, भानपुरी खजुरिया के ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा गया है। टीमों को फिर सक्रिय करते हुए क्षेत्र में नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी



भाजपा सदस्यता महाभियान के तहत शुक्रवार को कस्बे के शांति दास बाबा मंदिर परिसर में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता द्वारा अधिक से अधिक भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाएं जाने पर बल दिया गया।

बैठक के पश्चात पूर्व जिलाध्यक्ष ने डोर टू डोर जाकर लोगों को मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की खूबियां गिनाई तथा सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांव- गांव बूथ -बूथ तक जब तक सदस्य नही बना लिए जाते तब तक यह सदस्यता महाभियान चलता रहेगा। भारत विकास के साथ साथ विकसित देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है। इस परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें भाजपा का सदस्य बनकर प्रधानमंत्री मोदी के हांथो को मजबूत करना है। सदस्यता अभियान के कुम्भी मंडल संयोजक आत्मानंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है। भाजपा से जुड़ कर विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा किया जा सकता है।

इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष सच्चिदानन्द शुक्ला, महामंत्री रामनाथ राठौर, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुचित प्रताप सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री पपिल कुमार, पुनीत मिश्रा, राममूर्ति यादव, पवन शर्मा, रामगोपाल, स्वामी दयाल, रोहित शर्मा सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मकान के ऊपर पेड़ गिरने से दबकर किसान की मौत





जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

क्षेत्र के गांव हथेला बाजिदपुर में तेज हवाओं के साथ बारिश में विशालकाय पेड़ मकान के ऊपर गिर जाने से नीचे सो रहे दलित किसान की दब कर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मलवा हटाकर किसान के शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार गांव हथेला बाजिदपुर में गुरुवार की रात पक्के बने बरामदे के नीचे दलित किसान बालक राम पुत्र सुक्खी 60 वर्ष सोया हुआ था। रात 12 बजे करीब तेज हवाओं के साथ बारिश में मकान के बाहर खड़े विशालकाय पीपल का पेड़ उखाड़ कर मकान के ऊपर गिर जाने से लेंटर बैठ गया जिससे नीचे सो रहे किसान की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर रात में सीओ अरुण कुमार सिंह निरीक्षण इंद्रजीत सिंह ने पुलिस टीम के साथ जे सी बी ले जाकर मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाकर जिससे मलबे के नीचे दबे किसान को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। अपने पुत्र रामसेवक के पास रहता था। तहसील प्रशासन द्वारा कोई राहत सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई जिसके चलते लोगों में रोष है।

# बारह रबीउलअव्वल को लेकर की गई पीस कमेटी की मीटिंग

जन एक्सप्रेस । अमीर नगर खीरी



अमीर नगर चौकी पर आगामी त्यौहार बारह रबीउलअव्वल को लेकर सी. ओ. मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को निकलने वाले जुलूस के बारे में विस्तार से जानकारी ली व अपने सुझाव भी दिए। और कहां जुलूस में कोई नई परंपरा नहीं पड़ेगी। जिसका जुलूस जहां से निकलता है वहीं से निकलेगा। इस मौके पर क्षेत्र के अपने-अपने गांव से आए हुए इमाम मोहम्मदपुर से नईम अली बरकाती अमीन नगर मदरसे से आरिफ राजा नूरी जामा मस्जिद से खालिद राजा गरदहा से हबीबुर रहमान छतरी से इमाम सहित तमाम गणमान्य लोक उपस्थित रहे लोगों से त्योहार के दौरान आने वाले समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए।संबंधित आवश्यक विधान निर्देश दिए गए साथ ही बैठक में उपस्थिति गणमान्य व्यक्तियों पर धर्मगुरु जनप्रतिनिधियों से अपील की गई की सभी लोग एक दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें सांप्रदायिक बिगड़ने की कोशिश ना करें और सामाजिक तत्वों व किसी प्रकार की अपराधी अवांछित गतिविधियों दिखाई देने पर जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें। आपसी सैहादपूर्ण के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई। त्योहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु सख्त हिदायत दी गई।

इस मौके पर छतरी प्रधान कय्यूम वेग देवरिया प्रधान जुल्फिकार खान आजाद खान रियाज मियां क्षेत्र के पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# बॉर्डर इलाके में नेपाली युवक के साथ लूट आरोपी गिरफ्तार

**बाइक, असलहा और लूट के रुपए बरामद**

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



के इंडो-नेपाल बॉर्डर इलाके में एक नेपाली युवक के साथ हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। लूट का शिकार बने नेपाली युवक को बाइक से यात्रा कर रहे एक युवक ने योजना बनाकर लूटा था। पुलिस ने इस खुलासे के साथ लूटी गई बाइक, असलहा और नकदी बरामद कर ली है। बुधवार को नेपाल के जिला कैलाली के थाना सुखड के गांव शीतलपुर निवासी टीकाराम बटाला बाइक से कस्बा तिकुनिया आया था। उसने दुर्गा इलेक्ट्रॉनिक से पौने तीन लाख नेपाली करेंसी प्राप्त की थी और अपने घर लौट रहा था। बनवीरपुर-दीपनगर के गंगानगर गुरुद्वारे के पास बाइक पर खड़े दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और तमंचा दिखाकर नकदी व मोबाइल लूट लिया। टीकाराम बटाला ने अपनी तहरीर में बताया कि उसने नेपाल से रिश्तेदार द्वारा भेजे गए पैसे लेने के लिए तिकुनिया का रुख किया। मोहना नदी के दीपनगर घाट पर उसने वहां मौजूद दीपनगर निवासी मंजीत सिंह से तिकुनिया पहुंचने के लिए मदद मांगी। मंजीत सिंह ने उसे तिकुनिया लाकर दुकान से पैसे प्राप्त किए और फिर वापस दीपनगर घाट की ओर लौट रहे थे। गंगानगर के निकट बाइक पर खड़े बदमाशों ने मंजीत सिंह के साथ मिलकर टीकाराम को तमंचा दिखाकर पैसे लूट लिए और फरार हो गए।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि पीड़ित टीकाराम बटाला की तहरीर पर मंजीत सिंह और दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

जांच के बाद पुलिस टीम ने लूट की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया और आवश्यक वस्तुएं बरामद कीं। एसपी ने खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत किया है।

## पलिया-भीरा मार्ग पर पानी का तेज बहाव से टैंकर पलटा



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जिले में तेज बारिश और बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। शुक्रवार को शारदा नदी का पानी पलिया-भीरा मार्ग पर बहने लगा। इस मार्ग पर पानी के तेज बहाव और गड्ढों के कारण एक खाली टैंकर पलट गया। हालांकि टैंकर में कुछ नहीं था और ड्राइवर को किसी तरह से बाहर निकाला गया। इससे पूर्व सुबह करीब आठ बजे भीरा मार्ग पर यात्रियों से भरी रोडवेज बस पानी के तेज बहाव में बहने लगी थी। बस सड़क के नीचे गड्ढे में फंस गई और बाल-बाल पलटने से बची। हादसा होने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई थी। आनन-फानन सभी लोग नीचे उतरे।

# सहकारिता प्रकोष्ठ की सदस्यता अभियान बैठक हुई सम्पन्न पहुंचे सदस्यता प्रभारी नीरज सिंह




जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक में अवध क्षेत्र के सदस्यता प्रभारी नीरज सिंह सीतापुर पहुंचे सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अपनी टीम के साथ खैराबाद के टोल टैक्स पर भव्य स्वागत किया तत्पश्चात सीतापुर जिला कार्यालय पर सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक को नीरज सिंह द्वारा संबोधित किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया फिर उन्होंने उपस्थित पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के तहत कार्य कर रही है। हम सभी कार्यकर्ताओं और खास कर सहकारिता प्रकोष्ठ के लोगों को ज्यादा से ज्यादा सदस्य बना कर नया कीर्तिमान स्थापित करना है देश का अधिकांश व्यक्ति प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहकारिता से जुड़ा हुआ है इसलिए सहकारिता प्रकोष्ठ से जुड़े पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा सदस्य बना कर पार्टी को अनंत ऊंचाइयों तक ले जाना है। सहकारिता बैंक प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष साहनी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी भारत माता के गौरव को विश्व पटल पर चमकाने के लिए कार्य कर रही है इसमें सदस्यता का अहम रोल है इसलिए हम सभी को पार्टी के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आधार पर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने हैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सीतापुर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में सबसे अधिक लक्ष्य बनाने का टारगेट घोषित किया है और जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता निरंतर सदस्यता अभियान में सफलता के लिए कार्य कर रहे हैं कार्यक्रम का संचालन जिला सदस्यता संयोजक सुधाकर शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने आए हुए अतिथियों का आभार भी जताया।

कार्यक्रम के उपरांत भाजपा नेता नीरज सिंह द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व जिला पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया एवं उनको भाजपा की नीतियों एवं रीतियों से अवगत भी कराया गया।

कार्यक्रम में विश्राम सागर राठौर, रमेश भार्गव दीपू, निदेशक पीसीएफ, रोहित सिंह अध्यक्ष डीसीडीएफ, प्रेम सागरपांडे, विष्णु कुमार मौर्य अध्यक्ष डीसीबी, मनोज तिवारी अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति संजय मिश्रा जया सिंह, नैमिष रत्न तिवारी, श्वेताशु बाजपेई सहित सहकारिता से जुड़े पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

आज उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, जनपद की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन के सम्बन्ध में शपथ दिलायी गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में कलेक्ट्रेट एवं तहसील संवर्ग के मिनिस्ट्रीरियल वर्ग के कर्मचारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वह जन आकांक्षाओं के दृष्टिगत पूर्ण तन्मयता निष्ठा एवं लगन से अपने पदीय दायित्वों के बिना किसी भेदभाव के समयान्तर्गत त्वरित निस्तारण में शासन-प्रशासन का सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी द्वारा संवर्ग से सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराये जाने की अपेक्षा करते हुए उनके यथोचित त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर कृष्णानन्द तिवारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बाल कृष्ण सिंह एवं कलेक्ट्रेट व जनपद की समस्त तहसीलों के मिनिस्टीरियल संवर्ग के सदस्यों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। मुख्यतः कलेक्ट्रेट संवर्ग के सर्वश्री राम अवध वर्मा, अवध कुमार शर्मा, संदीप कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार, विवेक गुप्ता, अमित त्रिपाठी, मनीष अवस्थी, मुनीर अहमद, जावेद अख्तर, सुरेश प्रकाश मौर्या, आशीष वर्मा, संयम खरे, अमिता श्रीवास्तव, रिशु निषाद, रवि तिवारी, कोमल कटियार, प्रज्ञा गुप्ता, अर्चना भारती, उमादत्त वर्मा आदि उपस्थित रहे। अन्त में जिलाधिकारी महोदय समेत समस्त उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारी साथियों का धन्यवाद जिलाध्यक्ष आलोक कुमार मिश्र द्वारा ज्ञापित किया गया।

## मितौली में बारिश से कच्ची दीवार से गिरने से पिता की मौत, पुत्र घायल



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। मितौली थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में बृहस्पतिवार की रात तेज हवा व बारिश के बीच घर की कच्ची दीवार गिर गई।दीवार पर पड़े टीन शेड के नीचे चारपाई पर लेटे कल्लू उर्फ रमाकांत और उनका छह वर्षीय पुत्र अर्पित मलबे में दब गए। पत्नी पूजा देवी के शोर मचाने पर पड़ोस के लोगों ने मिट्टी हटाकर दोनों को बाहर निकाला। दीवार के नीचे दबे कल्लू उर्फ रमाकांत (44) की मौके पर मौत हो गई। अर्पित घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने कल्लू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव मनाया गया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधी बंसल ने बालिकाओं के जन्म पर केक कटवाकर उनकी माँ को बेबी किट, मिष्ठान, पम्पलेट किट देकर सम्मानित किया।

उन्होंने नवजात बच्चियों के माता-पिता से कहा कि यहाँ से जाने के बाद कन्या सुमंगला योजनांतर्गत आवेदन कर दें। सभी जनसेवा केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा सभी बच्चियों का नियमित टीकाकरण कराते रहें। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रिया पटेल ने बताया कि बेटियाँ प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। सरकार द्वारा चलायी जा रही सुकन्या समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य सभी बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करना है। महिलाओ को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केन्द्र प्रबंधक दीपिका नाग ने वन स्टॉप सेंटर पर मिलने वाली सहायता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 सुनीता कश्यप अन्य महिलाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तेंदुआ माइनर की पटरी कटने से 18 बीघा फसलें जलमग्न

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। लहरपुर। तेंदुआ माइनर की पटरी बुधवार देर शाम बरगदहा पुल के करीब कट गई। माइनर का पानी खेतों में भरने लगा। करीब 18 बीघा खेत जलमग्न हो गए। धान व गन्ने की फसल डूब गई। फसल के नुकसान से किसानों में रोष है। अवर अभियंता का कहना है कि सिंचाई के लिए माइनर काटे जाने से पटरी क्षतिग्रस्त हुई है। मामले की जांच कराई जाएगी। क्षेत्र से होकर बहने वाली तेंदुआ माइनर किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख साधन है।

## 500 गांवों की बिजली गुल स्कूलों में छुट्टी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जिले में भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।कच्ची दीवार और पेड़ गिरने से ढहे मकान के मलबे में दबकर दो लोगों की मौत हो गई। चार लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को जिले में कई स्थानों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित रहा। बिजली के खंभे गिरने और लाइन क्षतिग्रस्त होने से जिले के 500 से अधिक गांवों की बिजली 24 घंटे से अधिक समय तक गुल रही। शहर के गंगोत्रीनगर, महराजनगर, बहादुरनगर, आवास विकास व सिकटिहा आदि मोहल्लों की बिजली आपूर्ति भी 12 घंटे से अधिक समय तक बाधित रही। बारिश से जिले की नदियां भी उफना गई हैं। संपूर्णानगर क्षेत्र के गोविंदनगर गांव में बाढ़ का पानी पहुंच गया। पलिया और धौरहरा प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। बारिश,बाढ़ और जलभराव के चलते आठवीं तक के स्कूलों में शनिवार का अवकाश घोषित किया गया है।

# इंडियन बैंक के प्रशिक्षित प्रक्षिणार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र




**ईमानदारी व निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा**

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

आज इण्डियन बैंक आरसेटी सीतापुर में चल रहे 13 दिवसीय प्रशिक्षित कृषि उद्यमी योजना के अंतर्गत, एग्री जंक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मा0 नगर विकास राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन राकेश राठौर गुरु के द्वारा एग्री जंक्शन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय नगर विकास राज्यमंत्री जी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि अब आप सभी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है अब आपको किसी दूसरे पर निर्भर होने की आवश्यकता नहीं है, अब आप सभी को स्वयं का ब्रांड बनना है। सब स्वयं का रोजगार स्थापित करके अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करने का कार्य करे। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। संस्थान की निदेशक महोदया प्रीती पाण्डेय जी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

# आठ साल पहले का नृशंस हत्याकांड: भाई-भतीजे समेत छह को आजीवन कारावास



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई लगभग आठ साल पहले हुई हत्या के मामले में भाई-भतीजे समेत छह लोगों को अपर जिला जज एफटीसी यशपाल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी अभियुक्तों पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना भी सुनाया है। जुर्माना न देने पर अभियुक्तों को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जुर्माने की आधी रकम मृतक के पुत्र वादी मुकदमा को देने का आदेश भी अपर जिला जज ने दिया है। सांडी थाना क्षेत्र के बखरिया निवासी राम सिंह ने 22 जून 2016 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि 22 जून 2016 की शाम लगभग छह बजे उसके पिता राम सागर (55) खेत से भूसा लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान उसके ताऊ गोवर्धन, उनके पुत्र अनिल कुमार गांव के ही चंद्र प्रकाश किसान उर्फ ठेकेदार व उनके पुत्रों छविराम, ज्ञान सिंह, कमलेश और पृथ्वीराज ने मिलकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से रामसागर पर वार कर दिया। इसके कारण राम सागर गंभीर रूप से घायल हो गए। पता चलने पर गांव वालों से मदद मांगी, तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। राम सागर की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना में पुलिस ने विवेचना के बाद गोवर्धन, अनिल, चंद्रप्रकाश और राम सहाय के खिलाफ 24 सितंबर 2016 को आरोप पत्र दाखिल कर दिया था, जबकि पृथ्वीराज, कमलेश और ज्ञान सिंह के खिलाफ 16 जनवरी 2017 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

## फास्ट फॉरवर्ड

### छात्र संख्या में विसंगतियों के सुधार को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। कप्तानगंज विकासखंड महुअवा खुर्द कंपोजिट विद्यालय के सहायक अध्यापक धनंजय कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र भेजकर समायोजन नीति बेसिक शिक्षा के अनुक्रम में भेजी गई छात्र संख्या में विसंगतियों के सुधार के लिए मांग की है।
उन्होंने भेजे गए प्रार्थना पत्र में मांग किया है कि प्राथमिक विद्यालय महुअवा खुर्द कि मई की छात्र संख्या रजिस्टर पर 95 दर्ज है जून में स्कूल बंद था लेकिन 30 जून 2024 को संख्या 82 भेजी गई है जिन छात्रों के नाम काटे / हटाए गए हैं वह नियमानुसार उचित नहीं है और वह प्रेरणा /यूडायस पर बने हुए हैं। इस कारण से मैं समायोजन से प्रभावित हो रहा हूं उपरोक्त विसंगति को विभागीय प्रक्रिया अनुसार विभाग को मेरे द्वारा अवगत कराया गया परंतु अभी तक इसका निस्तारण नहीं हुआ है और न ही कृत्य कार्यवाही से प्रार्थी को अवगत कराया गया है। जिसकी जांच कर छात्र उपस्थिति पंजिका में अंकित वास्तविक छात्र संख्या 95 को पुनः दर्ज कराया जाए।

### सड़क बदहाल: ग्रामीण और स्कूली बच्चे हैरान-परेशान

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। जिले के जंगल कौड़िया क्षेत्र के विशुनपुर और रसूलपुर चकिया गांव के सिवान को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला मार्ग बदहाल हो गया है, जिससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गोरखपुर-सोनौली मार्ग के चौड़ीकरण और टोल प्लाजा निर्माण के दौरान कार्यदाई संस्था पीएनसी के द्वारा सड़क को खोद कर छोड़ दिया गया है, जिससे रसूलपुर चकिया और विशुनपुर गांव के साथ ही एक इंटर कॉलेज का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है और हजारों स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। बारिश के बाद मार्ग की दुश्वारियां और बढ़ गई हैं। क्षेत्र वासियों और स्कूली बच्चों ने शीघ्र मार्ग के मरम्मत की मांग की है, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों और शिक्षा को सुचारु रूप से चला सकें। इस मामले में एनएचएआई के परियोजना प्रबंधक ललित प्रताप पाल ने बताया किसी भी रास्ते को बंद नहीं किया जाएगा मामले का भौतिक सत्यापन कर विद्यार्थियों और ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

### ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं की जागरूकता हेतु चौपाल का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/चौरीचौरा। ब्रहमपुर विकास खंड में ग्राम पंचायत डीहघाट और भकुरहां में ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई, जिससे ग्रामीणों को इनका समुचित लाभ मिल सके। डीहघाट में बीओ सुनील गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में बैंक एडवाइजर प्रणव कुमार ने बैंकिंग सेवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही, एएनएम ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा की और आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बच्चों और महिलाओं के लिए पोषण से संबंधित जानकारी साझा की। इस अवसर पर सचिव संतोष सिंह समेत कई अन्य विभागीय कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।वहीं, ग्राम पंचायत भकुरहां में भी ग्राम प्रधान संगीता देवी की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सर्वे 2024 के बारे में जानकारी दी गई।

# प्राचार्य विहीन हुआ मठ लार महाविद्यालय शिक्षकों ने प्रबंधक को लिखा पत्र

**✻ शिक्षकों की बैठक में सभी ने एक स्वर से प्रबंधक से पुनर्विचार करने की किया अपील**

जन एक्सप्रेस | देवरिया




स्वामी देवानंद पोस्ट ग्रेजुएट कालेज मठ लार में प्राचार्य पद से प्रोफेसर ब्रह्मानंद सिंह ने त्याग पत्र दे दिया है जिससे महाविद्यालय प्राचार्य विहीन हो गया है। महाविद्यालय प्रबन्धक के अनावश्यक हस्तक्षेप के कारण प्राचार्य द्वारा अपने पद से त्याग पत्र देने से महाविद्यालय में उत्पन्न दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति को लेकर शिक्षकों की एक बैठक वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर आनन्द कुमार कपिल द्वारा बुलाई गयी। बैठक में निवर्तमान प्राचार्य डॉक्टर ब्रह्मानंद सिंह ने त्यागपत्र के कारणों को स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रबन्धक द्वारा महाविद्यालय के दैनिक कार्यो में निरन्तर हस्तक्षेप करने, प्राचार्य पद का तिरस्कार और अपमान करने के कारण तनाव भरी और निराशाजनक परिस्थिति में मेरा प्राचार्य पद पर कार्य करना सम्भव नहीं रह गया था, इस लिए मानसिक वेदना और पीड़ा से मुक्ति पाने के लिए हमने प्राचार्य पद त्याग किया है।
राजपूत समाज ने महाविद्यालय प्रबंधक को दी चेतावनी, नहीं सुधरे तो होगा आंदोलन मठ लार महाविद्यालय में प्रबन्धक द्वारा उत्पीड़न के शिकार हुए प्राचार्य के त्याग पत्र देने से क्षेत्र के राजपूत समाज में का आक्रोश व्याप्त है राजपूत समाज के कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट तेजी से वायरल हो रहे हैं। पोस्ट में लिखा गया है कि मठ लार महाविद्यालय प्रबंधक की मनमानी से महाविद्यालय की व्यवस्था चरमरा गई है। प्रबंधक को ज्ञात होना चाहिए कि महाविद्यालय के निर्माण में राजपूत समाज ने अपनी जमीन दान में दिया है जिसका महाविद्यालय प्रबंधन से किसी भी प्रकार की धनराशि नहीं लिया गया है यदि प्रबंधक द्वारा किए जा रहे अनैतिक कार्य शीघ्र विराम नहीं लगाया जाता है तो समाज महाविद्यालय प्रबंधक के विरुद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।
बैठक में शिक्षकों ने प्रबंधक के नाम एक पत्र भेजा है, जिसमें लिखा गया है कि ऐसे समावेशी नेतृत्व व बेदाग छबि वाले प्राचार्य का तिरस्कार और उत्पीडन बेहद खेदजनक है। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण परिरिस्थिति में महाविद्यालय का कोई भी प्राध्यापक प्राचार्य का पदभार ग्रहण नहीं करने के लिए विवश है। इस लिए आप पुनर्विचार करें। बैठक में डॉक्टर आनंद कुमार कपिल, डॉक्टर संजय कुमार राय, डॉक्टर गिरीश चंद पांडे, डॉक्टर प्रमोद सिंह कुशवाह, डॉक्टर बृजकिशोर सिंह, देवेन्द्र कुमार, डॉ लल्लन प्रसाद प्रजापति, डॉ.मोहम्मद नूर आलम अंसारी, डॉ कोमल कपूर, डॉ.विनय कुमार बरनवाल, डॉ संतोष कुमार गुप्ता,डॉ सत्य प्रकाश सिंह, डॉ.वीरेंद्र नाथ त्रिपाठी, डॉ हेमन्त कुमार मिश्रा, डॉ शिशिर मिश्रा, डॉ ललित कुमार, डॉ. विनय कुमार पांडे, डॉ हरेंद्र कुमार चौहान, डॉ अरुण कुमार दुबे, डॉ.राम आशीष, डॉ धीरज कुमार पांडे, डॉ गायत्री जायसवाल, डॉ प्रवीण कुमार सिंह, डॉ सागर मौर्य, सूरज मिश्र, गुंजन रानी, सोनू पाल, सुधीर कुमार राय, सुशील कुमार, फैयाजुर्रहमान, बृजेश कुमार उपस्थित रहे।

## खस्ताहाल सड़क पुनर्निर्माण हेतु ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक को सौंपा पत्रक

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

फाजिलनगर विधानसभा के तमकुही विकासखंड के ग्राम पंचायत खालवा पट्टी से होकर सपही बुजुर्ग सपही खास को जोड़ने वाली सड़क कई वर्षों से खराब हो गई है। जिस पर राजगीरों को चलने में काफी दिक्कत हो रही है जिसको लेकर ग्रामीणों के द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों से अवगत कराया गया उसके बाद भी सड़क नहीं बन पाया। इस सड़क से कई गांव के लोगों का आवागमन होता है।
सड़क की दाहिनी स्थिति होने से लोग आए दिन दिक्कत उठाते हैं। जिसको लेकर आज पुनः सड़क बनवाने के लिए ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा को ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग की गई। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा मिल सके। इस दौरान गांव के अशोक सिंह, त्रिभुवन सिंह, आकाश ठाकुर, कन्हैया सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रामेश्वर कुशवाहा, अश्वनी पांडे, महेश कुशवाहा,आदि लोगों ने ज्ञापन दिया।

## बदमाशों को पकड़ने हेतु लगायी गयी अतिरिक्त टीमें-एसपी

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

तुर्कपट्टीथानाक्षेत्र में चोर धड़ाधड़ चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। लोगों का पुलिस से इकबाल उठ गया है। इधर बेखौफ चोर बढ़े मनोबल के साथ पुलिस को चुनौती देने की होड़ लगाए हैं। इसका उदाहरण गत सोमवार को दिनदहाड़े चोरी की घटना के बाद एक बार फिर बुधवार को बेखौफ चोरों ने थानाक्षेत्र के किशुनदास पट्टी में दिनदहाड़े चोरी कर सनसनी फैला दी।
थाना क्षेत्र में दो महीने के भीतर चोरी की घटनाओं पर नजर डालें तो मधुरिया के चौहान पट्टी में गत 7अगस्त को दिन में ही श्याम सुंदर राजभर के घर से नगद रुपए सहित हजारों रुपए के सोने चांदी के आभूषण की चोरी हो गई। इसके अलावा हाल की घटनाओं में सपही टड़वा में जलनिगम के पानी की टंकी से गत 6 सितंबर को समर्सिबल वाटर पंप चोरी या बरवाराजापाकड़ में प्रमोद चौहान के खेत से पंपिंग सेट चोरी और शौकत गद्दी की भैंस चोरी का मामला सबमें पुलिस की विफलता साबित हुई है। इसके अलावा रुदवलिया में 3 जुलाई की रात अंशुमान चौहान के घर नकदी सहित सोने के आभूषण की चोरी, मधुरिया के महासोंन निवासी ओमहरी शर्मा की मधुरिया चौहान पट्टी में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान से 9 अगस्त की रात चोर शटर का ताला तोड़ने के बाद कुछ नही मिलने पर चोर तो दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा ही चुरा ले गए। इसी रात उक्त गांव में ही चोरों ने ओमप्रकाश चौहान के घर मे सेंध काट कर 66 हजार रुपए नगदी सहित लगभग एक लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गए। जोकवा बाजार में भोर में चोर मोतीलाल गुप्ता की मिष्ठान की दुकान के अलमारी का ताला तोड़ दिया। जब उसमें कुछ नही मिला तो 6 लीटर दूध का पैकेट ही चुरा ले गए। जोकवा बाजार में महबूब अंसारी अपनी दुकान के बाहर सोए थे कि उनका मोबाइल फोन चोर चुरा ले गए। 16 अगस्त की रात में मधुरिया चौहानपट्टी में घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे वीरेंद्र चौहान व सुन्द्रेश चौहान की पत्नी का मोबाइल चुरा ले गए।

## जमीनी विवाद में टूटी मर्यादाओं की सीमा: महिला को अर्धनग्न कर घसीटकर पीटा, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस | महराजगंज




जनपद में आए दिन जमीनी विवाद को लेकर नए-नए मामले सामने आते रहे है। जिसपर लगाम लगाने में जिम्मेदार असमर्थ हो रहे हैं। इसी तरह का एक मामला जनपद के ठूठीबारी क्षेत्र में देखने को मिला है, जहां भूमि विवाद को लेकर बड़ा बवाल हुआ। जमीन विवाद में दबंगों ने मार्यादाओं की सारी सीमाओं को तोड़ डाला और जो कुछ किया, वो बेहद खौफनाक है।
मामला ठूठीबारी थाने के बोदना गांव के टोला नवडिहवा का है। टोला नवडिहवा निवासी महिला पूनम पत्नी सुमंत सहानी ने उसके हिस्से की जमीन पर अपने गांव के निवासी हरिचंद सहानी पुत्र भरोस सहानी पर अवैध कब्जा करने का प्रयास का आरोप लगाया है। महिला के कहना है कि हरिचंद सहानी द्वारा अपने लोगों के साथ मिलकर उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे थे।
दबंगों पर महिला को घसीट कर पीटने व अर्धनग्न करने का है आरोप आरोप है कि इसी के विवाद को लेकर दो दिन पहले 11 सितंबर की रात को दबंगों ने अपने परिजनों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता महिला के ऊपर धावा बोला और उसे अर्धनग्न कर घसीटते हुए पीटा गया।महिला के साथ अभ्रदता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विडियो में एक महिला को कुछ महिलाएं जमीन पर घसीट कर बाल नोचते हुए मारती दिख रही है। इस दौरान महिला के कपडे भी फटे हुए दिखाई दे रहे है।
बोले थानाध्यक्ष, बंजर भूमि पर कब्जे की रंजिश इस संबंध में थानेदार ठूठीबारी योगेंद्र कुमार ने मिडिया से बातचीत के दौरान बताया कि गांव की बंजर जमीन है। दोनो पक्ष के लोग कब्जा करने में लगे हुए है। इसी बात को लेकर महिलाओं के दो गुटों में मारपीट किया किया गया है।थानेदार ने बताया कि दूसरे वीडियो में पुरुष लाठी भांजते दिख रहे है। लेकिन उनके बीच मारपीट नहीं हुआ। महिलाओं के बीच ही हुआ। इस दौरान कपड़े फट गए। दोनों पक्ष के लोगों का शांति भंग की कार्यवाही कर दी गई है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## जिला कार्यक्रम समन्वयक ने एसीएफ कार्यक्रम की जाँची जमीनी हकीकत

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



बीते 9 सितम्बर से जनपद में सघन टीबी खोज अभियान चल रहा जो आगामी 20 सितम्बर तक चलेगा। इसमें टीम के सदस्य चिह्नित गांवो में घर घर जाकर टीबी रोग की स्क्रीनिंग करते है।
उक्त कार्यक्रम सीएचसी कसया के अंर्तगत भी लगभग 17 गाँवो में चलाया जा रहा है। जिसका जमीनी हकीकत जाँचने हेतु गुरुवार को जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र सीएचसी पर पहुँचे। ततपश्चात वे फील्ड में कार्य कर रही टीम न 3 पकवाइनार का निरीक्षण करने पहुँचे वहाँ टीम के सदस्य मनीषा भारती,जरीना एवं घनश्याम प्रसाद लोगों की स्क्रीनिंग करते हुये मिले। डीपीसी द्वारा हाउस मार्किंग एवं टैली शीट का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा कमियों को सुधारने के निर्देश दिये। उनका द्वारा सीएचसी के लैब का भी निरीक्षण किया गया जहाँ एल टी विजयकृष्ण द्विवेदी एवं विनोद कुमार अपने कार्यो का सम्पादन कर रहे थे। सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी एवं टीबी पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र तथा शाहिद अंसारी के साथ मीटिंग कर अब तक के कार्यो पर चर्चा किये।
बताते चले कि सीएचसी के अंर्तगत कुल 17 टीमें कार्य कर रही है। प्रत्येक टीम में 3 सदस्य है तथा 17 टीमों के पर्यवेक्षण के लिये 3 पर्यवेक्षक लगाये गये है। गुरुवार को खबर लिखे जाने तक सभी टीमों द्वारा 21651 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी थी जिसमें सम्भावित 397 व्यक्तियों के बलगम एकत्रित कर लैब में लाये गये जहाँ जाँच में 8 व्यक्तियो के बलगम धनात्मक मिले जिनकी दवा तत्काल शुरू कर दी गयी।

## सीएम सीटी की वीआईपी सड़कों पर अंधेरा कायम

**✻ बाईपास ,फोरलेन सिक्सलेन पर अंधेरे से हादसों का बढ़ता खतरा**

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



त्योहार शुरू होने तक वार्ड की गलियों से लेकर शहर की तमाम सड़कों को रोशन करने के दावे पर नगर निगम कितना खरा उतरेगा, वह तो आने वाला वक्त बताएगा, लेकिन अभी तो हाल खराब है। पैडलेगंज से लेकर टीपी नगर तक सिक्स लेन और पैडलेगंज से लेकर छात्र संघ चौराहा, डीआइजी बंगला होते हुए फिराक गोरखपुरी चौराहा समेत शहर की कई वीआइपी मानी जाने वाली सड़कें भी अंधेरे में हैं।
जिन सड़कों पर स्मार्ट सोलर लाइटें लगी हैं, उनमें से भी कई की रोशनी, अंधेरा गहराने पर सिमटती जा रही है। बाहरी 10 वार्डों और कुछ अन्य वार्डों की सड़कें लंबे समय से अंधेरे में हैं। कई जगहों पर लाइटें मरम्मत के अगले ही दिन या फिर दो-तीन दिन में फिर खराब हो जा रही हैं।
रात्रि में रोशनी के अभाव में दो पहिया वाहन चालकों की खतरे में है जान
पैडलेगंज-टीपीनगर सड़क पर अंधेरे को लेकर लोक निर्माण विभाग की दलील है कि अभी निर्माण कार्य जारी है। बीच में सिक्स लेन ओवरब्रिज भी बन रहा है। जबकि, इन सड़कों पर ट्रैफिक लोड पहले की ही तरह बना हुआ है। यही हाल पैडलेगंज से छात्र संघ चौराहा होते हुए फिराक गोरखपुरी चौराहे और देवरिया बाइपास सड़क का भी है। रोशनी को लेकर इन सड़कों पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सर्वाधिक खतरे में दो पहिया वाहन चालक हैं। यही नहीं, देवरिया बाइपास से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक फोरलेन ओवरब्रिज का निर्माण चलने की वजह से रुट डायवर्जन कर वाहनों को एसबीआइ क्षेत्रीय कार्यालय से वरदायिनी चौराहा होते हुए गुजारा रहा है। इस रूट की भी ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद हैं।

**इसी महीने दुरुस्त हो जाएगी शहर की लाइट व्यवस्था: नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल का कहना है कि 30 सितंबर तक शहर की सभी खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के साथ ही नई लाइटें लगाने का काम पूरा हो जाएगा। खाद कारखना संचालित करने वाली कंपनी एचयूआरएल से सीएसआर फंड के तौर पर मिले 21 करोड़ रुपये से 27 रूटों पर नई लाइटें लगाई जा रही हैं। नगर निगम में शामिल हुए 10 नए वार्डों में नेडा से मिलने वाली दो हजार लाइटें लगाई जाएंगी। आठ सौ लाइटें मिल चुकी है, बाकी लाइटें भी जल्द मिल जाएंगी। इसके अलावा भी बड़ी संख्या में लाइटों के लिए टेंडर निकाला गया है। अगले सप्ताह टेंडर फाइनल हो जाएगा, जिसके बाद लाइटें लगाने का काम शुरू हो जाएगा।

## प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा ने किया जंगल कौड़िया का दौरा

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



जिले के महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय जंगल कौड़िया का प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महाविद्यालय में निर्माणाधीन स्नातक स्तरीय भवन की प्रगति का निरीक्षण किया गया। प्रमुख सचिव ने निर्माण इकाई राजकीय जल निगम के अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक से निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ उसके पूर्ण होने की समयावधि के बारे में आवश्यक पूछताछ की गयी,साथ ही गृह विज्ञान प्रयोगशाला के उच्चीकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रेषित किए गए। इससे पूर्व प्रमुख सचिव ने उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, प्राचार्य एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में स्थापित महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए परिसर में स्थापित औषधीय वाटिका में रुद्राक्ष के पौधे का रोपड़ किया, इसी क्रम में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर डाक्टर अश्विनी मिश्रा ने रबर के पौधे का रोपड़ कार्य किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी सिंह ने प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर एवं प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, इन्दुपुर गौरी बाजार देवरिया का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा द्वारा महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में केन्द्रीयकृत एसी के प्रस्ताव के साथ ही महाविद्यालय में परास्नातक कक्षाओं के संचालन हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिया गया।

## हाथी का दांत साबित हो रही है 6.50 करोड़ की सफाई मशीन

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर




सेफ्टी टैंकों की सफाई के लिए गोरखपुर नगर निगम को डी-वॉटरिंग फीकल स्लज सेफ्टी मशीन उपलब्ध हुए तकरीबन डेढ़ माह हो गए लेकिन यह मशीन शो पीस बनकर रह गई है। अभी तक इसका ट्रायल तक नहीं हो सका। नगर निगम की नवीन बिल्डिंग परिसर में रखे-रखे मशीन जब सभी की आंखों में चुभने लगी तो इसे कान्हा उपवन परिसर में रख दिया गया है। डेनमार्क से भारत लाई मशीन पर 6.50 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस मशीन के खरीदने की पूरी प्रक्रिया शासन स्तर पर की गई। इसके कुछ अन्य हिस्से भी अभी इंस्टॉल नहीं किए जा सके हैं। डी-वॉटरिंग फीकल स्लज सेफ्टी मशीन इसलिए खरीदी गई क्योंकि यह मशीन महानगर में कहीं भी पहुंच कर सेफ्टी टैंकों की सफाई के दौरान ही स्लज एवं पानी ट्रीट कर अलग-अलग कर देती है। स्लज से कम्पोस्ट खाद बन जाएगी। मशीन की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता के आकलन और इसे चलाने का प्रशिक्षण हासिल करने के लिए नगर निगम के तत्कालीन उप नगर आयुक्त डॉक्टर मणि भूषण तिवारी डेनमार्क भी गए थे। हालांकि अब वे निगम से स्थानांतरित किए हो चुके हैं। जलकल के महाप्रबंधक रघुवेंद्र कुमार ने कहा, डेनमार्क से लाई गई मशीन के लिए शेड का निर्माण किया जा रहा है। कुछ पार्ट इंस्टॉल किए जाने हैं जिसका काम चल रहा है। इस माह के आखिर तक उम्मीद है कि ट्रायल रन शुरू हो जाएगा।

## झाड़ झंखाड़ से पटी हुई है सलेमगढ़, बहादुरपुर माईनर

**हेड से टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी, किसान परेशान-सिल्ट सफाई के नाम लगभग पांच लाख रुपए पचा गये जिम्मेदार**

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर




विकास खण्ड सेवरही के ग्राम सभा सलेमगढ़, बहादुरपुर माईनर में लगभग पांच वर्षो से नहर का पानी नहीं आता है। जिसके कारण सलेमगढ, नुनिया पट्टी ,जमुनिया टोला सलेमगढ मौजा बहादुरपुर के ग्राम सभाओं की किसानों का नहर में पानी नहीं पहुंचने के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो रहा है। और किसान परेशान हो कर बोरिंग चलवा कर दूर दूर से पाईप के द्वारा अपने खेतों में पानी भर रहे हैं। जिसकी बहुत बड़ी रकम बोरिंग वाले लोगों को देखकर खेती करते हैं। सिंचाई विभाग की मानें तो हर वर्ष नहर की सफाई कागजों में होती रहती हैं लेकिन नहर में पानी हेड से टेल तक नहीं पहुंच पाती है।जो भी ठीकेदार आता है तो जहां भी सड़क से जुड़ी हुई माईनर है उसके आगे पीछे की सफाई करवा दिया जाता है। और बाकी सब जगह पहले की तरह ही छोड़ दिया जाता है। जिस अधिकारी को जांच मिलता है वो भी सड़क किनारे खड़े हो कर फोटो खिंचवा कर चले जाते हैं। जनता की आंखों में धूल झोंककर सबको धोखा दिया जाता है। सिंचाई विभाग के सभी अधिकारी इस भ्राष्टाचार में लिप्त है। जिसकी जांच करने के लिए सिंचाई विभाग को बहुत बार लिखीत और मौखिक सुचना दी गई है। लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सरकार की सभी पैसा इन अधिकारियों के बीच खत्म हो जाती हैं। आज किसान मेघ के तरफ आंखें फैलाये पानी का इंतजार कर रहा है। कहीं गन्ना सुख रहा तो कहीं धान प्रभावित हैं । अब आप सभी फोटो में लगा सिलापट को ध्यान से पढ और अनुमान लगाए की जिस माईनर की सफाई दिखाया गया है और लगभग पांच लाख रुपए का भुगतान भी हो चुका है उस माईनर का क्या हाल है। उक्त माईनर में कभी पानी आता ही नही है लगभग 10 वर्ष की भीतर तो पानी आया ही नही है ।इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नंबर बीजी तो कभी फोन उठाने से परहेज़ हैं। किसान अपनी बात किसके सामने रखें जिसके वजह से नहर की सफाई और पानी हेड से टेल तक पहुंच सके।
क्षेत्र के किसान हिदया यादव, हरेराम यादव, मोती लाल चौरसिया, दिनानाथ मदेशिया, हीरा भगत, संजय चौरसिया, भोलशर्मा, कान्ता शर्मा, मदन गुप्ता, रिंकू सिंह, दीपू बाबू, हरिशंकर सिंह, नागेंद्र चौरसिया, ओमप्रकाश सिंह आदि लोगों ने संबंधित विभाग से तत्काल इसकी साफ सफाई कराकर हेड से टेल तक पानी पहुंचाने की मांग की जिससे सिंचाई कार्य हो सके।

## हिंदूवादियों ने फूंका अखिलेश का पुतला

जन एक्सप्रेस। आगरा

शुक्रवार को हिंदूवादी संगठन के कार्यकताओं ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट के गेट पर पुतला दहन किया। अखिलेश यादव के खिलाफ थाने में तहरीर भी दी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मठ और माफिया को एक सामान बताते हुए बयान दिया है। इस बयान को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष सौरभ शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अखिलेश यादव का पुतला दहन किया। कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट के गेट के सामने अखिलेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष का कहना है कि सपा का डीएनए सनातन विरोधी है। अखिलेश यादव ने मठ और माफिया को एक सामान बताते हुए हिंदुत्व का अपमान किया है। इससे सब में आक्रोश है। अखिलेश यादव के बयान के खिलाफ ताजगंज थाने में तहरीर दी है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा था कि माफिया और मठाधीश में कोई ज्यादा अंतर नहीं होता है। उनके इस बयान का संत समाज ने भी विरोध किया।

# बारिश के कहर से फसलें हुईं बर्बाद

## किसान नेता पहुंचे खेतों पर लिया जायजा, क्षति आंकलन एवं मुआवजे की, की मांग

जन एक्सप्रेस। आगरा



भारतीय किसान संघ प्रदेश मंत्री मोहन सिंह चाहर, महावीर प्रधान, भाजपा नेता चौधरी नेम सिंह ने किरावली तहसील के गढ़िमा, भड़ीरी, साधन, अरदाया, अरुआ, व्यारा, नया बास, नगला लक्ष्मण, मांगरोल, नगरिया में दौरा किया तीन दिन से लगातार हुई बारिश से किसानों की धान, बाजरा की फसल में हुए नुकसान का जायजा लिया। किसानों ने बताया कि बारिश ने फसलों को पूरी तरह खत्म कर दिया। वहीं छपोखर, नरीपुरा, अगनपुरा, के किसानों ने बताया कि सब्जियां उगाई थीं।
बारिश से खेतों में पानी भर गया फसल खराब हो गई। किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने कहा है कि बारिश ने किसानों की फसलों में तबाही मचा दी है धान,बाजरा की फसल खेतों में बिछ गई पानी में डूबी हुई है। किसान बर्बाद हो गए। किसानों की लागत भी डूब गई। चाहर ने शासन प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र क्षति आंकलन कराया जाय और प्राभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उप जिलाधिकारी किरावली को ज्ञापन दिया जाएगा। मौके पर मोहन सिंह चाहर, भाजपा किसान नेता चौधरी नेम सिंह, महावीर प्रधान के अलावा प्राभावित किसान सुखवीर सिंह प्रधान, हाकिम सिंह, ओमप्रकाश सिंह, यशपाल सिंह, महेंद्र सिंह, रमेश, मांगेलाल, धन सिंह राजपूत, रविन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## खतरे से 5 मीटर नीचे बह रही चंबल

जन एक्सप्रेस। आगरा

चंबल नदी खतरे के निशान से सिर्फ 5 मीटर नीचे रह गई है। तेज उफान के साथ प्रति घंटा 30 सेंटीमीटर की रफ्तार से चंबल नदी का जलस्तर बढ़ रहा है।
एडीएम बाह ने चंबल नदी का जायजा लिया। नदी के पास के गांवों के लोगों को एलर्ट रहने को कहा। तीन दर्जन गांवों के संपर्क मार्गों पर पानी भर गया है। कोटा बैराज से 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके अलावा लगातार हो रही बरसात से चंबल का जलस्तर बढ़ रहा है। खतरे का निशान 130 मीटर पर है। नदी का जल स्तर 125 मीटर पर पहुंच चुका है। खतरे के निशान से सिर्फ 5 मीटर नीचे चंबल नदी बह रही है। आसपास के गांवों में बाढ़ की सी स्थिति बन रही है। नदी के पास के 30 से ज्यादा गांव के संपर्क मार्गों पर चंबल नदी का पानी भर गया है। लोग दहशत में हैं। घरों के सामान को संभाल रहे हैं। प्रशासन ने गांवों में हाई एलर्ट जारी कर दिया है। नदी के किनारे के गांव में राजस्व टीम तैनात कर दी गई है। ग्रामीणों को चंबल नदी किनारे न जाने की हिदायत दी गई है। एडीएम बाह सृष्टि सिंह ने पिनाहट पर चंबल नदी का जायजा लिया। अधीनस्थों को तटवर्टी गांव में तैनात रहने के निर्देश दिए। बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। चंबल नदी के किनारे बाजार, तिलहन, उड़द,मूंग की फसलें पानी में डूब गई हैं।

## केजरीवाल की सुप्रीम जमानत पर बांटी मिठाई

जन एक्सप्रेस। खुर्जा




आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बैंच ने शुक्रवार को शराब घोटाले मामले में जमानत दे दी है। कोर्ट ने सीबीआई की गिरफ्तारी को अनुचित बताया है। आप नेता केजरीवाल की सुप्रीम जमानत पर यहां आम आदमी पार्टी के नेता बेहद खुश हैं। उन्होंने खुर्जा-पहासू रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर एकत्रित होकर मिठाई बांटी और अपनी खुशी का इजहार किया। आप नेताओं का कहना है कि केजरीवाल की जमानत से भाजपा के मंसूबों पर पानी फिर गया है।
आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष केप्टन अर्जुन सिंह राघव ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को बदनाम करना चाहती थी। तभी तो उसने आप नेता केजरीवाल को पहले ईडी और बाद में सीबीआई से गिरफ्तार करा कर जेल में भिजवा दिया था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आज आप नेता केजरीवाल को जमानत देकर भाजपा को खिसियानी बिल्ली बना दिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम जमानत भाजपा सरकार पर सुप्रीम तमाचा है। आम आदमी पार्टी के जिला सचिव पंडित विष्णुदत्त गौतम ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार आम आदमी पार्टी की दिनों दिन बढ़ती लोकप्रियता से परेशान रही है। इससे आजिज मोदी सरकार आप नेताओं को कुचल कर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा कर परोक्ष रूप से शासन करना चाहती थी। इसी लिए भाजपा सरकार ने आप नेताओं को नाहक जेल में डाल दिया था। आप नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा के अरमान बिखेर दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ईडी और अब सीबीआई मामले में आप नेता को जमानत दी है। आम आदमी पार्टी के खुर्जा विधानसभा क्षेत्र कमैटी के अध्यक्ष मनोज कुमार वैद्य ने कहा कि भाजपा और पीएम नरेन्द्र मोदी का काम करने का अंदाज ही कुछ अलग है। पीएम मोदी देश में विपक्ष विहीन सरकार चलाना चाहते हैं। तभी तो मोदी सरकार ने आम आदमी पार्टी के चार-चार वरिष्ठ नेताओं को जेल में डाल दिया था। उन्होंने कहा चूंकि केन्द्र सरकार ने आप नेताओं को नाहक जेल में डाल दिया था। इससे हत्प्रभ सुप्रीम कोर्ट ने सबूतों के अभाव में शराब घोटाले में आरोपी बनाए तीन आप नेताओं को जमानत देकर भाजपा, केन्द्र सरकार, ईडी और सीबीआई के सपनों को धूल धूसरित कर दिया है। बोले, सुप्रीम कोर्ट को बधाई।

## इलेक्ट्रिक बस ड्राइवरों ने शुरू की हड़ताल

जन एक्सप्रेस। आगरा

फाउंड्री नगर में इलेक्ट्रिक बस के ड्राइवरों ने शुक्रवार सुबह से हड़ताल शुरू कर दी है। ड्राइवरों का कहना है कि तीन महीने से सैलरी नहीं मिली है। घर चलाना मुश्किल हो गया है। प्राइवेट कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पुलिस पहुंच गई है। ड्राइवरों को समझाने की कोशिश की जा रही है। ड्राइवरों ने शुक्रवार सुबह 4 से फाउंड्री गेट के डिपो के गेट पर बैठकर हड़ताल शुरू कर दी। ड्राइवरों ने बसों का संचालन करने वाली प्राइवेट कंपनी के खिलाफ हाय-हाय और मांगे पूरी करो को नारे लगाए। ड्राइवर कृष्ण मुरारी व सर्वेश कुमार ने बताया कि तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। बच्चों की फीस नहीं भरी गई है। बिजली का बिल, राशन, अन्य खर्चे कैसे पूरे करें। बसें भी खराब पड़ी हुई हैं। लगातार हुई बरसात में और बसें भी खराब हो गई हैं। मेंटेनेंस का पैसा रुपया ड्राइवरों से लिया जाता है। पिछले दो सालों से सैलरी नहीं बढ़ाई गई है।शिकायत कई बार कंपनी के उच्च आधिकारियों व एसडीएम से लेकर कमिश्नर तक से की गई है।

## कल एक दिन में सबसे ज्यादा बरसात रिकार्ड हुई

जन एक्सप्रेस। आगरा

शुक्रवार शाम को तेज बारिश हुई। बारिश के चलते लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। लोग घरों के बाहर मौसम का आनंद लेते दिखाई दे रहे हैं। आज सुबह में मौसम सुहाना था। कल यानी गुरूवार को लगातार हुई बारिश से आगरा जिले में 50 से अधिक जर्जर मकान और भवनों को नुकसान हुआ। 1939 के बाद गुरुवार को आगरा में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश हुई। पिछले तीन साल में सितंबर में जितनी बारिश हुई थी, उतनी एक ही दिन में हो गई। आगरा में पिछले दो दिन हुई बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए। मौसम विभाग के अनुसार 1939 में सितंबर माह में 609 मिमी बारिश हुई थी। उस साल 16 सितंबर को एक दिन में सबसे ज्यादा 286 मिमी बारिश हुई थी, जो अभी तक रिकॉर्ड है। इसके 84 साल बाद गुरुवार को आगरा में एक दिन में सबसे ज्यादा 151 मिमी बारिश हुई है। दो दिन में 200 मिमी बारिश हो गई है।
मौसम वैज्ञानिक राजेंद्र सिंह ने बताया पिछले तीन साल में सितंबर माह में जितनी बारिश हुई थी, उतनी पिछले 42 घंटे में हो गई। 2021 में सितंबर में 96.4 मिमी, 2022 में 194.95 मिमी और 2023 में 88 मिमी बारिश हुई थी। 2024 में पिछले दो दिन में ही करीब 200 मिमी बारिश हो चुकी है।
शुक्रवार को सुबह मौसम भले ही साफ है, लेकिन मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री पहुंच गया है। ठंडी हवा चल रही है। रात को लोगों को एसी बंद करने पड़े। पंखे में भी ठंडा का अहसास हुआ। बारिश के चलते पूरे जिले में 50 से ज्यादा मकानों को नुकसान हुआ है। देहात क्षेत्र में नुकसान ज्यादा हुआ है। फतेहपुर सीकरी में 10 मकान गिर गए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ताजमहल में जलाभिषेक के लिए केस दायर

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** लघुवाद न्यायालय में ताजमहल को **तेजोमहालय** मानते हुए जलाभिषेक और पूजा की मांग पर चल रहे वाद पर अब 16 सितंबर को फैसला आएगा। शुक्रवार को न्यायाधीश मृत्युंजय श्रीवास्तव की अदालत में इस मामले पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। यह याचिका योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर की ओर से 23 जुलाई को दायर की गई थी, जिसमें सावन में जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक समेत अन्य हिंदू त्योहारों पर पूजा की इजाजत मांगी गई है। सुनवाई के दौरान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल की ओर से उनके अधिवक्ता ने आपत्ति दाखिल की। उनका कहना था कि डॉ. पटेल एक सरकारी अधिकारी हैं और उन पर मुकदमा नहीं चल सकता। अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि इस मामले में भारत सरकार को प्रतिवादी बनाया जाना चाहिए। इस पर वादी पक्ष के अधिवक्ता शिव आधार सिंह तोमर ने जवाब देते हुए कहा कि धारा 80 सीपीसी के तहत सरकारी अधिकारियों पर भी मुकदमा चलाया जा सकता है, बशर्ते पहले से नोटिस दिया गया हो। इसके बाद, दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश सुरक्षित कर लिया और अब 16 सितंबर को फैसला सुनाया जाएगा। वादी कुंवर अजय तोमर का आरोप है कि एएसआई और उनके अधिवक्ता जानबूझकर मामले को टालने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उनके पास कोई ठोस जवाब नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इसलिए बार-बार कोर्ट से समय मांगा जा रहा है। इस मामले में अब तक दो बार सुनवाई हो चुकी है। पहली सुनवाई 16 अगस्त को हुई थी, जब एएसआई के अधिवक्ता ने वकालतनामा दाखिल कर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था। इसके बाद 27 अगस्त को फिर से सुनवाई हुई, लेकिन इस बार प्रतिवादी ने वाद पत्र की नकल नहीं मिलने की बात कहकर फिर से समय मांगा था। अब इस मामले में 16 सितंबर को अंतिम फैसला आने की संभावना है।

### आगामी विधानसभा चुनावों में नई ऊर्जा का संचार

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने पर जिलाध्यक्ष पण्डित सिद्धार्थ चतुर्वेदी के नेतृत्व में सुलभ पुरम स्थित ब्रज प्रांत कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ ह्रदेश चौधरी ने कहा कि कोर्ट के इस फैसले ने संदेश दिया है कि इस देश में किसी तानाशाह की नहीं बल्कि संविधान की चलेगी और अगर कोई तानाशाही चलाएगा तो देश का संविधान आम आदमी की रक्षा करेगा। वहीं आम आदमी पार्टी जिला आगरा के जिलाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि इस जमानत से साफ है कि अंत में जीत सत्य की ही होती है, अरविंद केजरीवाल जी के जेल से बाहर आने पर आगामी चुनावों में आम आदमी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता एवं प्रत्याशियों में नई ऊर्जा का संचार होगा, पूरे भारत वर्ष में निवास करने वाला पार्टी का एक एक कार्यकर्ता सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देता है। मिष्ठान वितरण में मुख्य रूप से जिला महासचिव संजय सिंह, पंचायत प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मेंबर सिंह प्रधानाचार्य, प्रवेन्द यादव,शैलेन्द्र गायत्री,सुनील तिमोरी, भूपेंद्र कुशवाहा राजेंद्र वरुण, रितेश हैरिसन, अनिल सिंह, प्रितीश चंद्र वाघे, समीर चंद्रा, ताजुद्दीन खान, सलमान अब्बास ,संजय कुमार आदि लोग रहे।

### तेज बारिश की वजह से धराशाई हुए मकान, स्वामियों को बंधाया ढांढस

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पिछले तीन दिनों से आगरा में हो रही तेज बारिश की वजह से शहर के कई इलाकों में जर्जर और पुराने मकान धराशाई हुए हैं। मकान के गिरने और छातिग्रस्त होने की सूचना पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आगरा से बाहर होने की वजह से अपने पुत्र भाजपा नेता डॉ अलौकिक उपाध्याय को मौके पर भेजा। दक्षिण विधानसभा के कश्मीरी बाजार, सदर भट्टी स्थित बाल्मिकी बस्ती, मंटोला क्षेत्र की माहौल बस्ती में पहुंचकर डॉ अलौकिक उपाध्याय ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। कैबिनेट मंत्री के आदेश पर उन्होंने नगर निगम और प्रशासन की जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पीड़ित परिवारों की हुई क्षति का नुकसान आकलन की बात कही। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार संकट की इस घड़ी में आप लोगों के साथ है सरकार और प्रशासन की ओर से हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के पुत्र डॉ अलौकिक उपाध्याय ने कश्मीरी बाजार क्षेत्र में जर्जर मकान गिरने की वजह से मलबे में दबने से घायल लोगों का सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज पहुंचकर हाल-चाल जाना उन्होंने कॉलेज के प्रिंसिपल से बात कर घायलों के समुचित उपचार और हर संभव मदद के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर डॉ अलौकिक उपाध्याय केसाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज जैन, राजू कुशवाहा, पार्षद अनुज शर्मा, सतीश वर्मा, संजीव गुप्ता, अरुण गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, दिलीप गुप्ता, बॉबी लाले, तनवीर करेह, बबलू भाटिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूदरहे।

### ओएमआर परीक्षा के समर्थन में सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ओएमआर आधारित परीक्षा के समर्थन में सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन ने दिया आगरा विश्वविद्यालय की कुलपति को ज्ञापन दिया। संगठन की ओर से मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि पालीवाल पार्क परिसर में कुलपति सचिवालय पर सेल्फ फाइनेंस एसोसिएशन के नेतृत्व में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी को एक ज्ञापन दिया। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ओएमआर आधारित परीक्षा का समर्थन दिया गया है। और यह भी बताया गया कि अगर विश्वविद्यालय ओएमआर आधारित परीक्षा को हटाकर उसमें कोई तब्दीली करता है, तो संगठन गांधीवादी तरीके से आगामी दिनों में धरने प्रदर्शन पर मजबूर होगा इसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की ही होगी। ज्ञापन देने वालों में सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी कृपाल सिंह आर्य बृजेश शर्मा एडवोकेट मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन, महामंत्री डॉ राजीव सिंह, भूप सिंह इंदौलिया, प्रमोद कुमार सिंह, श्याम चौधरी आदि मौजूद रहे। संगठन के अध्यक्ष कृपाल सिंह एवं मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा एडवोकेट संयुक्त ब्यान में यह भी कहा कि विजिट के दौरान विश्वविद्यालय का सेल्फ फाइनेंस कॉलेज संगठन पूर्ण सहयोग करेगा।

### किसानों के लिए मुआवजे की मांग

**जन एक्सप्रेस/किरावली।** शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक बाबूलाल ने जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी को पत्र लिखकर क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही भारी बारिश एवं आँधी तूफान से हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग की है। विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में तीन दिन से हो रही बारिश और आंधी से किसानों की फसलें जलमग्न होने काफी नुकसान हुआ है।

## एयरटेल बिजनेस और स्पार्कल ने भारत और इटली के बीच ब्लू-रमन क्षमता के लिए समझौता किया

जन एक्सप्रेस। आगरा

भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल की बी2बी (बिज़नेस टू बिज़नेस) शाखा एयरटेल बिजनेस ने आज एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। यह समझौता इटली के अग्रणी अंतरराष्ट्रीय सेवा प्रदाता और विश्व स्तर पर प्रमुख ऑपरेटर स्पार्कल के साथ हुआ है। इस समझौते का उद्देश्य एशिया और यूरोप के बीच विविधीकृत और कम विलंबता वाले मार्ग पर अतिरिक्त क्षमता का विस्तार करना है। इस समझौते के तहत, एयरटेल ब्लू-रमन समुद्री केबल प्रणाली पर स्पार्कल से क्षमता प्राप्त करेगी, जो भारत को इटली से जोड़ेगी। इस अतिरिक्त क्षमता के साथ, एयरटेल अपने वैश्विक नेटवर्क को कई अंतरराष्ट्रीय समुद्री केबल प्रणालियों में और अधिक विविधता प्रदान करेगी।
इसका उद्देश्य भारत और उसके पड़ोसी देशों में डेटा सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करना है। यह कदम एयरटेल की अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को मजबूत और विस्तारित करने की रणनीति का हिस्सा है। दोनों कंपनियां भारतीय उपमहाद्वीप में नए व्यावसायिक अवसरों और परियोजनाओं के विकास पर भी मिलकर काम करेंगी। इस सहयोग में वे अपने-अपने केबल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाएंगी। यह साझेदारी दोनों कंपनियों को अपनी विशेषज्ञता और संसाधनों का उपयोग करके क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और सेवाओं का विस्तार करने में मदद करेगी। एयरटेल बिजनेस की वैश्विक व्यापार की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, वाणी वेंकटेश ने कहा, हम स्पार्कल के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हैं।

### महिला वकील की मौत

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** शुक्रवार को महिला वकील की मौत हो गई। उसके भाई ने जेठ, चाचा ससुर, ताऊ ससुर सहित परिवार की महिलाओं पर मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही तहरीर दी है। सबमर्सिबल पम्प के चेंबर को लेकर हुयी मारपीट के दौरान घायल हुई महिला वकील की इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हमले में दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। अमरपुरा जगदीशपुरा निवासी मनोज कुमार की पत्नी शालिनी राजपूत सिविल कोर्ट में वकील हैं। बुधवार को वह और उनकी पत्नी दोनों घर थे। घर में लगी सबमर्सिबल पंप के चेंबर का निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि दोपहर करीब 1 बजे मनोज के बड़े भाई, उसकी पत्नी, चाचा ससुर, ताऊ ससुर सहित अन्य परिजन आ गए। लाठी-डंडे और सरिया से हमला बोल दिया। हमले में दोनों पति-पत्नी घायल हो गए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे उन्मुखीकरण गोष्ठी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद के विकासखंड भीटी अंतर्गत न्याय पंचायत भटौली के ग्राम पंचायत चाचिकपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सर्वे 2024 उन्मुखीकरण का गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह , प्रमुख भीटी,ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी तथा जिलाधिकारी द्वारा 87 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास का स्वीकृति पत्र भी वितरित किया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों के साथ वार्ताकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए। ग्राम पंचायत चाचिकपुर में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित किये जा रहे दोना पत्तल के कार्य के संचालन हेतु लगाए गए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। चाचीकपुर ग्राम के संपर्क मार्ग को मरम्मत कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।गोष्ठी के उपरांत एमएलसी तथा जिलाधिकारी द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## मोबिल ने चेन्नई में 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024' के साथ भारत की पहली नाइट स्ट्रीट रेस की मेजबानी की

जन एक्सप्रेस। आगरा

ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स में लीडर मोबिल ने 31 अगस्त और 1 सितंबर को चेन्नई फॉर्मूला रेसिंग सर्किट में इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 के दौरान चेन्नई में भारत की पहली नाइट स्ट्रीट रेस के लिए रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड (आरपी पीएल) के साथ साझेदारी की। यह ऐतिहासिक आयोजन मोबिल के इंडियन रेसिंग फेस्टिवल के साथ जुड़ने का तीसरा वर्ष था। यह फेस्टिवल भारत में गति, कौशल, प्रौद्योगिकी और प्रदर्शन का शानदार संयोजन है। इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 चैंपियनशिप दोनों के लिए आधिकारिक लुब्रिकेंट पार्टनर के रूप में, मोबिल ने पर्फोमेन्स बाय मोबिल 1 सूत्र पर फोकस के साथ भारतीय मोटर स्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। आरपीपीएल द्वारा आयोजित इस महोत्सव में नवंबर 2024 तक पूरे देश में पांच रोमांचक दौर होंगे। इस कार्यक्रम में भारत में मोबिल 1 के 50 साल के शानदार सफर का जश्न भी मनाया गया। इस अवसर पर एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा, हम इंडिया रेसिंग वीक का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं, यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो न केवल वैश्विक मोटरस्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने के लिए हमारे समर्पण को प्रदर्शित करता है बल्कि भारत में रेसिंग के भविष्य को भी गति देता है। पिछले तीन वर्षों में हमने मोबिल टीएम उत्पादों से रेसर्स और रेसिंग से जुड़े लोगों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हे सशक्त बनाया है, जिससे उन्हें अपनी क्षमता को उजागर करने में बड़ी मदद मिली है। आरपीपीएल के अध्यक्ष अखिलेश रेड्डी ने कहा, हम मोबिल टीएम के साथ इस सहयोग पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। भारत की पहली नाइट स्ट्रीट रेस को जीवंत करने के लिए रोमांचित हैं। नाइट रेसिंग के उत्साह और ऊर्जा ने हमारे रेसर्स की प्रतिभा और जुनून को प्रदर्शित करते हुए महोत्सव में एक नया आयाम जोड़ा है। एफ4 और आईआरएल की सभी टीमों को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई, और हम भविष्य में भी इसको जारी रखने की उम्मीद करते हैं। इस उत्सव ने लोगों का काफी ध्यान खींचा है जिसमें बॉलीवुड स्टार जॉन अब्राहम और अर्जुन कपूर, क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली और अभिनेता नागा चैतन्य जैसे सेलिब्रिटी टीम के मालिकों का बड़ा योगदान है।

## शारदा विश्वविद्यालय आगरा में प्रथम दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। आगरा

शुक्रवार को शारदा विश्वविद्यालय आगरा में प्रथम दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ विश्वविद्यालय के सर सी.वी.रमन हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री (उत्तर प्रदेश सरकार) योगेंद्र उपाध्याय और बतौर विशिष्ट अतिथि, पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, शारदा विश्वविद्यालय के चांसलर पी.के. गुप्ता, प्रो चांसलर वाई.के. गुप्ता, कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जयंती रंजन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शारदा कुलगीत के साथ किया।
कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जयंती रंजन ने विश्वविद्यालय में उपस्थित हुए सभी अतिथियों का आभार एवं अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों को शारदा विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा की नई यात्रा शुरू करने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि शारदा, विश्वविद्यालय का पाठ्यक्रम सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। विद्यार्थियों को मूल विषयों के अतिरिक्त विकसित भारत, सतत विकास पर आधारित कोर्स एवं विदेशी भाषा का ज्ञान भी कराया जाएगा।
शारदा विश्वविद्यालय नए विचारों के निर्माण एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने और समाज के विकास में योगदान देने का महत्वपूर्ण केंद्र होगा। प्रो चांसलर वाई.के.गुप्ता ने उपस्थित सभी अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को नए सत्र की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी नवगत विद्यार्थियों को रचनात्मकता और नवाचार को




अपनाने के लिए प्रेरणा दी। चांसलर पी.के. गुप्ता ने सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों से कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहभागी बनना चाहिए।
उन्हें नौकरी की तलाश करने की बजाय रोजगार का सृजन करने वाला बनना होगा। पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्रा ने अपना प्रभावशाली भाषण देते हुए कहा कि विद्यार्थी एक लक्ष्य निर्धारित करें, उसे अपना जीवन बना ले, उसके बारे में सोचें, उसके बारे में स्वप्न लें और उसी लक्ष्य को जिएं और वह लक्ष्य आपके रोम रोम में बस जाए। यही सफलता का गुरु मंत्र है मैं सभी को इस मौके पर बधाई देता हूं कि आप भविष्य में अपने कार्य के आधार पर शारदा विश्वविद्यालय, माता-पिता, गुरुजन, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। दीक्षारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मैं शारदा विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षारंभ कार्यक्रम में आकर गौरव का अनुभव कर रहा हूं। मंत्री ने सभी को इस पावन अवसर की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि यह विश्वविद्यालय वर्तमान में प्रयोग होने वाली हर प्रकार की टेक्नोलॉजी, शिक्षा एवं नवाचार से परिपूर्ण है। निश्चित रूप से यहां के विद्यार्थी भविष्य में राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और भारत का नाम रोशन करेंगे। इस पावन अवसर पर शारदा ग्रुप की ट्रस्टी सीमा गुप्ता एवं भावना गुप्ता, प्रोफेसर परमानंद प्रो वी.सी. शारदा विश्वविद्यालय नोएडा, विवेक गुप्ता कुलसचिव शारदा विश्वविद्यालय नोएडा, वी.के. शर्मा ईवीपी, शारदा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस, प्रोफेसर आर.एस पवित्र सहित सभी संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जिला प्रभारी पूरन लाल लोधी ने बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई





इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान कार्यक्रम में जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, शशिकांत, जिला महामंत्री आनन्द मिश्रा, जीएल वर्मा, अशोक पाठक, अखिलेश शर्मा, विधाराम वर्मा, देवदत वर्मा, सदस्यता अभियान के जिला प्रमुख गोकुल प्रसाद मौर्य, तुलाराम लोधी, रेखा सिंह परिहार, विपिन त्यागी द्वारा जानकारी दी गई।

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

दो दिवसीय राष्ट्रीय सदस्यता महा अभियान के तहत जिला प्रवासी के रूप में आये पूर्व जिला प्रभारी पूरन लाल लोधी ने जिला बार एसोसिएशन और जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ मिलकर सैकड़ों अधिवक्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान को साकार करते हुए सैकड़ो अधिवक्ताओं ने मिस्ड कॉल कर अपनी सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जिन्होंने इस सदस्यता अभियान का पहला सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बनाया इस अभियान का शुभारंभ किया था। जिसके निमित आज लगभग भारतीय जनता पार्टी के दो करोड़ से भी अधिक सदस्य बन चुके हैं।

आज हम सब भारतीय जनता पार्टी के केंद्र एवं प्रदेश सरकार जिस प्रकार देश प्रदेश को आगे बढ़ने का कार्य कर रही है निश्चित रूप से देश की जनता में इस राष्ट्रीय महा सदस्यता अभियान से जुड़ने को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोशल मीडिया पर अपना कार्ड बनाकर अपने फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं एक्स से शेयर करने का कार्य कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि आज पीलीभीत में जिस प्रकार सभी सम्मानित जन प्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी सहित संगठन के सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से पीलीभीत जिले को जो लक्ष्य रखा है, उसको समय से पूर्व करने का कार्य चल रहा है, अभी तक पीलीभीत में लगभग 50 हजार सदस्य बनाने का कार्य किया है।

# पिछले तीन वर्षों से कोयला डिपो हटवाने के लिए मोहल्लावासी दर-दर भटकने को हैं मजबूर

- मोहल्लवासियों को केवल अश्वासन पर ही स्थगित करना पड़ता है धरना
- कोयले की धूल घरों में पहुंचने से सात लोगों की हो चुकी है मौत




**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

21 अगस्त को बीसलपुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 4 पर कोयले की रेक उतारी गयी थी। तब से मोहल्लावासी धरना प्रदर्शन करते चले आ रहे हैं लेकिन रेल विभाग कुछ दिन तक कोयला के उतार को बंद कर देता है इसके बाद दोबारा कोयला उतार चालू हो जाता है। यह सिलसिला लगभग 3 साल से लगातार चलता चला आ रहा है। आज सुबह बजाज शुगर मिल बरखेड़ा के कर्मचारियों द्वारा रेलवे स्टेशन पर कोयला उतार की तैयारियां शुरु कर दी गयी। जिसको देखते हुए मोहल्लाबासी आक्रोशित हो गये और तहसील में धरना शुरु कर दिया।

21 अगस्त 2021 को रेलवे स्टेशन बीसलपुर के प्लेटफार्म नं0 4 पर पहली रेक उतारी गयी। तब से मोहल्लाबासी धरना प्रदर्शन करते चले आ रहे हैं। विधायकों, मंत्री, अधिकारियों के अश्वासन पर धरना स्थगिर करा दिया जाता है और कुछ दिन के लिए रेल विभाग के द्वारा कोयले का उतार बंद हो जाता है। कुछ ह दिनों बाद कोयला उतार दोबारा शुरु हो जाता है। कोयले की धूल से 7 लोगों की मौत भी हो चुकी हैं लेकिन रेल विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आज सुबह बजाज शुगर मिल बरखेड़ा के कर्मचारियों द्वारा कोयला उतार की तैयारियां शुरु कर दी गयीं। जिसको देखकर मोहल्लेवासी भड़क गये। भड़के मोहल्लाबासी भाजपा विधायक विवेक वर्मा के पास पहुंचे।

विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रेल विभाग के अधिकारियों से वार्ता की तभी कार्य को बंद कर दिया गया। उसके बाद मोहल्लेबासी उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह से मिले। उपजिलाधिकारी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और उन्होंने वार्ता कर काम बंद करा दिया और कर्मचारियों को वहां से भगा दिया। कुछ महिलाएं रेलवे स्टेशन पर गयीं जिनके साथ स्टेशन मास्टर ने अभद्रता की। जिससे मोहल्लेवासी दोबारा भड़क गये और तहसील कार्यालय जा धमके। भड़के मोहल्लावासियों ने सांकेतिक धरना देकर उपजिलाधिकारी को मांगपत्र सौंपकर कोयला न उतारे जाने की मांग की। धरना देने वालों में तेज बहादुर गौतम, अर्जुन सिंह, गुड्डू शर्मा, शेर बहादुर सहित दर्जनों मोहल्लावासी मौजूद रहे।

## बारिश में भीग कर मंदबुद्धि महिला की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश के चलते एक मंदबुद्धि वृद्ध महिला की भीग कर मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी जागरूक लोगों के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध महिला के शव की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। बीसलपुर क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश की चलते देर रात्रि बरेली रोड पर स्थित ग्राम भड़रिया मोड़ के पास एक मंदबुद्धि वृद्ध महिला की भीग कर मौत हो गई। सुबह होने पर रोड पर टहलने निकले ग्रामीणों की नजर जब महिला पर पड़ी तब उन्होंने देखा इसके बाद उन्होंने बीसलपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल को फोन कर घटना की जानकारी दी। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृत पड़ी वृद्ध महिला के शव की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने लोगों से की वार्ता





- नौजलिया नकटहा व गभिया सहराई में बाढ़ की स्थिति को देखा एवं बाढ़ पीड़ितों से वार्ता कर जानी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

आज जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विगत दो दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार वर्षा के दृष्टिगत नौजलिया नकटहा एवं गभिया सहराई में मौके पर पहुंच कर बाढ़ की स्थिति को देखा।

इसके साथ ही उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत की उनका हाल जाना व उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण करने हेतु उप जिलाधिकारी कलीनगर को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि जो भी परिवार बाढ़ में फंसे हुए हैं उनको सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए एवं उनके खान-पान की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही उन्होंने पीड़ितों से कहा कि कहीं पर कोई भी समस्या हो तो तत्काल जिला प्रशासन एवं उप जिलाधिकारी को सूचना उपलब्ध कराई जाए जिससे कि तुरंत समस्या का निराकरण किया जा सके। इस दौरान कम्युनिटी किचन संचालित है, किचन के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।इस दौरान अपर जिलाधिकारी ऋतु पुनिया, उप जिलाधिकारी कलीनगर, तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मंदिर से दस बोरी घंटा हुआ चोरी



- पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज
- पुलिस मामले की जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अशरफपुर गांव स्थित बुढिया माई मंदिर में भक्तों द्वारा चढ़ाए गए दस बोरी पीतल के का घंटे मनबढ़ो ने पिकअप पर लादकर चोरी कर बेच दिया। जिसकी सूचना पुजारी ने स्थानीय पुलिस को दिया। मुकदमा दर्ज न होने पर मंदिर के पुजारी ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया।

क्षेत्र के बरउद गांव निवासी ओमप्रकाश तिवारी पुत्र राम देव तिवारी क्षेत्र के अशरफपुर गांव स्थित बुढ़िया माई (चौसट्ठी देवी) मंदिर के पंडा व पुजारी है। प्रतिदिन वह मंदिर में पूजा - पाठ भी करते हैं।मंदिर में भक्तों द्वारा मन्नतें मांगने पर मन्नत पूरी होने के बाद मनमुताबिक घंटा चढावा चढ़ाते थे। पुजारी का आरोप है कि 28 अगस्त 2024 की दोपहर कुछ दबंग किस्म के युवकों ने मंदिर में टंगे हुए लगभग 10 बोरी पीतल धातु का तकरीबन 15 कुंटल घंटे जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपये है। जिसको सलेमपुर गांव निवासी साहब लाल गुप्ता, उक्त गांव निवासी त्रिपुरारी, व बरउद गांव निवासी अमरजीत उर्फ सोनू, रामचरन, बरखू, सरबजीत और मुस्तफाबाद निवासी अर्जुन नोना वाहन नंबर U P 62 A T4399 में लादकर बाजार में चोरी से बेच दिया। जब इस बात की जानकारी मंदिर के पुजारी को हुई तो उन्होंने पूछताछ की तो मनबढ दबंगों ने पीड़ित पुजारी से गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

घटना की जानकारी पुजारी ने तहरीर के माध्यम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया।

स्थानीय पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित पुजारी पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मौसम का मिजाज बदला, विद्युत आपूर्ति ठप्प

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत/बीसलपुर**

जनपद भर में जहां बृहस्पतिवार रात बारिश शुरू होते ही विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। 36 घंटे बीत जाने के बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। मौसम विभाग द्वारा दो दिन 12,13 सितंबर को भारी बारिश की चेतावनी जारी होते ही बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई है। बताया गया है कि बड़ी लाइन में फाल्ट आने की वजह से विद्युत आपूर्ति ठप्प हुई है। गुरुवार दोपहर से लगातार बारिश जारी है। जिसके कारण बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से मोबाइल सहित तमाम घरेलू उपकरण बंद होने से ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ गई है। लगातार बारिश होने से सोलर पैनल भी काम नहीं कर रहे हैं। जिससे लोगों को रात के समय रोशनी की समस्या खड़ी हो गई है। लगातार विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस बारे में दियोरिया विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पहले 33 केवी में फाल्ट आने से आपूर्ति बाधित हो गई थी। उसे ठीक किया गया है। फिर रात के समय उपकेंद्र पर फाल्ट आने से आपूर्ति बाधित हो रही है।

# संस्कार भारती शाहगंज का 13वां कान्हा महोत्सव हुआ संपन्न

- लक्ष्मी नारायण वाटिका में मनमोहक दिखे राधा कृष्ण



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज। संस्कार भारती शाहगंज द्वारा आयोजित 13वां कान्हा महोत्सव रचित चौरसिया संस्था अध्यक्ष की देख रेख में नगर के लक्ष्मी नारायण वाटिका प्रांगण में गुरुवार शाम को भव्यता पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डा. ज्ञानेश चंद्र पांडेय एसोसिएट प्रोफेसर गायन विभाग संगीत एवं मंच कला संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने संस्कार भारती के कान्हा महोत्सव मनमोहक बताया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन गीता प्रदीप जायसवाल, वीरेंद्र सिंह बंटी, बिट्टू किन्नर एवम संरक्षको द्वारा किया गया। तदुपरांत ध्येय गीत रुचि अग्रहरि और शंखनाद सयुक्त रूप से आनंद प्रेमी, मनोज सेठ ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम प्रारंभ की घोषणा अध्यक्ष रचित चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम चार वर्ग लल्ला, कृष्ण, राधा,तथा युगल वर्ग में किया गया विजेताओं को प्रथम,द्वितीय, तृतीय पुरस्कार मुख्य व विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा दिया गया।

साथ ही सभी प्रतिभागियों को उपहार दिया गया, कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र सुंदर रंगोली रही जिसको राजकुमार कसेरा, संतोष ओम सेठ, संजीव जायसवाल ने मिलकर बनाया, अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों एवं दानदाताओं को सम्मानित किया गया। आभार मंत्री राजकुमार कसेरा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संजय अग्रहरी सुशील बागी एवं पवन तनय ने मिलकर किया। कार्यक्रम में संरक्षक सुनील, अरविंद, सुभाष चंदू प्रधान,पूर्व अध्यक्ष श्रवण, अजेंद्र, अमित, दिनेश मोदनवाल, शोभनाथ मौर्या, संदीप जायसवाल, मनीष अग्रहरि, शिम्पू, नीरज, बैजनाथ, दीपक सिंह पत्रकार, नीतू मिश्रा, सीमा, कुसुम, रिंकी, गंगालियातथा जौनपुर इकाई के पदाधिकारी की उपस्थित रही।

## बकाया पारिश्रमिक के भुगतान के लिए वाचरों ने किया प्रदर्शन




**जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर।** ड्रमंडगंज। छह माह के बकाये पारिश्रमिक के भुगतान के लिए वन विभाग के वाचरों ने बृहस्पतिवार को रेंज कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। उनका कहना था पारिश्रमिक का भुगतान नहीं होने से उनके समक्ष आर्थिक संकट पैदा हो गया है। अधिकारियों की तरफ से रक्षाबंधन से पहले बकाये वेतन के भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बकाये का भुगतान आज तक नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों ने एक सप्ताह के अंदर बकाये का भुगतान नहीं होने पर अनशन शुरू करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन में शामिल वाचर हृदय नारायण, सुरेंद्र बहादुर सिंह, गोपीनाथ, राम सहाय, शारदा प्रसाद, नन्हकू व दिनेश तिवारी ने बताया कि मार्च माह से पारिश्रमिक का भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट पैदा हो गया है। परिवार के सदस्यों का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। उधर, उप प्रभागीय वनाधिकारी शेख मुअज्जम का कहना है कि वाचरों के छह माह के बकाये पारिश्रमिक के भुगतान के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# पंपिग सेट पर सो रहे वृद्ध की गला रेतकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार







"थाना सरपतहाँ अन्तर्गत ग्राम कुशियां बहार में एक वृद्ध व्यक्ति की ट्यूबेल पर सोते समय गला रेत कर हत्या की घटना में मुकदमा पंजीकृत कर नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अरविन्द कुमार वर्मा**
**अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर**

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

उत्तर प्रदेश स्थित जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के कटघर गांव के कुसियाबहार मजरे में गुरुवार रात पंपिंग सेट पर सो रहे वृद्ध की गांव के ही युवक ने गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी का मृतक के परिजनों से बृहस्पतिवार शाम मोबाइल चोरी को लेकर विवाद हुआ था। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को उसके घर गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

रामजीत बिंद (75) अपने सबसे छोटे भाई कमलेश बिंद के साथ ही रहते थे। उन्होंने अपने हिस्से की जायदाद आदि भी उन्हीं को दी थी। बीते कई वर्षों से वे घर से थोड़ी दूर पाही पर बने पंपिग सेट वाले घर मे ही रहते थे। स्वजन उनका भोजन नाश्ता आदि लेकर वहीं जाते थे। देर रात गांव का ही विकास बिंद (20) पंपिग सेट पर पहुंचकर चाकू से रामजीत का गला रेतकर हत्या कर दी और चुपचाप वापस आकर घर सो गया।

रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह कमलेश पंपिग सेट पर गए तो उसके बड़े भाई रामजीत चारपाई पर मृत पड़े थे। उनका गला किसी धारदार हथियार से रेता गया था। घटनास्थल पर किसी अनजान व्यक्ति की मोबाइल पड़ी हुई थी।

वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए और चीख-पुकार सुनकर अन्य लोग भी वहां जमा हो गए। इसके बाद मृतक को चारपाई समेत उठाकर घर लाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र बिंद ने पुलिस को सूचित किया।

पुलिस द्वारा आरोपी से की गई पूछताछ में उसने बताया कि उसके घरवालों ने उसके ऊपर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया था इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया। बहरहाल स्थानीय पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिलाचिकित्सालय भेज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

# क्षेत्राधिकारी नगर ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी





**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर पुलिस गुमशुदा मोबाइलों के प्रार्थना पत्रों के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा जिले के भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्र से पीड़ितों के गुम हुए 101 मोबाइलो को दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखण्ड, बिहार व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बरामद किया गया। बरामद मोबाईलों में मुख्यतः आईफोन, एप्पल, वन प्लस, वीवो, रेडमी, ओप्पो व समसंग कम्पनी की मोबाइल है, जिनका बाजार मूल्य लगभग 25 लाख रुपये है। बरामद मोबाइल को देवेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा प्रेसवार्ता कर मोबाइल स्वामियों को वितरित किया।

### बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे लोग

विनय प्रकाश सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जौनपुर, उ0नि0 दिनेश कुमार, मु0आ0 अमरनाथ सिंह, मु0आ0 मुकेश कुमार, आरक्षी चन्दन यादव, आरक्षी संग्राम सिंह यादव, आरक्षी सत्यम गुप्ता, आरक्षी सुगम यादव, आरक्षी प्रफुल्ल यादव, आरक्षी परवेज, आरक्षी अजीत कुमार कन्नौजिया, महिला आरक्षी आकांक्षा सिंह व महिला आरक्षी अंजली सिंह साइबर क्राइम थाना जौनपुर शामिल रहे।

## प्रयागराज को हराकर मिर्जापुर ने जीता कांस्य पदक

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर।** महुवरिया स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही 68वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के चौथे दिन बृहस्पतिवार को अंडर-19 बालिका वर्ग का सेमीफाइनल हुआ। इसमें मिर्जापुर ने प्रयागराज को 32-05 से हराकर कांस्य पदक जीता। अंडर-19 बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल वाराणसी व मिर्जापुर के बीच हुआ। जिसमें वाराणसी ने मिर्जापुर को 38-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में अलीगढ़ ने प्रयागराज को 28-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके अलावा अंडर-14 बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल में आगरा ने बस्ती को 38-17 से हराया। अयोध्या ने सहारनपुर को 28-26, आजमगढ़ ने प्रयागराज को 34-26 और स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने वाराणसी को 39-29 से हराया। अंडर-17 बालक वर्ग में सहारनपुर ने प्रयागराज को 47-46 से हराया। स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने आजमगढ़ को 33-30 से हराया।

# हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

बदलापुर तहसील परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में बिराजमान हनुमान जी के मूर्ति से अज्ञात चोरों ने चांदी का मुकुट चोरी कर लिए। वही मंदिर के पुजारी अवनीश शुक्ला ने पुलिस को सूचना देते हुए आरोप लगाएं कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे एक व्यक्ति मंदिर पर आया और वह बोला कि मंदिर खोल दीजिए हनुमान जी का दर्शन करना है। पुजारी अवनीश शुक्ला मंदिर को खोलकर साफ़ सफाई में जुट गए फिर वह चोर ने पुजारी को पैसा देते हुए कहा कि प्रसाद के लिए लड्डू मंगवा दीजिए फिर वह मंदिर खुला छोड़कर बाहर दूकान से लड्डू लेकर वापस मंदिर पहुचें तो देखा की वह व्यक्ति वहाँ नहीं था फिर पुजारी हनुमान जी के गले में फूल माला पहनाने लगे तो देखा कि मूर्ति से चांदी का मुकुट गायब था। फिर उन्होंने घटना की सूचना अधिवक्ता संघ को देते हुए पुलिस को भी सूचना दिया।वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं कोतवाली पुलिस ने घटना की छानबीन में जुट गई है।

# श्मशान घाट पर शुल्क वसूली स्थगित

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**

कोन ब्लॉक के भोगांव श्मशान घाट पर शव लेकर पहुंचने वालों से शुल्क वसूली जिला पंचायत प्रशासन ने बृहस्पतिवार को स्थगित कर दी। इसके खिलाफ डोम और धरकार समाज के लोग कई दिन से अनशन कर रहे थे। नमामि गंगे परियोजना के तहत जिला पंचायत की तरफ से भोगांव घाट पर करोड़ों रुपये की लागत से शवदाह स्थल व अन्य व्यवस्था कराई गई है। यहां सात शवदाह स्थल बनाए गए हैं, ताकि अंतिम संस्कार के लिए आने वालों को कोई परेशानी न हो। इसके रखरखाव व देखरेख के लिए जिला पंचायत की ओर से टेंडर जारी किया गया था। इसके तहत शव लेकर आने वालों से पहले 1000 रुपये शुल्क के रूप में वसूल किए जा रहे थे। इसका स्थानीय डोम व धरकार समाज के लोगों ने विरोध किया। शव लेकर आने वालों ने भी विरोध किया। इस पर जिला पंचायत ने शुल्क आधा कर 500 रुपये कर दिया। इसके बाद भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। पिछले कई दिन से डोम व धरकार समाज के लोग अनशन कर रहे थे। आंदोलन बढ़ते देख जिला प्रशासन ने जिला पंचायत को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। इस पर जिला पंचायत ने बृहस्पतिवार को 500 रुपये शुल्क की वसूली भी स्थगित कर दिया। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि फिलहाल शुल्क वसूली स्थगित कर दी गई है।

# गणपति बप्पा मोरया अगले बरस फिर जल्दी आ





**बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अगले बरस फिर आना... विदा हुए गणपति बप्पा, शहर में गाजे-बाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को कस्बों और गांवों के मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य गणेश विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरिया, अबकी बरस जल्दी आ.. के घोष के गूंजते रहे। इस दौरान भक्तिगीतों पर थिरकते श्रद्धालुओं ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाया।गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में आयोजित दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शुक्रवार को गणेश विसर्जन के साथ समापन हुआ।

बिरहाना गांव से जुलूस ट्रैक्टर ट्रॉली पर भक्त बैठकर गुलाल एक दूसरे को लगाते हुए साउंड सर्विस पर धार्मिक गानों पर थिरकते गाते और कस्बा होते हुए नानामऊ घाट पहुंचकर गणेश की मूर्ति विसर्जित की बिल्हौर कस्बे के बापू गेस्ट हाउस में में स्थापित ऊंची प्रतिमा का विजर्सन नानामऊ गंगा तट में हुआ।

पंडाल से सुबह 10:30 बजे शोभायात्रा निकाली गई, कस्बे से रोड से होते हुए नानामऊ गंगा तट की ओर बढ़ी।

क्षेत्र के बैंडी अलीपुर के पुराना शिवाला मंदिर, मकनपुर स्थित हनुमान मंदिर से भी शोभायात्रा निकली गई।

नानामऊ गंगा तट में मूर्ति विसर्जन के लिए गणपति बप्पा के भक्त पहुंचे। वहीं, कमसान, दरियापुर, ककवन, उत्तरीपुरा स्थानों पर स्थापित बप्पा की प्रतिमाओं विसर्जन किया गया।

### भक्तों ने जगह जगह ग्रहण किया बप्पा का प्रसाद

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में तहसील क्षेत्र के विभिन्न कस्बों और गांवों शुक्रवार को विशाल भंडारा आयोजन किया गया। इसमें प्रसाद ग्रहण करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। भंडारा देर शाम तक चला। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही।

## कमसान फीडर में 54 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति हुई चालू

**क्षेत्र में लगभग 37 गांव, 300 ट्यूबवेल लगे हैं किसान परेशान**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बिजली की सप्लाई बरसात के दौरान कुछ घंटे के लिए ही नदारत रही लेकिन बिल्हौर बिजली घर से कमसान फीडर में मंगलवार और बुधवार की रात 1:00 बजे से लाइट चली गई शुक्रवार सुबह लगभग 6:00 बजे आई वह भी लगभग 54 घंटे बिजली आई 4 घंटे तक केवल बल्ब भी जलते रहे समरसेबल और घरेलू मोटर भी नहीं चल सके जिससे घरों में पानी के लिए दिक्कतों का सामना उठाना पड़ा दिन में लगभग 11:00 बजे सही बोल्टेज सप्लाई आई तब लोगों ने अपने घर के समरसेबल चला कर टंकीभर कर जानवरों के पानी के पीने की व्यवस्था की है यहां तक की अंधेरे में 54 घंटे गांव में गुजर बसर करनी पड़ी वहीं पर जो लोग घरों में सोलर की प्लेट भी लगाए हैं वह भी सूरज के दर्शन न होने की वजह से रात में अंधेरे में ही गुजारी वहीं पर लोगों ने लालटेन भी खरीद कर उससे उजाला करते रहे।

गैस सिलेंडर और यहां तक की मोबाइल भी सभी बंद की स्थिति में बने रहे ऐसा कभी भी नहीं हुआ है कि बारिश के दिनों में बिजली विभाग बिल्कुल लाइट बंद कर दी अधिकारियों के पास वही रटा रटाया बयान की कमान फीडर में लगभग 37 गांव हैं इस फीडर में लंबी लाइन की वजह से जंपिंग होती रहती है इसके चलते लाइन बंद रही है।

### यातायात के लिए खोला गया लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बना पुल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे के गदनखेड़ा बाईपास चौराहा पर पुल बनने के बाद भी यातायात के लिए न खोलने को लेकर चलाई गई मुहिम रंग लाई है। गुरुवार को निर्माण एजेंसी ने बोल्डर हटाकर यातायात शुरू करा दिया। उन्नाव-लालगंज और लखनऊ-कानपुर हाईवे को जोड़ने वाले इस चौराहा पर जाम से दशकों बाद निजात मिली है। हाईवे पर शहर के पास स्थित गदनखेड़ा बाईपास चौराहा, उन्नाव-लालगंज (रायबरेली) हाईवे को जोड़ता है। दोनों हाईवे पर अत्यधिक यातायात होने से रोजाना कई बार घंटों जाम की समस्या कई दशकों से लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई थी। स्थानीय लोगों की मांग पर सांसद ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर हाईवे पर पुल बनाने की मंजूरी दिलाई थी। 2021 में 64 करोड़ की लागत से 1640 मीटर लंबे पुल का निर्माण शुरू हुआ था। कई बार समय सीमा बढ़ने के बाद अगस्त के आखिरी सप्ताह में पुल का निर्माण पूरा हो गया। कार्यदायी संस्था पीएनसी ने चार सितंबर को पुल को यातायात के लिए खोलने की घोषणा की, लेकिन बाद में पुल के लोकार्पण का पेच फंस गया। पुल बनने के बाद भी लोगों को जाम से राहत न मिलने पर विभाग की किरकिरी हुई तो जिम्मेदारों ने रोड लाइट का काम पूरा न होने का बहाना बनाकर लोकार्पण प्रकरण पर पर्दा डालने की कोशिश की।

## गणेश विसर्जन जुलूस में युवाओं में रंग डालने को लेकर मारपीट

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के दरियापुर गांव में एक युवक ने दूसरे युवक के साथ गणेश महोत्सव के विसर्जन के दौरान गुलाल डालने को लेकर मारपीट कर गाली गलौज कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित रामसेवक पुत्र कालिका निवासी दरियापुर का आरोप है कि गावं में गणेश महोत्सव के विसर्जन की बारात जा रही थी तभी सभी लोग गुलाल लगाकर खुशियां मना रहे थे तभी वही रास्ते पर गांव के सर्वेश पुत्र भजनलाल खड़े थे उन्होंने कहा की गुलाल क्यों उड़ाने की बात कही फिर गाली गलौज कर लात घुसों से मरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बीच बचाव किया तो मारपीट करने वाले ने कहा कि अगर मारपीट की शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ित किसी तरह वहा से जाकर बिल्हौर एसीपी से शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है वही मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बिल्हौर कोतवाल अशोक कुमार सरोज ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है पुलिस को भेज कर जांच करवाई आ रही है जल्दी गिरफ्तारी होगी।

## खान सर को मिला स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार

**बोले- शिक्षा ऐसा हथियारजजिसका बारूद खत्म नहीं होता**

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

जिले में त्यागमूर्ति स्वामी ब्रह्मानंद जी के निर्वाण दिवस पर ब्रह्मानंद महाविद्यालय के अखंड मंदिर हॉल में स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार 2024 का भव्य आयोजन किया गया। स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले फैजल खान सर को सम्मानित किया। खान सर के पहुंचते ही युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसको लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा।

मुख्य अतिथि पद्म श्री डॉ बी.के.एस. संजय विशिष्ट अतिथि सुश्री मेघा परमार ने स्वामी ब्रह्मानंद का स्टेच्यू, मेडल, सनद, दस हजार रुपये सम्मान राशि व समिति के सदस्य ने अंग वस्त्र प्रदान किए। खान सर के नाम से विख्यात फैजल खान ने सम्मान समारोह में आते ही बुंदेलखंड की धरती को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद का जन्म नहीं, बल्कि अवतार हुआ था।

बुंदेलखंड की धरती का सौभाग्य रहा कि स्वामी ब्रह्मानंद ने इतने कम समय में शिक्षा की ऐसी ज्योति जलाई, जिसकी लौ आज भी जगमगा रही है। जरूरत है स्वामी ब्रह्मानंद के काम को आगे बढ़ने की। शिक्षा एक ऐसा हथियार है, जिसका बारूद खत्म नहीं होता। स्वामी जी ने इतना बड़ा शिक्षा का मंदिर बनाया है। इसे आगे बढ़ाया जाए।

### बुंदेलखंड की धरती में क्या कमीं रह गई

स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विश्वविद्यालय न बनाए जाने का उन्होंने दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय और न ही राज्य विद्यालय बन सका। बुंदेलखंड की धरती में क्या कमीं रह गई। इस मौके पर मनोहर सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, मुकेश राजपूत, हरचरन फौजी, नरेंद्र राजपूत, रामसजीवन यादव आदि रहे।

## बिल्हौर के मकनपुर/इलियासपुर के घरों में घुसा पानी राहत कार्य जारी मौके पर पहुंची एसडीएम रश्मि लांबा





जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मकनपुर इलियासपुर के नजदीक से होकर निकली ईशन नदी में पिछले 48 घंटे से रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बरसात के चलते इलियास पुर मकनपुर मोहल्ला क्षेत्र में ईशन नदी का पानी जल उफान होने से मकनपुर इलियासपुर नई बस्ती में अधिक वर्षा होने से घरों में पानी भर गया जिससे कच्ची झोपड़ियां ध्वस्त होने शुरू हो गई, जिसके चलते कई कच्चे घर भारी जल भराव की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

कई घरों में पानी भर गया जिससे श्रमिकों के खाने-पीने का राशन वह अन्य सामान पानी में भीग कर खराब हो गया, इधर ईशन नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने के चलते मकनपुर इलियासपुर क्षेत्र में कई मकान जलभराव की चपेट में आ गये जानकारी होने पर मौके पर पहुंची बिल्हौर उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने सभी परिवार प्रभावित को तहसील परिसर मकनपुर एवं मेला कोतवाली में शिफ्ट कराया और सभी परिवारो को राशन किट व्यवस्था कराई लेखपाल वह कानूनगो द्वारा नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है।

भारी नुकसान पर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर मुआवजा दिलाया जाएगा।

मकनपुर प्रधान मजाहिर हुसैन भी मौजूद रहे।

## कच्चा घर भरभराकर गिरा मलबे में दबकर महिला घायल



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

जिले में पिछले तीन से हो रही बारिश के चलते कच्चे घर गिर रहे हैं। जलालपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में कच्चा मकान भरभराकर गिरने से मलबे में दबकर तीस वर्षीय महिला घायल हो गई है। थाना क्षेत्र के गांव बंगरा निवासी सोनू तिवारी पुत्र हरिश्चंद्र भरुवा सुमेरपुर में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। बृहस्पतिवार को वर्षा (28) तीन वर्ष की बेटी को लेकर अपने कच्चे मकान में सो रही रही थी।

रात 11 बजे बारिश के कारण कच्चा मकान कर गिर गया। इसके मलबे में वर्षा भी दब गई। ससुर हरिश्चंद्र तिवारी ने आनन फानन में बच्ची को घर गिरने के पहले ही निकाल लिया। बहु वर्षा तब तक मलबे की चपेट में आकर घायल हो गई। तहसीलदार रविंद्र पाल ने बताया कि पीड़ित की हर संभव मदद की जाएगी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## लखनऊ इटावा राजमार्ग को ककवन के बीच में किनारे खड़े बबूल और पतावर ने ढक दिया



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र से गुजरे लखनऊ इटावा राजमार्ग पर ककवन और बिल्हौर के बीच में राजमार्ग के दोनों ओर पतावर और विलायती बबूल खड़ा है जिससे पटरी को पूरी तरह से ढक दिया है इसके बाद अब डामर रोड को भी ढकना शुरू कर दिया है दिन में तो वहां आसानी से निकल जाते हैं लेकिन रात के समय में सामने आने वाले वाहन को क्रॉस देने पर वहां अक्सर बाबुल के पेड़ों से टकरा जाते हैं या तो वह स्लिप करके नीचे चले जाते हैं या दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं वहीं पर इस काम के लिए अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं ना ही लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी इसकी सफाई कर रहे हैं पिछले वर्ष इसकी सफाई कराई गई थी। वह भी खाना पूरी हुई थी अब इन दिनों दिक्कतो का सामना करना पड़ता है बड़े वाहनों को वाहन चालकों ने बताया कि हम इतना टैक्स देते हैं। लेकिन सुविधाओं के नाम पर सरकार कुछ भी नहीं देती है नहीं झाल जाखड़ साफ करवाती है और ना ही गड्ढा मुक्त करती हैं।

## छह घंटे में 7.5 मिमी बारिश, अधिकतम पारा दो डिग्री गिरा



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

दो दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। गुरुवार सुबह से दोपहर तक करीब छह घंटे में 7.5 मिमी बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान में दो और न्यूनतम पारे में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। तेज हवा से करोवन मोड़ के पास पेड़ गिरने से यातायात बाधित रहा।

गुरुवार सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे के बीच बारिश हुई और तेज हवाएं चलती रहीं। इस दौरान सदर व सफीपुर तहसील में छह-छह, बीघापुर में पांच, बांगरमऊ में आठ, हसनगंज में नौ, पुरवा में 11 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। पूरे दिन बादल छाए रहे। बारिश से मौसम सुहाना रहा। बुधवार को जहां अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम पारा 26 डिग्री था, वहीं गुरुवार को तापमान घटकर क्रमशः 27 व 25 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

बारिश से पुरवा के पूर्ति कार्यालय व बांगरमऊ सीएचसी परिसर में जलभराव हो गया। उधर, गुरुवार शाम करीब पांच बजे करोवन मोड़ के पास पेड़ गिरने से करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बुधवार रात पुरवा कोतवाली के मंगतखेड़ा में कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे की कार्यदायी संस्था पीएनसी के यार्ड में लगे टावर में बिजली गिरने से कनेक्ट यार्ड के सभी सीसीटीवी, कंप्यूटर, लैपटॉप, पीओआई सिस्टम व प्रिंटर फुंक गए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पीएनसी के प्रशासनिक अधिकारी उदित जैन ने बताया कि बिजली गिरने से यार्ड में लगे आईटी के सभी उपकरण खराब हो गए हैं। इससे लगभग 25 लाख का नुकसान हुआ है।

### इंसुलेटर फुंकने से साढ़े पांच घंटे गुल रही 250 गांवों की बिजली

बारिश से बुधवार शाम मौरावां पावर हाउस से पुरवा उपकेंद्र के लिए आई 33केवी मेन लाइन के सात इंसुलेटर खराब हो गए। इससे साढ़े पांच घंटे 250 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप रही। बुधवार शाम साढ़े सात बजे से पुरवा उपकेंद्र से समर्पित कस्बा समेत मंगतखेड़ा, चमियानी, बेहटा व बाजीखेडा के गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। विभाग के कर्मचारी रात साढ़े 12 बजे के करीब इंसुलेटर को बदल जाए। जेई अशोक पाल ने बताया कि नए इंसुलेटर लगवाकर बिजली आपूर्ति बहाल करा दी गई थी। गंजमुरादाबाद प्रतिनिधि के अनुसार, दो दिनों से बिजली संकट है। घने पेड़ों के बीच से निकली 11 हजार और 33 हजार केवी क्षमता की लाइनों के आपस में टकराने से आपूर्ति बाधित रही। कस्बे की करीब 20 हजार की आबादी के साथ ही सुलतानपुर लहरापुर, देवरिया, बरौंकी, कपूरपुर, हसनापुर, बल्लापुर, कुशराजपुर, भिखारीपुर पतसिया, जसरापुर, दारापुर, दरियापुर, खैरहन, रघुरामपुर, महमदाबाद, कलवारी, हयातनगर, चहोलिया और महोलिया आदि गांवों और उनके मजरों की करीब एक लाख की आबादी को निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली के अभाव में नगर के दोनों ओवरहेड टैंक नहीं भर पा रहे हैं। जेई संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि विद्युत लाइनें घने जंगलों के बीच से निकली हुई हैं। तेज हवा के साथ बारिश से लाइनों में टकराने से फाल्ट आ जाती है। जिसे ढूंढने और उन्हें दुरुस्त करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

### टेस्टिंग कार्य के चलते चार घंटे बंद रहा सिटी पावर हाउस

सिटी पावर हाउस के उपकरणों की टेस्टिंग कार्य के चलते चार घंटे तक क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति ठप रही। दोपहर दो बजे से टेस्टिंग शुरू हुई। जो शाम छह बजे तक चली। एक्सईएन प्रथम हेमेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रांसमिशन से अचानक टेस्टिंग कार्य करने के लिए रोस्टिंग कर दी गई। काम के चलते सिटी पावर हाउस से जुड़े क्षेत्रों किला, बाबूगंज, आईबीपी तिराहा, कंजी, हिरन नगर आदि मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप रही। उधर, 132 केवी सरोजनी नगर से कुंदनरोड को आई विद्युत लाइन के कंडक्टर बदले जाने से 33 केवी बजाज कागज, 11 केवी चमरौली द्वितीय व 11 केवी शिवपुर और 33 केवी आवास विकास की बिजली आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक बाधित रही।

## शासन-प्रशासन की ईमानदार छवि को धूमिल करने के लिए मनरेगा एवं विकास खण्ड के अधिकारी करा रहे वर्षा में भ्रष्टाचार

**मोबाइल मानीटरिंग में सेंधमारी, 539 मजदूरों की डिमांण्ड लगाकर मौदहा क्षेत्र पंचायत मनरेगा के बरसाती खेल में नंबर वन**

जन एक्सप्रेस । रवींद्र कुमार भारतवंशी






**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर मे लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से बाढ़ की संभावना बन गई परंतु मनरेगा के अधिकारी आपदा को अवशर पर सरकारी धन राशि लूटने की योजना के साथ 17156 मजदूरो की फर्जी डिमाण्ड लगाकर करोडो रुपए गबन कर रहे है जहां जनपद की 330 ग्रामीण सरकारों के सापेक्ष 270 ग्रामीण सरकारे 5,69,23,608 रूपये के भुगतान की व्यवस्था कर रही है वहीं जनपद की मौदहा विकासखण्ड ने 3654 मजदूरो की डिमाण्ड लगाकर 14 दिन मे 1,21,23,972 रूपये की भुगतान की व्यवस्था कर सराहनीय सहयोग किया है। जबकि मानिटरिंग कर रही मौदहा क्षेत्र पंचायत ने भी 539 मजदूरो की डिमाण्ड लगाकर 17,88,402 रूपये को बरसाती पानी मे बहाने की व्यवस्था कर दी है। जनपद मे आज 330 के सापेक्ष 219 ग्रामीण सरकारों ने 17156 मजदूरो की डिमाण्ड दर्ज करायी है। जिनमे 3654 मजदूरों की डिमाण्ड दर्ज कराकर मौदहा विकास खण्ड जनपद मे नम्बर वन पर है ।दूसरे नम्बर पर विकास खण्ड समेरपुर है जिसने 2816 मजदूरो की डिमाण्ड दर्ज की है। जबकि 2704 मजदूरो की डिमाण्ड दर्ज कराकर विकासखण्ड मुस्करा तीसरे नम्बर पर है। इसी क्रम मे चैथे नम्बर पर राठ तो पांचवे नम्बर पर सरीला, छठे नम्बर पर कुरारा व सातवें नम्बर पर विकास खण्ड गोहाण्ड है। हालाकि इतनी बडी तादाद मे मजदूरों की डिमाण्ड लगाकर काम कराने का सारा श्रेय ग्रामीण सरकारों को देना बेमायनी होगा क्योंकि इनकी निगरानी मे लगे कार्यक्रम अधिकारी के सहयोग कि बिना बरसात मे मजदूरों की कागजी डिमाण्ड पूरी कराना आसान नहीं है। जो जांच का विषय है। और 24 घण्टे से लगातार हो रही बरसात मे भी मनरेगा मजदूरों से चकरोड बनवाने की मोबाईल मानीटिरिंग हो गयी तो सवाल बनता है। जिसके जवाब मे श्रम उपायुक्त मनरेगा द्वारा कहा गया कि वह जनपद से बाहर विभागीय मीटिंग मे व्यस्त है लौटते ही इसकी जांच करवायेगे।

गौरतलब है कि डबल इंजन की सरकार मे भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के दिन पूरी तरह लद चुके है। अच्छे दिनो को दौर जहां मनरेगा मजदूरों के लिये खुशहाली का पैगाम लेकर आया है वहीं इनको काम देकर इनके निगरानीकर्ता भी जांच के नाम पर इन अच्छे दिनों मे दिन दूनी रात चैगुनी तरक्की कर रहे है। मनरेगा मजदूरों को गांव मे भरपूर रोजगार यहां की ग्रामीण सरकारें उपलब्ध करा रही है जबकि मनरेगा मे मजदूरों की जगह लम्बे समय से काम कर जेसीबी मशीने अब लापता हो चुकी है। अच्छे दिनों में मनरेगा निधि से लगभग 55 करोड रुपए उड़ाने के बाद मौदहा विकास खंड के होनहार अधिकारियो सहित जनपदीय अधिकारी भी प्रदेश के मुखिया से सम्मान पा चुके है जिससे प्रोत्साहित होकर विकास खंड मौदहा एक बार फिर ऐसा ही सम्मान पाने के लिए कठोर परिश्रम करते हुये जनपद मे सबसे आगे है।

हालांकि मनरेगा मजदूरों के अच्छे दिन लाकर पलायन रोकने वाले यहां के होनहार अधिकारियो सहित जनप्रतिनिधियों पर भी रातो रात जेसीबी से काम कराकर बड़े घोटाले के आरोप लगते रहते हैं, जो जांच का विषय है किन्तु कहते है चोर चोर मौसेरे भाई। अतः लम्बे समय से हो रहे मनरेगा घोटाले पर जांच के बाद भी घोटाला कुछ समय रूक कर पुनः अपने शबाब पर पहुंच जाता है, जो जांच अधिकारियों पर भी कार्यवाही का विषय है।

## खंती में भरे पानी में बाइक के नीचे दबा मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**सफीपुर।** सफीपुर-मियागंज मार्ग पर सड़क किनारे खंती में भरे पानी में क्लीनिक संचालक का शव बाइक के नीचे दबा मिला। पुलिस ने जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। वह हेलमेट लगाए था। कोतवाली क्षेत्र के गांव सकहन राजपूतान निवासी सुनील कुमार (24) पुत्र सोनेलाल राठौर आसीवन थानाक्षेत्र के गांव शाहपुर सिधौंरा निवासी देवीदीन रावत के मकान में एक साल से क्लीनिक चलाता था। बुधवार सुबह बाइक से क्लीनिक पर गया। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने फोन मिलाया तो फोन नहीं उठा। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता न चला।

गुरुवार सुबह राहगीरों ने सफीपुर-मियागंज मार्ग पर आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा मियागंज से 500 मीटर दूर पानी भरी खंती में एक युवक का शव बाइक के नीचे दबा देखा। पुलिस ने जांच की। शव की शिनाख्त कराई। आसीवन थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों बेटों की मौत से उजड़ा परिवार मृतक के चचेरे भाई दिलीप ने बताया कि सुनील दो भाई थे। बड़े भाई अनिल राठौर की मौत कोटा में हुई थी। वह मिलिट्री कैंटीन में नौकरी करते थे। बड़े भाई की मौत के बाद सुनील ही घर का सहारा थे। परिजन उस गम से उबर भी न पाए थे कि अब सुनील की मौत ने उन्हें तोड़कर रख दिया। परिजन बोले, अब कौन हमारी बीमारी पूछेगा।

## जिस झील में डूबने से हुई बड़े भाई की मौत, उसी में डूब गया युवक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**सफीपुर।** झील में नहाने के दौरान युवक गहराई में जाकर डूबने से मौत हो गई। इसी झील में पांच साल पहले युवक के बड़े भाई की भी डूबकर मौत हुई थी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव उलरापुर निवासी विशाल (18) पुत्र कन्हई गुरुवार शाम गांव के बाहर कोरी झील में नहा रहा था। वहां और युवक भी नहा रहे थे। विशाल को डूबता देख युवकों ने उसे निकालने का प्रयास किया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे ढूंढ निकाला। ग्रामीणों की मदद से परिजन उसे बिठूर के एक अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता कन्हई ने बताया कि बड़ा बेटा करन इसी झील में पांच साल पहले डूब गया था। पहले बड़े बेटे फिर छोटे बेटे की डूबने से मौत होने से मां सीता, भाई रोहन, बहनों में पूजा और लक्ष्मी बेहाल हैं। एसडीएम नवीन चंद्र ने बताया कि सूचना मिली है। लेखपाल को निर्देश दिए गए हैं कि जांच कर जो भी मदद हो करें।

# मणिपुर के पांच जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट पर प्रतिबंध हटा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

मणिपुर में पिछले साल से शुरू हुई हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। तीन मई 2023 के बाद से लेकर अब तक हिंसा की अनेक वारदात हो चुकी हैं। कभी सुरक्षा बलों के हथियार लूटे जा रहे हैं तो कभी उनका रास्ता रोका जा रहा है। यहां तक कि अब ड्रोन और बम भी हमले में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। पिछले दिनों भड़की हिंसा के बाद घाटी के पांच जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को तीन दिन बाद अब सशर्त हटा दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा घाटी के पांच जिलों में सभी प्रकार की इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगाए जाने के तीन दिन बाद, उसने कई नियमों और शर्तों को पूरा करने के अधीन, ब्रॉडबैंड सेवाओं पर प्रतिबंध सशर्त रूप से हटा दिया है। आयुक्त (गृह) एन. अशोक कुमार ने बताया, राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं (आईएलएल और एफटीटीएच) के मामले में प्रतिबंध को सशर्त हटाने का फैसला लिया है, जोकि नियम और शर्तों को पूरा करने के अधीन है। कनेक्शन स्टेटिक आईपी के जरिए होगा और संबंधित सब्सक्राइबर फिलहाल स्वीकृत कनेक्शन के अलावा कोई अन्य कनेक्शन स्वीकार नहीं करेगा।

### मोबाइल इंटरनेट डेटा पर प्रतिबंध जारी रहेगा

हालांकि, सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना और अफवाहों के फैलने की चिंता के कारण मोबाइल इंटरनेट डेटा पर प्रतिबंध जारी रहेगा। मोबाइल इंटरनेट के जरिए आंदोलनकारी और प्रदर्शनकारी संगठित हो सकते हैं, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है तथा सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान हो सकता है।

### 10 सितंबर को लगाया था प्रतिबंध

मणिपुर में बिगड़े हालात के बीच सरकार ने मंगलवार (10 सितंबर) को पांच दिनों के लिए राज्य में इंटरनेट और मोबाइल डेटा पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया था। मणिपुर सरकार के फैसले के मुताबिक, राज्य में 15 सितंबर दोपहर 3 बजे तक इंटरनेट और मोबाइल डेटा बंद रहना था। इंटरनेट और मोबाइल डेटा बंद करने के संबंध में मणिपुर सरकार ने एक नोटिस जारी किया था। नोटिस में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा था, उपद्रवियों के नफरत फैलाने वाले भाषणों और सोशल मीडिया के जरिए हिंसा भड़कने से रोकने के लिए ही सरकार ने इंटरनेट पर बैन लगाने का फैसला किया है। बता दें कि इससे पहले मणिपुर सरकार ने राज्य की बेकाबू स्थिति पर आरएएफ को बुलाया था और कर्फ्यू लगाने का भी फैसला किया था।

### यह है मामला

इंफाल घाटी में रहने वाले मैतेई और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदायों के बीच बीते साल मई, 2023 में जातीय संघर्ष ने भीषण रूप ले लिया। इस हिंसा में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों बेघर हुए।

### हॉटस्पॉट की अनुमति नहीं

उन्होंने कहा, किसी भी राउटर से वाईफाई/हॉटस्पॉट की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्थानीय स्तर पर सोशल मीडिया और वीपीएन को ब्लॉक करना उपभोक्ता द्वारा लागू किया जाएगा।

## गिरफ्तार संजय रॉय का नार्को टेस्ट कराने की योजना बना रही सीबीआई, कोर्ट से मांगी अनुमति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई इस मामले में गिरफ्तार संजय रॉय का नार्को टेस्ट कराने की योजना बना रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सियालदह कोर्ट में अपील कर संजय रॉय पर नार्को टेस्ट करने की अनुमति मांगी है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, यह मुख्य रूप से यह जांचने के लिए है कि संजय रॉय सच बोल रहा है या नहीं। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि नार्को टेस्ट के दौरान सोडियम पेंटोथल ड्रग संजय रॉय के शरीर में इंजेक्ट किया जाएगा, जिससे वह हिप्नोटिक स्थिति में चला जाएगा। अधिकारी ने कहा, कई मामलों में आरोपी ने नार्को टेस्ट के दौरान सही जानकारी दी है। सीबीआई ने पहले ही संजय रॉय पर पॉलीग्राफी टेस्ट कर चुकी है।

## इंडिगो की मुंबई-फुकेट फ्लाइट को मलेशिया डायवर्ट किया गया, खराब मौसम के चलते लिया फैसला



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

शुक्रवार को खराब मौसम के कारण इंडिगो की मुंबई से फुकेट जाने वाली फ्लाइट को मलेशिया के पेनांग की ओर डायवर्ट करना पड़ा। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। इंडिगो ने एक बयान में कहा, फुकेट में खराब मौसम की स्थिति के कारण मुंबई से फुकेट जाने वाली उड़ान 6ई 1701 को मलेशिया के पेनांग की ओर मोड़ दिया गया है, जो सबसे नजदीकी हवाई अड्डा है। एयरलाइन ने यह भी कहा कि फुकेट (थाईलैंड में) के लिए उड़ान भरने की आवश्यक अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन इसमें कुछ समय लग सकता है।

बयान में कहा गया है, यात्रियों को इस डायवर्जन के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। इस बीच, उनकी सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है। विमान में सवार यात्रियों की संख्या के बारे में तुरंत जानकारी नहीं दी गई है। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट राडार 24 पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, यह उड़ान ए320 विमान से संचालित की जा रही थी। इंडिगो ने कहा कि, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक एहतियात के तौर पर इस डायवर्जन को किया गया।

## पश्चिम बंगाल: राशन घोटाले मामले में ईडी की कई जगह छापेमारी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राशन घोटाले के सिलसिले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कई स्थानों पर छापेमारी की। संघीय जांच एजेंसी की विभिन्न टीमों ने इस छापेमारी को अंजाम दिया। ईडी के अधिकारियों ने जॉयनगर, देगंगा, कल्याणी और बसंती में राशन व्यापारियों के घरों और दुकानों, एक खाद्य इंस्पेक्टर के आवास और एक सहकारी बैंक के ब्रांच में छापेमारी की। एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता में भी छापेमारी की गई। इस छापेमारी का उद्देश्य करोड़ों रुपये के घोटाले के लिंक को उजागर करना है, जिसके लिए राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को पिछले साल अक्तूबर में गिरफ्तार किया गया था। जुलाई में ईडी ने इसी मामले के सिलसिले में 10 जगहों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में शेख शाहजहां, बकीबुर रहमान, अनीसुर रहमान और बारिक बिस्वास का आवास शामिल था। इन सभी को ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी बताया जाता है।

### आरजी कर मामले में टीएमसी ने सीबीआई को घेरा

कोलकाता के सरकारी अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता डेरेक ओब्रायन ने सीबीआई को निशाने पर लिया। उन्होंने इस मामले में सीबीआई द्वारा चार्जशीट दायर करने में देरी को लेकर सवाल उठाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए टीएमसी नेता ने जल्द न्याय की मांग की। डेरेक ओब्रायन ने एक्स पर कहा, आरजी कर पीड़िता के परिवार को न्याय के लिए और कितना इंतजार करना पड़ेगा? उन्होंने आगे कहा, सुप्रीम कोर्ट इस मामले की निगरानी कर रहा है। सीबीआई के पास आरोपी और सारे सबूत हैं। फिर वे क्यों चार्जशीट दायर कर मुकदमा शुरू क्यों नहीं कर रहें? हम सभी इस मामले में जल्द न्याय की मांग कर रहे हैं। सीबीआई ट्रायल में देरी क्यों कर रही है? हमें इसका जवाब चाहिए।

### क्या है पूरा मामला?

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। आठ अगस्त को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। घटना के दूसरे दिन सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। पोस्टमॉर्टम की शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। जूनियर महिला डॉक्टर का शव गद्दे पर पड़ा हुआ था और गद्दे पर खून के धब्बे मिले। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि मृतक महिला डॉक्टर के मुंह और दोनों आंखों पर था। गुप्तांगों पर खून के निशान और चेहरे पर नाखून के निशान पाए गए। होठ, गर्दन, पेट, बाएं टखने और दाहिने हाथ की उंगली पर चोट के निशान थे।



## दोहरी कामयाबी: लगातार दूसरे दिन वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल का सफल परीक्षण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ओडिशा में लगातार दूसरे दिन वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएल-एसआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने ओडिशा के चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल का लगातार दूसरी बार सफल परीक्षण किया। वर्टिकल लॉन्चर से दागी गई मिसाइल की मदद से तेज गति वाले हवाई लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा गया। डीआरडीओ के मुताबिक, परीक्षण के दौरान हथियार प्रणाली वीएल-एसआरएसएएम ने सफलतापूर्वक लक्ष्य को ट्रैक किया और सटीक निशाना साधा।

### क्या बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह?

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीएल-एसआरएसएएम के लगातार सफल उड़ान परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और संबंधित टीमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों से लैस यह मिसाइल सशस्त्र बलों को और अधिक तकनीकी बढ़ावा देगी। इसके अलावा, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने वीएलएसआरएसएएम प्रणाली की लगातार दूसरे दिन सफलता मिलने पर उड़ान परीक्षणों में शामिल सभी टीमों को बधाई दी।

## ओबीसी सूची विवाद पर 30 सितंबर से पहले ही सुनवाई कर सकता है सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



ओबीसी सूची विवाद पर सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर से पहले ही सुनवाई कर सकता है। मुख्य न्यायाधीश आज इसे लेकर आदेश जारी कर सकते हैं। दरअसल बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है कि उनकी याचिका पर जल्द सुनवाई की जाए क्योंकि उच्च न्यायालय के फैसले के चलते आरक्षण के तहत प्रवेश प्रक्रिया बाधित हो गई है। इस पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वह इसे लेकर दोपहर में आदेश जारी करेंगे। सीजेआई ने बंगाल सरकार के वकील को इस संबंध में ईमेल करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने बीती अगस्त में दिए अपने फैसले में बंगाल में ओबीसी सूची में 77 नई जातियों को शामिल करने के राज्य सरकार के फैसले पर रोक लगा दी थी। बंगाल सरकार ने उच्च न्यायालय के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख तय की थी, लेकिन बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आरक्षण से बाहर होने की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की नौकरी और शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार दोपहर को इस संबंध में आदेश जारी करने की बात कही है।

## आंदोलनकारी डॉक्टरों का राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी को पत्र, कहा, चिकित्सकों को दिलाएं न्याय




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। डॉक्टरों ने पत्र में आरजी कर मामले में मृत चिकित्सक और अन्य चिकित्सकों को न्याय दिलाने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। डॉक्टरों ने पत्र में लिखा है कि हम देश के प्रमुख के तौर पर आपके समक्ष मुद्दा रखते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे जो सहयोगी अपराध का शिकार हुए हैं, उनको न्याय मिले। आपके हस्तक्षेप के बाद ही पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर भय और आशंका के बिना जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम हो सकते हैं। उन्होंने लिखा कि कठिन समय में आपका हस्तक्षेप हमारे लिए प्रकाश की किरण के रूप में काम करेगा। जो हमें अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट द्वारा लिखे गए चार पन्नों के पत्र की प्रतियां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भी भेजी गईं। डॉक्टर अनिकेत महतो ने बताया कि पत्र को महीने की शुरुआत में तैयार किया गया था और गुरुवार रात को भेजा गया। गौरतलब है, अस्पताल के सेमिनार कक्ष में नौ अगस्त को प्रशिक्षु डॉक्टर का शव मिलने के बाद से घटना के विरोध में देशव्यापी प्रदर्शन हो रहे हैं। पुलिस ने इस सिलसिले में कोलकाता पुलिस के नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को गिरफ्तार किया था। टीएमसी सरकार और पश्चिम बंगाल पुलिस कठघरे में है। सुप्रीम कोर्ट से लगातार फटकार लग रही है। तनाव बढ़ता देख कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इससे पहले कोलकाता पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से काम पर वापस जाने को कहा

वहीं, घटना के बाद देशभर के डॉक्टर सड़कों पर उतर आए थे। इससे मरीजों को दिक्कत होने लगी। इस पर नौ सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सभी डॉक्टरों से 10 सितंबर को शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का आग्रह किया था। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी थी कि अगर काम से लगातार गायब रहे, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। हालांकि, फिर भी डॉक्टर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों लगातार घटना के खिलाफ अपना विरोध जता रहे हैं। वह न्याय की मांग कर रहे हैं।

## केजरीवाल की रिहाई होते ही पलटी भाजपा, सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, हमने नहीं की राष्ट्रपति शासन की मांग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई में देरी के आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री को जमानत दी गई है। लेकिन इसे रिहाई नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी सुनवाई में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही बताया है। उसके पहले भी अदालत की कार्रवाई में शराब घोटाले को सही पाया गया है, इसीलिए इस मामले पर आम आदमी पार्टी का रुख बिल्कुल सही नहीं है। बांसुरी स्वराज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इस मामले में केवल सुनवाई में देरी होने के आधार पर जमानत मिली है। वे न तो ऑफिस जा सकेंगे, ही किसी आधिकारिक दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर सकेंगे और न ही इस मामले पर कोई टिप्पणी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी आम आदमी पार्टी जश्न मना रही है तो यह आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पूरे शराब घोटाले के सूत्रधार हैं और उन्हें जल्द ही दुबारा जेल जाना पड़ेगा।

## रेस्तरां के मालिक के सीतारमण से मांफी मांगने वाले वीडियो पर भड़के राहुल, सरकार को कहा अहंकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक वीडियो को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की। दरअसल, वीडियो में एक रेस्तरां के मालिक को जीएसटी पर चिंता व्यक्त करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से माफी मांगते हुए देखा गया। कांग्रेस के नेताओं ने दो वीडियो साझा किया। एक वीडियो में 11 सितंबर को एक कार्यक्रम के दौरान अन्नापूर्णा रेस्तरां के मालिक श्रीनिवासन को जीएसटी की दरों पर चिंता व्यक्त करते हुए देखा गया। वहीं दूसरे वीडियो में श्रीनिवासन को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से माफी मांगते हुए देखा गया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दोनों वीडियो पर प्रतिक्रिया दी।

### राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा

राहुल गांधी ने कहा, अगर यह अहंकारी सरकार लोगों की बात सुनेगी तो उन्हें समझ आएगा कि सरल जीएसटी दरें लाखों व्यवसायों की समस्याओं को हल करेगी। उन्होंने आगे कहा, जब एक छोटे से रेस्तरां अन्नापूर्णा के मालिक ने सरकार से सरल जीएसटी की मांग की तो उनके उनुरोध को अहंकार करार दिया गया।÷ कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा, जब उनके अरबपति दोस्त कानून को बदलना चाहते हैं या राष्ट्रीय संपत्ति अर्जित करना चाहते हैं तो पीएम मोदी उनके लिए रेड कार्पेट बिछाते हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा, 'हमारे छोटे बिजनेस के मालिक पहले ही नोटबंदी, बैंकिंग प्रणाली, जबरन टैक्स वसूली और जीएसटी की मार झेल चुके हैं। अब जो उनके लिए आखिरी चीज बची है, वह है अधिक अपमान। सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार को जब ठेस पहुंचती है तो वे अपमान ही करते हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई वर्षों से राहत की मांग कर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि अगर यह अहंकारी सरकार लोगों की बात सुनकर यह समझ पाती की सरल जीएसटी से लाखों बिजनेस की समस्याओं का हल निकाला जा सकता है।'

## सेबी प्रमुख के खिलाफ लोकपाल में शिकायत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच के खिलाफ शुक्रवार को लोकपाल में एक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने खुद फायदा पाने के एवज में दूसरों को गलत तरह से लाभ पहुंचाया जिससे राष्ट्रीय हितों को गंभीर खतरा पहुंचा। महुआ ने 'एक्स' पर लिखा, माधबी पुरी बुच के खिलाफ लोकपाल में मेरी शिकायत इलेक्ट्रॉनिक तरीके से और भौतिक रूप में दाखिल की गई है। लोकपाल को 30 दिन के अंदर इसे प्रारंभिक जांच के लिए सीबीआई या ईडी को भेजना चाहिए और फिर पूरी तरह प्राथमिकी दर्ज कर जांच होनी चाहिए। इसमें शामिल हर एक व्यक्ति को तलब करने और हर कड़ी की जांच की जरूरत है। उन्होंने तीन पन्ने के पत्र में कहा कि यह मुद्दा राष्ट्रीय हित और करोड़ों निवेशकों के हितों से जुड़ा है, इसलिए मामले की जांच होनी चाहिए। अगस्त में अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने आरोप लगाया था कि उसे संदेह है कि अदाणी समूह के खिलाफ कार्रवाई करने में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अनिच्छा का कारण यह हो सकता है।

## भाजपा ने राहुल के आरक्षण संबंधी बयान के खिलाफ किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



राहुल गांधी के अमेरिका में आरक्षण को लेकर दिए बयान पर महाराष्ट्र भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि लोगों को राहुल गांधी की आरक्षण विरोध मानसिकता के बारे में बताने के लिए प्रदर्शन करना जरूरी है। वहीं कांग्रेस नेता बालासाहब थोराट ने भाजपा पर फर्जी खबरें फैलाने और नौटंकी करने का आरोप लगाया।

### राहुल गांधी के बयान पर हुआ था विवाद

राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं। हाल ही में अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा था कि भारत जब एक निष्पक्ष जगह होगी तो कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में विचार करेगी। हालांकि राहुल गांधी ने ये भी कहा कि भारत फिलहाल अभी निष्पक्ष जगह नहीं बना हैं। वाशिंगटन में नेशनल प्रेस क्लब में मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने ये भी आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों से भारत में लोकतंत्र कमजोर था, लेकिन अब यह वापस मजबूती से लड़ रहा है। भाजपा ने राहुल गांधी की इसी कथित आरक्षण विरोधी टिप्पणी के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की। छत्रपति संभाजीनगर में महाराष्ट्र के आवास मंत्री अतुल सावे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाए। मुंबई में विरोध प्रदर्शन के दौरान, भाजपा की दहिसर सीट से विधायक मनीषा चौधरी ने दावा किया कि कांग्रेस दिवंगत प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक आरक्षण का विरोध करती रही है। उन्होंने कहा कि गांधी का आरक्षण विरोधी रुख उजागर हो गया है।

### कांग्रेस ने भाजपा के प्रदर्शन को बताया नौटंकी

वहीं कांग्रेस ने भाजपा के विरोध प्रदर्शन की आलोचना की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहब थोराट ने भाजपा पर फर्जी खबरें फैलाने और नौटंकी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गांधी ने अपनी टिप्पणी में कभी नहीं कहा कि आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। थोराट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, भाजपा नेता किस लिए विरोध कर रहे हैं? उन्हें जानकारी को सत्यापित करने की भी आवश्यकता महसूस नहीं होती। लेकिन लोग उनके झूठे बयानों से प्रभावित नहीं होंगे। लोग जानते हैं कि यह भाजपा ही है जो संविधान विरोधी और आरक्षण विरोधी है।

### भाजपा नेता के बयान पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे पर सिख समुदाय को लेकर भी टिप्पणी की थी, जिस पर भी विवाद हुआ था। राहुल गांधी ने कहा था कि भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने का इजाजत मिलेगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा पाएंगे? यह चिंता सिर्फ सिखों की नहीं बल्कि सभी धर्मों की है। राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ भाजपा नेताओं ने बुधवार को सोनिया गांधी के दिल्ली स्थित आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह ने कथित तौर पर राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी। भाजपा नेता की इस धमकी के विरोध में शुक्रवार को नागपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)